डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
सोमवार
17.10.2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
अज्ञानी व्यक्ति अपने अज्ञान को नहीं जानता, बल्कि वो इसका आनंद लेता है। उसमें अज्ञान को पहचानने की क्षमता ही नहीं होती।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-04 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

### झारखंड में धर्मांतरण का मामला आया सामने, जांच जारी

# बिरसा की धरती पर दक्षिण कोरिया की नजर, सरना धर्म खतरे में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में दिनोंदिन धर्मान्तरण की आग सुलगती ही जा रही है। पहले दूसरे राज्यों से ये खबरें आती थी, लेकिन अब झारखंड में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। जब राज्य की राजधानी में धर्मांतरण की घटना हो रही हैं तो बाकी जिलों में क्या होगा। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। झारखंड की राजधानी रांची के सुखदेवनगर इलाके के मधुकम में शनिवार को धर्मांतरण का एक मामला सामने आया है। जिसे लेकर स्थानीय लोग और हिंदू संगठन के लोग आक्रोशित हो गये और हंगामा शुरू कर दिया। इस मामले में पांच महिलाओं को पकड़ा गया है। जिन्हें लेकर लोग सुखदेवनगर थाना पहुंचे थे। इस मामले में पुलिस के द्वारा पांच महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। राजधानी रांची में धर्मांतरण का खेल चरम पर चल रहा है। गरीब और दबे कुचले लोगों को प्रलोभन देकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने हिंदू संगठनों की मदद से पांच महिलाओं को पकड़ा, जो लोगों के बीच ईसाई धर्म का प्रचार कर रही थीं। पकड़ी गयी महिलाओं में कई लड़कियां भी शामिल हैं। जो दूसरों के घरों में झाड़ू -पोछा का काम करती हैं। इस मामले में थाने में आवेदन भी दिया गया है। ऐसी घटना के बारे में जब स्थानीय लोगों को संदेह हुआ कि कुछ महिलाएं घूम-घूम कर धर्मांतरण करवा रही हैं। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सभी महिलाओं को पूछताछ के लिए थाना ले आई, जहां सभी से पूछताछ की। इस मामले में पुलिस का कहना है कि धर्मांतरण जैसी अभी कोई बात नहीं है। लोगों को संदेह हुआ था कि धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसे लेकर लोगों ने थाने को सूचना दी थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं

**ईसाई धर्म का प्रचार बड़े पैमाने पर प्रलोभन देकर जारी, खतरे की घंटी**

### क्या कहना है शिकायतकर्ता का



नारी सेना की अध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता पूनम सिंह के अनुसार ऐसे तत्व झारखंड को कमजोर करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गरीब दबे कुचले लोगों को झांसे में लेकर लालच देकर ये महिलाएं उन्हें धर्म परिवर्तन करने को कहती थीं। खासकर शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य माध्यमों का लालच इनके द्वारा दिया जाता है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने बताया कि यहां के सरना धर्म और हिन्दू धर्म के भोले भाले लोगों को साजिश के तहत धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने की जरुरत है। दक्षिण कोरिया में बैठकर झारखंड में ऐसी साजिश रचने के लिए ये लोग जिम्मेवार हैं। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन के द्वारा जल्द कार्रवाई की जाये। गौरतलब है कि धर्मान्तरण का खेल झारखंड के लिये नया नहीं है। आये दिन इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं।

### क्या कहना है आरोपित महिलाओं का

आरोपित महिलाओं का कहना है कि वे किसी को जबरन धर्म परिवर्तन नहीं करा रही थीं, बल्कि वह ईसाई धर्म का प्रचार कर रही थीं। जो इस धर्म के प्रति अपनी आस्थाउ जताते थे, उन्हें ही ईसाई धर्मावलंबी बनाती हैं। उनका कहना है कि साउथ कोरिया में जीसस क्राइस्ट का पुनर्जन्म हुआ है और इसे लेकर ही वे लोगों को इस धर्म से जुड़ने का आग्रह कर रही थीं। उनलोगों ने बताया कि ये विश्व स्तर पर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिसमे झारखंड पीछे रह गया है। वे लोग किसी को दबाव देकर नहीं बल्कि जागरूक कर रही हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया की ये महिलाएं पिछले 6 दिनों से इलाके में घूम रही थी और लोगों को बरगला रही थीं। मामले की जानकारी मिलने के बाद इन पर नजर रखनी शुरू की गई और जैसे ही इन्होंने ईसाई धर्म अपनाने को लेकर प्रेरित करने का काम शुरू किया तो स्थानीय लोगों ने इन्हें पकड़ लिया।

# चाल धंसने से तीन युवतियों की मौत, दो की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर गांव के समीप रविवार दोपहर चाल धंसने से तीन युवतियों की मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। तीनों मृत बिलासपुर गांव की रहने वाली हैं। स्थानिय लोगों के अनुसार घर की पोताई के लिए दुधिया मिट्टी निकालने पांच युवतियों गई थी, की मिट्टी निकालने के क्रम में चाल धंस गया और पांचों उसके चपेट में आ गई। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे के बाद दो बच्चियों को किसी तरह से निकाल कर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। वहीं हादसे में तीन बच्चियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, दीपावली पर्व पर घर के रंग-रोगन करने के लिए युवतियां एवं महिलाएं दुधिया मिट्टी लाने के लिए गई थीं। जिसमें बिलासपुर गांव की छह बच्चियां भी शामिल थी। जिनकी उम्र 14 से 17 वर्ष के बीच थी। उसी में दोपहर को एक बच्ची रोते हुए गांव पहुंचकर लोगों को बताया कि मिट्टी का चाल धस गया है और सभी सहेलियां दब गई है। जिसकी सूचना प्रतापपुर थाने को दी गई और सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षण तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंच मिट्टी हटाकर बच्चियों को बाहर निकाला। जिसमें एक की मौत प्रतापपुर स्वाथ्य केंद्र में हुई, जबकी दो की सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग मौके पर जुट बच्चियों को बचाने में लग गए। सभी को तुरंत प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं दो को सदर अस्पताल रेफर किया गया।



### सेल्फी लेने के चक्कर में गयी एक की जान



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित गला नदी रेलवे पुल से गिर कर एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान डुरूआ ग्राम निवासी कयूम अंसारी के 15 वर्षीय पुत्र नासिर अंसारी के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार रविवार की अपराह्न पांच बजे नासिर अंसारी लातेहार रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर स्थित गला नदी रेलवे पुल में अपने दो दोस्तों के साथ सेल्फी ले रहा था। इसी क्रम में शेष पृष्ठ 11 पर

## गिरफ्तारी के मामले में सुप्रीम कोर्ट गये कारोबारी अमित अग्रवाल, सुनवाई आज

- सात अक्टूबर को ईडी ने अमित अग्रवाल को किया था गिरफ्तार
- 14 अक्टूबर को ईडी ने दायर की है चार्जशीट




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल की गिरफ्तारी व चार्जशीट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी है। अमित अग्रवाल की पत्नी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में ईडी के खिलाफ याचिका दायर की है। इस मामले में बंगाल पुलिस को भी वादी बनाया गया है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि उनके पति ने शेल कंपनियों व अवैध खनन के मामले में वकील राजीव कुमार के खिलाफ शिकायत की थी। 50 लाख नकदी के साथ बंगाल पुलिस ने राजीव कुमार को उनके पति की शिकायत पर गिरफ्तार किया था, लेकिन एक मामले में पीड़ित होने के बावजूद ईडी ने उनके पति को आरोपी बना दिया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस यूयू ललित के कोर्ट में याचिका पर सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रंजीता रोहातगी इस मामले में अमित अग्रवाल की वकील हैं। याचिका में अंतरिम राहत के लिए गुहार लगायी गयी है।

## पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में मौजूद रहेंगे पंचायती राज के केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल मोरेश्वर पाटिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा ने पंचायतों के रास्ते राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधियों को भाजपा के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहती है, इसलिए 18 अक्टूबर को हरमू मैदान में पंचायत प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित किया गया है, जिसमे भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री पंचायती राज कपिल मोरेश्वर पाटिल मुख्य अतिथि होंगे। जो स्वयं महाराष्ट्र में लंबे समय तक जिला परिषद अध्यक्ष रह चुके हैं। रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड में गांव की सरकार भाजपा की सरकार है, पंचायत चुनाव में आये परिणाम से यह बात पूरी तरह स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पंचायती राज व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। देश की आत्मा गांव में बसती है। झारखंड की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। दीपक प्रकाश ने कहा कि ग्राम स्वराज का सपना गांधी जी ने देखा था। उन्होंने पिरामिड व्यवस्था, ट्रस्टीशिप के माध्यम से सत्ता के विकेंद्रीकरण की बात की थी, लेकिन उनके अनुयायी बनने का दंभ भरनेवाली कांग्रेस ने कभी भी ग्राम विकास पर जोर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्षों बाद पंचायत चुनाव भाजपा की सरकार ने हो कराया था। गांव में चौपाल लगाकर योजना बनाने का काम भाजपा की सरकार ने ही किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से गांवों की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाने का श्रेय भाजपा सरकार को है। वर्तमान राज्य सरकार ने पंचायत चुनाव पिछड़ा समाज के हक और अधिकार को कुचलते हुए कराया। जिसके लिए भाजपा ने लगातार संघर्ष किया है।

**5361 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी जीते :** दीपक प्रकाश ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न पंचायत चुनाव को भाजपा ने अपने जनाधार को बढ़ाया। जिससे चौकानेंवाले परिणाम आये। जिला परिषद, पंचायत समिति, मुखिया के 10222 सीटों में 5361 पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत हासिल की। इस प्रकार 51 प्रतिशत सीटों पर भाजपा के कार्यकर्ता जीते। दीपक प्रकाश ने कहा कि यह राज्य के जनता, मतदाताओं और कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि अभिनंदन के साथ पंचायत राज व्यवस्था को बेहतर बनाने, जनप्रतिनिधियों के अधिकार बढ़ाने के साथ समावेशी विकास में उनकी भूमिका बढ़ाने शेष पृष्ठ 11 पर

# गांव-गांव तक मिलेगी सुरक्षा के साथ बैंकिंग सुविधा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 75 जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों (डीबीयू) का शुभारंभ किया। पीएम ने कहा कि इससे गांव-गांव तक बैंकिंग की सुविधा सुरक्षा के साथ मिलेगी। आम लोगों के जीवन को सरल बनाने के लिए चल रहे अभियान में डिजिटल बैंकिंग इकाइयां महत्वपूर्ण हैं। यह एक विशेष बैंकिंग सुविधा है जो न्यूनतम डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से अधिकतम सेवाएं प्रदान करेगी। ये सेवाएं कागजी कार्रवाई और अन्य बाधाओं से मुक्त होंगी। इनमें सुविधाओं के साथ-साथ मजबूत डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा भी होगी। पीएम ने कहा कि हमने एक साथ दो चीजों पर काम किया है। पहला, बैंकिंग प्रणाली में सुधार करना, उसे मजबूत करना और पारदर्शिता लाना। दूसरा, हमने वित्तीय समावेशन किया। हमने तय किया कि बैंक खुद गरीबों के घर जायेंगे। इसके लिये हमें सबसे पहले गरीबों और बैंकों के बीच की दूरी कम करनी पड़ी। हमने शारीरिक दूरी और मनोवैज्ञानिक दूरी को भी कम कर दिया है। हमने बैंकों को दूरदराज के इलाकों में ले जाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। विश्व बैंक का कहना है कि भारत डिजिटलीकरण के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अग्रणी बन गया है। तकनीक के क्षेत्र में सबसे सफल लोग और विशेषज्ञ भारत की सराहना कर रहे हैं। आईएमएफ ने भारत के डिजिटल बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना की। इसका श्रेय भारत के गरीबों, किसानों और श्रमिकों को जाता है, जिन्होंने नयी तकनीकों को बहादुरी से स्वीकार किया और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाया। जब वित्तीय भागीदारी डिजिटल भागीदारी से जुड़ती है, तो संभावनाओं की एक नयी दुनिया खुलती है।

**भारत की डिजिटल ताकत को सराह रही है दुनिया :** जन-धन, आधार और मोबाइल की शक्ति ने मिलकर एक बड़ी बीमारी का इलाज किया है। ये बीमारी है भ्रष्टाचार की बीमारी। पहले पैसे ऊपर से चलते थे, लेकिन गरीब तक पहुंचते-पहुंचते गायब हो जाती थी। आज पैसा जिसके नाम से निकलता है उसी के खाते में पहुंचता है। अब तक 25 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि लाभार्थियों के खाते में पहुंचायी जा चुकी है। भारत के इस डिजिटल ताकत को दुनिया सराह रही है।

**डिजिटल करेंसी से बच रहा देश का पैसा :** पीएम ने कहा कि डिजिटल इकोनॉमी से देश के पैसे बच रहे हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

### बैंक खुद चलकर गरीब के घर तक जायेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले यह सोच थी कि गरीब खुद चलकर बैंक जायेंगे। हमने यह तय किया कि बैंक खुद चलकर गरीब के घर तक जायेंगे। हमने दूर-दराज के इलाकों में बैंक पहुंचाने पर फोकस किया। आज देश में हर एक लाख वयस्क आबादी पर जितनी बैंक शाखाएं मौजूद हैं वे जर्मनी और चीन जैसे देशों से भी ज्यादा हैं। हम सामान्य मानव के जीवन स्तर को बदलने का संकल्प लेकर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। हमारा संकल्प आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना है। हमने जनधन बैंक अकाउंट की शुरुआत की तो आवाज उठी कि गरीब बैंक अकाउंट का क्या करेगा? बैंक खाते की ताकत क्या होती है आज पूरा देश देख रहा है। आज सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे बैंक खातों तक पहुंचाया जा रहा है। कोरोना महामारी के दौरान गरीबों तक सीधे मदद पहुंचायी गयी।

### दो कैदी बाथरूम का ग्रिल तोड़ कर फरार

**रांची।** रिम्स के कैदी वार्ड से दो कैदी बाथरूम का ग्रिल तोड़ कर फरार हो गये। झारखंड के गुमला जेल से उग्रवादी अमित उरांव और हजारीबाग से मशरुर आलम खान को इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल लाया गया था।

### 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों की शुरुआत

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये देश में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों की शुरुआत की गयी, जिसमें रांची के बेड़ो का जाना बैंक भी शामिल था। केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने जहां से ऑनलाइन जुड़कर प्रधानमंत्री के उद्घाटन संबोधन को सुना। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बैंकिंग कार्यों की भी जानकारी ली।

## एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में करवाने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बना

**पूरी हो गयी पीएम मोदी की इच्छा**

**भोपाल (एजेंसी)।** एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में करवाने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भोपाल के लाल परेड ग्राउंड से मेडिकल पढ़ाई के हिंदी में पाठ्यक्रम की किताबों का रिमोट दबाकर विमोचन किया। मध्य प्रदेश में एबीबीएस की प्रथम वर्ष की एनाटॉमी, मेडिकल फिजियोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री की पुस्तकों को हिंदी में अनुवाद किया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- ये क्षण देश में शिक्षा क्षेत्र के पुनर्निर्माण का क्षण है। सबसे पहले मेडिकल की शिक्षा हिंदी में शुरू करके शिवराज सिंह ने मोदी जी की इच्छा पूरी की है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मेडिकल, इंजीनियरिंग में जो मातृभाषा के समर्थक हैं, उनके लिये आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। अब हमें अपनी भाषा में शिक्षा मिलेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज यह नयी शुरुआत हो रही है। इसके लिये हिंदी प्रकोष्ठ का गठन हुआ। बहुत मेहनत के बाद सर्वे करके पुस्तकों को रिलीज किया गया। उन्होंने कहा कि सोचने की प्रक्रिया अपने मातृभाषा में ही होती है, इसलिए नेशनल मंडेला ने कहा था- यदि आप शेष पृष्ठ 11 पर

# परिवार के साथ बैठ कर खाना खाने से तनाव होता है कम

**- आरपी सिंह**

- **84 प्रतिशत लोगों की चाहत होती है प्रियजन के साथ भोजन करने की**
- **तनाव कम करने के लिए वीडियो कॉल के जरिये भी साथ बैठ भोजन कर सकते हैं**

**नयी दिल्ली।** परिवार में एक साथ बैठकर भोजन करने से भी परिवार के सदस्यों में तनाव कम होता है। कई विकसित देशों में इसे पारिवारिक तनाव को कम करने का गुप्त सूत्र या नुस्खा के तौर पर प्रचारित किया जाने लगा है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार 91 प्रतिशत माता-पिता मानते हैं कि परिवार के साथ बैठकर खाना खाने से तनाव कम होता है। वेकफील्ड रिसर्च ने एक हजार अमेरिकी वयस्कों पर हेल्दी फॉर गुड मूवमेंट के तहत एक सर्वे किया। इसके परिणाम में आया कि 84 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि वे अपने प्रियजन के साथ जितना संभव हो भोजन करें। क्योंकि औसत वयस्क लगभग आधा समय अकेले ही खाना खाते हैं। हर तीन में से दो लोगों ने कहा कि वे कुछ हद तक तनावग्रस्त हैं और 27 प्रतिशत अत्यधिक तनाव ग्रस्त हैं और लगातार तनाव से दिल की बीमारी और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। जॉन्स हॉपकिन्स में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में सहायक निदेशक, अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के प्रोफेसर एमएचएस एरिन मिचोस का कहना है कि दूसरों के साथ खाना खाने से तनाव कम होता है। आत्मसम्मान को बढ़ावा मिलता है। लगभग 54 प्रतिशत लोगों का मानना है कि साथ खाना खाने से उन्हें काम के दौरान ब्रेक लेने की याद आती है। हर 10 में से करीब छह लोगों का मानना है कि जब वे दूसरे लोगों के साथ खाते हैं, तो ऐसा भोजन करते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहतर हो। यदि आप व्यक्तिगत रूप से एक साथ नहीं मिल सकते हैं, तो तनाव कम करने के लिए वीडियो कॉल के जरिये भी भोजन कर सकते हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

## देश के विकास में बैंकों की भूमिका अहम डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर बल : अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी के 75 साल पूरे होने पर 75 जिलो में 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। ये डिजिटल बैंकिंग यूनिट पूरी तरह से पेपरलेस हैं। झारखंड का पहला डिजिटल बैंकिंग यूनिट बैंक ऑफ इंडिया, जमशेदपुर अंचल के द्वारा टीके कॉपोरेट टावर्स के निचले तल्ले, बिष्टुपुर में खोला गया। इस बैंक की शुरुआत के मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद जमशेदपुर विद्युत वरण महतो, बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक पीआर राजगोपाल, बैंक ऑफ इंडिया एनबीजी झारखंड के महाप्रबंधक बिक्रम केसरी मिश्र, उप-महाप्रबंधक रणवीर सिंह , बैंक ऑफ इंडिया जमशेदपुर अंचल के आंचलिक प्रबंधक अनुज कुमार अग्रवाल एवं डिजिटल बैंकिंग यूनिट के शाखा प्रबंधक साकेत कुमार उपस्थित थे। इस दौरान जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने देश के विकास में बैंकों की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने शेष पृष्ठ 11 पर

# न्यूज गैलरी

## पलामू पुलिस ने शुरू की अमन साव के गुर्गों की तलाश

**मेदिनीनगर।** कोयलांचल का कुख्यात डॉन अमन साव के गुर्गों की तलाश पलामू पुलिस ने शुरू कर दी है। अमन साव और उसके गुर्गों के खिलाफ मेदिनीनगर टाउन थाना में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। इससे पहले गिरिडीह के जेलर पर भी अमन साव ने धमकी देने के बाद हमला किया था। वहीं अब अमन की धमकी के बाद पलामू सेंट्रल जेल और सुपरिटेंडेंट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अमन साहू के गुर्गों ने व्हाट्सएप वीपीएन कॉल के माध्यम से सुपरिटेंडेंट को धमकी दी थी। करीब आधा दर्जन बार धमकी के लिए कॉल का इस्तेमाल किया गया है। अमन साव जेल के अंदर मोबाइल और अन्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जेल प्रबंधन पर दबाव बना रहा है। हाल ही में अमन साव के परिजनों ने पलामू के अधिकारियों से मुलाकात कर सेंट्रल जेल के अंदर अमन से मुलाकात करने की मांग की थी। पूरे मामले में सुपरिटेंडेंट ने पलामू पुलिस को एक पत्र भी लिखा है।

## ग्रामीण विकास विभाग इग्नू के छात्र हुए सम्मानित

**मेदिनीनगर।** शहर के दो नंबर टाउन स्थित एनआईएफएस के कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी, एडवोकेट संजय पांडेय सहित कई प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इग्नू ग्रामीण विकास विभाग के डॉ. अरुण ने की। मौके पर इग्नू द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के पलामू प्रमंडल के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया । वही कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़कर मुख्य वन संरक्षक एके मिश्र ने कहा कि चक्रीय विकास के साथ जुड़कर हमलोग काम कर रहे हैं। आपको सम्मान देकर हम आपको आगे बढ़ने की शुभकामनाएं देते हैं। धनंजय त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा इंसान के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि पानी । पानी के बिना इंसान मर सकता है । वैसे ही शिक्षा के बिना इंसान जानवर के समान है। मौके पर इग्नू के ग्रामीण विकास विभाग, चक्रीय विकास, पत्रकारिता और जनसंचार के छात्र – छात्रा मौजूद थे।

## धूमधाम से महापर्व छठ पूजा मनाने का लिया निर्णय

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के जपला धरहरा महापर्व छठ पूजा मनाने को लेकर चारधाम मंदिर समिति की एक बैठक हुई। यह बैठक नहर मोड़ स्थित उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी माई मंदिर परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष शशि कुमार ने की। संचालन समिति के संरक्षक सहपूर्व नपं उपाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में महापर्व छठ पूजा के अलावे श्री लक्ष्मी पूजा, काली पूजा, गोवर्धन पूजा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि जमुहारी मई छठ घाट समेत शहरी क्षेत्र के सभी छठ घाट की सफाई नगर पंचायत द्वारा शीघ्र ही शुरू की जाएगी। स्वयंसेवी व सामाजिक संगठन को पूजा में हर संभव मदद करने की बात कही है। समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि छठ पूजा को लेकर जमुहारी माई छठ घाट पर 7वां वर्ष का छठ पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। लक्ष्मी पूजा, काली पूजा व गोवर्धन पूजा भी मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। छठ पर्व के पूर्व व्रतधारियों के बीच गेंहू व आम की सूखी लकड़ी का वितरण व परिसर में मेला का आयोजन कमिटी द्वारा किये जाने की बात कही है। बैठक में मुख्य रूप से पवन चंद्रवंशी, राजकुमार चन्द्रवंशी, विजय साव, सुरेंद्र साव, मुन्ना कुमार देव, शिवनरायन राम, उदय कुमार, रत्नेश कुमार, मनीष विराट विश्वकर्मा, सतेंद्र कुमार, लाला गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

## मसीही समुदाय में शामिल लोग लौटेंगे वापस

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के दुलसुलमा गांव में हिंदू धर्म छोड़कर मसीही समुदाय अपना चुके कई लोग अपने धर्म में लौटने के लिए तैयार है। दुलसुलमा पंचायत के मुखिया ब्रह्मदेव सिंह और बजरंग दल संयोजक हर्ष उर्फ गुड्डू सिंह के समझाने के बाद इस समुदाय के लोगों ने एक आवेदन सौंपा है। वहीं ग्रामीणों ने तीन साल पहले दूसरे धर्म अपना चुके करीब एक दर्जन लोगो का सामाजिक बहिष्कार किया था। ईसाई धर्म अपना चुके दर्जनों लोगों ने अपना भूल स्वीकार करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले बहकावे तथा प्रलोभन में आकर अपना धर्म छोड़ चुके थे। इधर रविवार को देवी मंदिर परिसर के समीप चबूतरा पर आयोजित एक बैठक हुई। तीन साल पहले ईसाई धर्म अपना चुके लोग धार्मिक रीति रिवाज से घर वापसी होने पर हिंदू धर्म में शामिल होने का स्वागत किया जायेगा।

## पलामू की दो महिला रिपोर्टर आजीविका मेले में कर रही हैं रिपोर्टिंग

**मेदिनीनगर।** पलामू की दो कम्युनिटी रिपोर्टर हरियाणा के गुरुग्राम में चल रहे आजीविका सरस मेले में रिपोर्टिंग का काम कर रही हैं। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की संवाददता सखियों को सरस मेले की रिपोर्टिंग के लिए गुरुग्राम भेजा गया है। इनके द्वारा लिखी महिलाओं की कलात्मक कहानियां चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग यह देखकर आश्चर्यचकित हैं कि आज ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं इस तरह के काम कर अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं। दोनों पत्रकार दीदी बताती हैं कि जब हमने सामुदायिक पत्रकार बनकर गांव की महिलाओं की कहानी लिखी तो बहुत खुश हुई । दूसरी महिलाओं में भी उनकी कहानी पढ़कर हिम्मत आती है। अब तो पत्रकार दीदी से गांव में एक नई पहचान मिल चुकी है। गांव की महिलाओं को एनआरएलएम जेएसएलपीएस के तहत समय–समय पर ट्रेनिंग देकर इन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। महिलाओं का यह संगठन आज एक नई कहानी लिख रही है। सुदूर गांव में रहने वाले महिलाओं की कहानियां अब भीड़ में खोती नहीं है। क्योंकि अब सखी मंडल से जुड़ी महिलाएं खुद पत्रकार दीदी बनकर अपने राज्य के अखबारों में खबरें लिख रही हैं, उनके बनाए वीडियो सोशल मीडिया में सुर्खियां बटोरते हैं।

## हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय में सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम 20 को

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय (हैदरनगर अस्पताल के समीप) परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पलामू के उपायुक्त के निर्देश पर 20 अक्तूबर दिन गुरुवार को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह होंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक विभिन्न योजनाओं के तहत धोती, साड़ी, कंबल का वितरण लाभुको के बीच करेंगे। साथ ही सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामीणों को देंगे। इस आशय की जानकारी हैदरनगर के विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पश्चिमी पंचायत में नवनिर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन भी विधायक कमलेश कुमार सिंह के करकमलों द्वारा संपन्न होगा। कार्यक्रम में प्रखंड ,अंचल समेत सभी विभाग के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ २३ नवंबर से

# ग्रामीण खिलाड़ियों को दमखम दिखाने का मिलेगा मौका : कर्नल संजय

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** कर्नल कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 के सफल आयोजन के लिए एक आवश्यक बैठक हुसैनाबाद स्थित कर्नल संजय कुमार सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में टूर्नामेंट को पुनः 23 नवंबर से शुभारंभ करने का निर्णय लिया गया। टूर्नामेंट के आयोजन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा किया गया और पिछले वर्ष के मैच और टीमों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष मानिक चंद्र सिंह ने किया। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत इच्छुक टीम इस टूर्नामेंट में भाग ले सकती है। इस बार पिपरा प्रखंड के भी कुछ टीमें भाग लेगी। अपने वक्तव्य में क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सभी पंचायतों से जूनियर बच्चों को इस खेल में आगे लाना है। तथा उनमें से कुछ प्रतिभावान खिलाड़ियों को चुनकर बड़े शहरों के फुटबॉल एकैडमी में भेज कर एक कुशल खिलाड़ी तैयार करना है, जो आगे चलकर हमारे क्षेत्र का नाम रोशन करें। सभी टीमों को इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए अपने टीम का नाम सभी खिलाड़ियों का नाम उम्र आधार नंबर तथा मोबाइल नंबर के साथ 1 नवंबर तक कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला कार्यालय में जमा कर देना होगा। उसके बाद किसी भी टीम का इंट्री नहीं लिया जायेगा। आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष डब्लू सिंह, महासचिव मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, सचिव लाल धन ठाकुर, निर्णायक समिति निहाल मिर्जा,सगीर, वसीम अकरम, जयकुश सिंह, सुदेश सिंह, मेजर , दुर्गा चौधरी, धीरेंद्र बैठा, सुभाष कुमार के आलावा सभी टीमों के कैप्टन उपस्थित थे। क्लब की अगली बैठक 06 नवंबर 2022 को होगी।

# टेट सफल सहायक अध्यापक को वेतनमान देना होगा : मिथलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संघ के जिला अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने टेट पास पारा शिक्षकों के वेतनमान को लेकर प्रदेश कमिटी द्वारा आहूत 18 अक्टूबर को राज्य व्यापी आंदोलन में जिले के तमाम टेट पास पारा शिक्षक सम्मिलित होंगे। सरकार ने जो वेतनमान देने का वादा किया है उसे देना होगा। वेतनमान को लेकर अधिकारियों के साथ जनवरी में बैठक बुलाने की बात कही थी। 10 महीने बीतने के बाद फिर भी अधिकारियों के साथ बैठक नहीं हुई। बिहार मांडल पर वेतनमान देने पर सहमति बनी थी । लेकिन आरक्षण रोस्टर का बहाना बना कर वेतनमान नहीं देने की साज़िश रची गई है। जिसका हमलोग पुरजोर विरोध करते हैं। हमारे बीच के साथियों को 2013 में टेट पास पारा शिक्षक साथियों को 2015 में सीधी नियुक्ति की गई। हमलोग इंतजार करते रहे। 7-8वर्षो के बाद सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली थोपी जा रही है। उसमें न तो वरीयता का लाभ दिया जा रहा है और न ही अनुभव अंक का लाभ। 2013 एवं 2016 की टेट परीक्षा उत्तीर्ण किए हुए हैं। अब कितनी बार परीक्षा देनी होगी। कितनी बार योग्यता सिद्ध करनी होगी । अल्पसंख्यक विद्यालयों में बिना टेट पास वाले को 9300-34800 के पे स्केल पर नियुक्ति किया गया है। महाधिवक्ता की राय को नजर अंदाज किया गया। यह कतई स्वीकार नहीं है। आने वाले दिनों में वेतनमान के लिए संघर्ष और तेज किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से देवेश कुमार पाण्डेय, मुरारी प्रसाद,स्वरूप कुमार, महेश यादव, सुनील कुमार,,नीरज कुमार दुबे, आलोक कुमार पाण्डेय, हरेंद्र कुमार, मनोरंजन कुमार मेहता, संतोष कुमार प्रजापति,सईद आलम, सुशील कुमार सिंह, संदीप चौधरी, सुशील विश्वकर्मा, अब्दुल अली हसन, अरुण कुमार तिवारी,विजय ठाकुर, कौशल वर्मा, राजीव कुमार द्विवेदी, योगेन्द्र प्रसाद यादव, इत्यादि सैकड़ों टेट पास पारा शिक्षक साथीगण उपस्थित थे।

# रेहला मंदिर से नकद सहित साउंड सिस्टम की चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पलामू जिले के विश्रामपुर पुलिस ने अनुमंडल के रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरहा कला गांव स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार की रात में चोरों ने दान पेटी तोड़कर उसमें जमा एक लाख रुपये से अधिक राशि सहित साउंड सिस्टम को चोरी कर ली है। मंदिर का साउंड सिस्टम करीब 35 हजार रुपये का था। मंदिर कमेटी ने इस घटना की सूचना रेहला थाने को दी । पुलिस ने कमेटी के लोगों से इस घटना का जल्द ही उद्भेदन करने का दावा किया है। थाना प्रभारी मंदिर परिसर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्रारंभिक अनुसंधान में यह बात सामने आई है कि चोरों ने मंदिर के सभी दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश करते हुए मंदिर की दान पेटी तोड़कर श्रद्धालुओं के द्वारा दान की गई राशि को चुरा कर ले गए हैं। मंदिर में प्रतिदिन दैनिक उपयोग में लाए जाने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्र को भी नहीं छोड़ा । मंदिर के दान पेटी सहित अन्य कई सामानों को मंदिर से कुछ दूरी पर क्षतिग्रस्त कर झाड़ियों में फेंक दिया है। इस घटना को लेकर वहां के लोग काफी आहत और आक्रोशित हैं। मंदिर में चोरी की यह घटना पहली बार नहीं हुई है। एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है। चोरों ने इसके पहले रेहला बस्ती स्थित देवी मंदिर का ताला तोड़कर कई सामानों की चोरी कर ली थी।

# पुर्नस्थापना के नाम पर दलित व पिछड़ों को टारगेट करना दुर्भाग्यपूर्ण : शशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय हरिहर बाबू के प्रतिमा को स्थानांतरित करने के लिए राजनीतिक सरगर्मी को नगर पंचायत अध्यक्ष ने राजनीतिक दुर्भावना से ग्रसित हो कर दलित,अकलियत पिछड़ा वर्ग के लोगों पर व्यक्तिगत टारगेट करार दिया हैं। उन्होंने एक प्रेस ब्यान जारी करते हुए कहा कि हमलोग सम्मानित नेता की मूर्ति स्थापना के लिए काफी सवेदनशील हैं। इसके लिए हमने नगर पंचायत से टेंडर भी निकले थे । जिसमें हुसैनाबाद के एक चौक पर स्थापित मूर्ति को निर्विवाद के रूप से स्थानांतरित की गई हैं । वर्तमान में स्वर्गीय हरिहर बाबू के मूर्ति भी हुसैनाबाद के बुद्धिजीवी वर्गों और सर्वसम्मति के निर्णय के अनुसार स्थापित की जायेगी।। लेकिन वर्तमान में उनके नाम पर राजनीति हो रही हैं , यह गन्दा राजनीति का परिचायक हैं। जिनका राजनीतिक बुनियाद ही समाज मे नफरत फैलाना हैं । आगे उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में सरकारी भूमि पर भारी मात्रा में अवैध कब्जा किया गया हैं। जिसमें एक पूर्व नगर पंचायत कार्यालय के पास भी हैं, जो बलिराम सिंह,उर्फ बलि सिंह एवं पूर्व सैनिक के नाम पर अवैध निर्माण भी किया जा रहा हैं। जिसके लिए मैं पूर्व में सभी सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए जेपी चौक पर धरना भी दिया था। क्योंकि उस जमीन पर एक विशेष जाति एवं सामंतवादी मानसिकता के व्यक्ति का कब्जा हैं। वहीं उन्होंने कुछ दलित नेता जैसे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम ,एवं भावी अध्यक्ष प्रत्याशी के उमीदवारो को आड़े हाथों लेते हुए कहा हैं कि अपनी ओछी राजनीति चमकाने के लिए खुद दलित होकर एक पिछड़े वर्ग के जमीन पर जबरन कब्जा करवाने के लिए सामन्तवादी विचारों के साथ मिलकर धरना दे रहे है। जिन्हें दलित, अकलियत पिछड़ा समाज कभी माफ नही करेगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने जीते जी दलित अकलियत पिछड़ा वर्ग के लोगों पर शोषण बर्दास्त नही करूंगा और उनके जमीन को हड़पने नहीं दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वर्गीय हरिहरबाबू एक उदारवादी नेता थे, वे हुसैनाबाद के तीन बार सम्मानित विधायक रहे है। लेकिन दलित अकलियत, पिछड़ा को हमेशा साथ लेकर चलते थे।। लेकिन आज जो लोग उनके नाम पर राजनीतिक रोटी सेक रहे है। मैं प्रशासन से इस बिंदु पर जांच की मांग करूँगा और जांच रिपोर्ट जनता को सार्वजनिक करवाऊंगा। ताकि इन लोगों का चेहरा बेनकाब हो, जो लोग सम्मानित लोगों के प्रतिमा के नाम पर घटिया राजनीति कर रहे है।

# मोबाइल व आभूषण लूट का आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के माडन गांव निवासी गुप्तेश्वर शर्मा एवं रामगढ़ थाना क्षेत्र के गुप्तेश्वर शर्मा की पत्नी ललिता देवी से मोबाइल एवं आभूषण लूटने का आरोपी धनंजय चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भंडरिया थाना क्षेत्र के फकीराडीह गांव निवासी धनंजय चौधरी से पूछताछ के बाद शनिवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मेदिनीनगर शहर थाना प्रभारी अभय सिन्हा ने बताया कि मजदूर गुप्तेश्वर शर्मा की पत्नी ललिता देवी के आवेदन के आधार पर शहर थाना में मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ की गई। और शुक्रवार की रात में चैनपुर थाना क्षेत्र के महुगांवा गांव से आरोपी धनंजय चौधरी को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर लूट के दोनों मोबाइल को भी जब्त कर लिया गया है। महिला के आवेदन के अनुसार गुप्तेश्वर शर्मा करीब एक माह पूर्व महाराष्ट्र कमाने गया था । तबीयत खराब होने के कारण उसने रूम पार्टनर से बताया कि सात अक्तूबर को वह घर जा रहा है। 11 अक्तूबर को गुप्तेश्वर शर्मा के मोबाइल से एक अनजान व्यक्ति का फोन आया कि उसके पति मेदिनीनगर में मेरे अंडर में काम कर रहे हैं। अगर वह उनसे मिलना चाहती है तो सदीक चौक पर आ जाये। 11 तारीख की दोपहर में वह सदीक चौक पहुंच गई ,जहां धनंजय चौधरी ने बताया कि उसके पति रामगढ़ में काम कर रहे हैं। अगर वह मिलना चाहती है तो रामगढ चलना पड़ेगा। इसके बाद पति से मिलाने के लिए वह उसे बाइक पर बैठाकर रामगढ के जंगल में ले जाकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मोबाइल एवं कान एवं नाक के चांदी के आभूषण को लूटकर भाग गया। महिला वापस मेदिनीनगर लौटकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि काम करने के दौरान उसने गुप्तेश्वर शर्मा के पैकेट से मोबाइल फोन चोरी कर लिया था और बाद में उसकी पत्नी को बुलाकर लूटपाट की। महिला का पति स्टेशन पर सोता है। महिला के पति को स्टेशन पर सोये अवस्था में बरामद किया गया है।

# मोहम्मदगंज आजसू के अध्यक्ष सचिन व अंशु चंद्रवंशी बनें सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ऐतिहासिक भीमचुल्हा पर्यटक स्थल के प्रांगण में आजसू पार्टी का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी संगठन को सशक्त बनाने का निर्णय लेते हुए प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सचिन कुमार अध्यक्ष, अंशु चंद्रवंशी सचिव, दीपक कुमार चंद्रवंशी, दीपू मेहता, सुभाष यादव, रवि शर्मा उपाध्यक्ष और अरुण शर्मा सर्वसम्मति से प्रखंड कमिटी के कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। इस कार्यक्रम में पार्टी के जिला सचिव सह मोहम्मदगंज प्रखंड प्रभारी जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा के अलावा हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, सचिव इरशाद आलम सहित दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो देंगे धरना: ओंकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी ।** अगर इस माह के अंदर सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हुआ तो सड़क पर धरना देने के लिए पांकी के युवा तैयार है । उक्त बाते आप के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे कुंदरी मे आप कार्यकर्ताओ के साथ प्रेस बार्ता मे उक्त जानकारी दी। श्री जायसवाल ने कहा कि अब सिल्दीलिया कंट्रक्शन ड्रामेबाजी कर रहा है । सड़क पर धूल उड़ रहा है, लोग परेशान है । इसका मतलब है कि सड़क निर्माण कार्य मे लटपट करना चाहते है। लेकिन आम आदमी पार्टी लटपट नही होने देगा । उन्होंने कहा की पूर्व और वर्तमान बिधायक मे मेल हो गया है, दोनो एक हो गये है। इन दोनो के कारण सड़क निर्माण कार्य मे अबतक इतनी देर हुई है । पांकी के युवाओं के साथ इनका पुतला जल्द फुकेंगे। इस अवसर पर जिला उप संयोजक द्वारिका साहू, अरुण बर्मा, कंचन साव, सुनील मेहता, बिट्टू कुमार, सत्यम कुमार, के आलावा बड़ी संख्या मे लोग शामिल थे।

# छठ पूजा को लेकर कराई जा रही है रास्ते की सफाई व मरम्मति

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंदुओं की महान आस्था का पर्व महा छठ पूजा को ले रेहला छठ पूजा कमेटी सक्रिय भूमिका निभा है। पूजा को ले युवा समाजसेवी सह छठ पूजा कमेटी के उपाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता अन्य समर्थकों के साथ मिलकर रेहला की सभी सड़कों की सफाई व मरम्मति का कार्य करा रहा है। इस कार्य के लिए विश्रामपुर नगर परिषद की जेसीबी मशीन उपयोग में लाई जा रही है। जेसीबी व ट्रैक्टर सड़कों की सफाई व मरम्मति के लिए लगाई गई है।जो जरूरत समझ सभी गली-मुहल्ले में जाकर सफाई का कार्य करेगी। मौके पर ज्वाला प्रसाद गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा हिन्दुओ का महान आस्था का पर्व है। ऐसे में लोगों को किसी प्रकार की पूजा में परेशानी न आए। इसके लिये भ्रमण कर स्थिति की जानकारी ली जा रही है। छठ पूजा कमेटी के उपाध्यक्ष होने के नाते यह जिम्मेवारी और भी बढ़ जाती है। रेहला कोयल नदी स्थित छठ घाट पर पूजन कार्यक्रम ऐतिहासिक होता है। इसके लिए कमेटी के द्वारा अभूतपूर्व प्रयास किया जा रहा है। 2000 छठ व्रतियों की बैठने की व्यवस्था भी की जा रही है। विशेष साउण्ड व सजावट आदि कार्य के लिए डिहरी-ऑन-सोन से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। छठ पूजा के अवसर पर घाट स्थल पर भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। गंगा आरती के लिए काशी व झांकी के लिए इलाहाबाद से कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

# पूर्व सैनिक की बैठक में ब्रांच मैनेजर के साथ पेंशन समस्या पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक कार्यालय में पेंशनरों की हुसैनाबाद भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य ब्रांच एवं बाजार ब्रांच के शाखा प्रबंधकों के साथ पेंशनर संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई । बैठक की शुरूआत भारत माता एवं वीर शहीद जवानों को नमन करते हुए की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने की। इस बैठक में बैंक संबंधित समस्याओं की जानकारी उपस्थित ब्रांच मैनेजर को दी गई। सभी की समस्याओं को दोनों ब्रांच मैनेजरों ने ध्यान से सुनकर संगठन के मीडिया प्रभारी हवलदार सुधीर सिंह ने सैनिकों की उपस्थिति एवं कर्तव्य पालन का भरोसा दिलाते हुए ब्रांच मैनेजर को हर संभव सहयोग लेने और देने की बात कही। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने अभी तक पेंशनरों की समस्याओं के निदान के लिए कार्यालय द्वारा की गई पत्राचार एवं जिन समस्याओं का हल नहीं हुआ है। उसकी भी कार्यालय पुस्तिका में दर्ज की गई है। उक्त सभी बातों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए बजार एवं मेन ब्रांच के मैनेजर विमल कुमार एवं निरंजन कुमार ने सभी उपस्थित पूर्व सैनिक पेंशनर एवं दूसरे विभागीय पेंशनर्स को आश्वस्त करते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। नवंबर में लाइफ सर्टिफिकेट के लिए सभी सीनियर सिटीजन पेंशनरों के लिए स्पेशल ध्यान देने की बात कही । उन्होंने सैनिकों के पैसे की लेन-देन में या किसी भी तरह की बैंक समस्याओं का समाधान खुद से करने की बात कही साथ ही उन्होंने सभी को आगाह करते हुए सावधान किया कि किसी भी अननोन नंबर से फोन पर मांगी गई जानकारी को शेयर ना करें, हम ब्रांच मैनेजर कभी भी किसी को फोन कर-के ओटीपी बैंक के अकाउंट या आधार नंबर नहीं मांगते हैं। इससे बचने के लिए सभी को सलाह दी। कार्यालय की मुख्य अतिथि आगंतुक पुस्तिका में भी दोनों ब्रांच मैनेजर ने अपनी -अपनी लिखित में बाते रखी। बैठक में पूर्व सैनिक सुबेदार सतेंद्र ठाकुर, महराजा सिंह, असर्फी पाल, प्रसाद सिंह, दिलिप मेहता, आरसी मेहता, उदीत सिंह, कपिल देव राम, उदयप्रताप सिंह, सुमेर सिंह, गोरीशंकर ठाकुर, यदुनंदन ठाकुर, पिंटू सिंह, महमुद, दुखन चौधरी के अलावा कई अन्य पेंशनधारी बैठक में मौजूद थे।

# आगंनबाड़ी चयन स्थल को लेकर लोगों में विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़ी कला पंचायत पीपरा खुर्द में आंगनबाड़ी भवन निर्माण में स्थल चयन को लेकर विवाद शुरू हो गया । भवन निर्माण का काम गांव के आखिरी छोर पर पहाड़ के तलहटी में हो रहा है। भवन निर्माण का काम करा रहे अभिकर्ता विजय पासवान का कहना है कि आंगनबाड़ी सेविका संध्या देवी ने भवन निर्माण के लिए जो जगह चिन्हित कर विभाग को प्रस्तावित किया है। वहीं विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने शिलान्यास किया है। जबकि आंगनबाड़ी सेविका संध्या देवी ने इस बात से इनकार किया है। पहाड़ी कला के वार्ड सदस्य गिरेन्द्र सिंह ,पूर्व वार्ड सदस्य ओमप्रकाश दुबे, चंद्रिका सिंह,योगेंद्र सिंह, सचिन सिंह,पारस लाल,कृष्णा सिंह ,दिलीप तिवारी, देवेंद्र तिवारी, गोविन्द तिवारी समेत दर्जनो लोगों ने कहा कि विरोध निर्माण कार्य का नही सिर्फ स्थल चयन को लेकर है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जमीन गांव के मध्य में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तो निर्माण कार्य बगीचा में होना चाहिए। यहां हर तरह सुरक्षा और सुविधा है । जबकि हो रहा निर्माण कार्य वाली जगह पर न सुविधा है न सुरक्षा। साथ ही शिलान्यास वाली जगह से हटकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस बाबत पंचायत के मुखिया पूर्णिमा देवी ने बताया कि पहाड़ी कला में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के बाबत विभाग या प्रखंड विकास पदाधिकारी या अभिकर्ता किसी के द्वारा हमे कोई सूचना नही दिया गया है। निर्माण कार्य विकास के प्रतीक है । लेकिन निर्माण उपयोगी और सुविधाजनक जगह पर होनी चाहिए। निर्माण कार्य में हो रहे विवाद को देखते हुवे आज लेस्लीगंज पुलिस ने निर्माण स्थल का मुआयना किया। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वस्तु स्थिति की जानकारी हम उच्चाधिकारियों को दे देंगे,वे लोग जैसा उचित समझेंगे करेंगे।

## न्यूज गैलरी

### अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित सिहान संतोष को किया गया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बेलवाटीका डालटेनगंज में चंद्रवंशी समाज के सेवानिवृत कर्मचारियों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें चंद्रवंशी समाज के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार को सम्मानित किया गया । सिहान संतोष कुमार को यह सम्मान बैंकॉक थाईलैंड मे वर्ल्ड मिट समारोह मे अंतरराष्ट्रीय आवाड प्राप्त करने के उपलक्ष में दिया गया ! कार्यक्रम की अध्यक्षता शंभूनाथ राम ने किया और धन्यवाद ज्ञापन झामुमो उपाध्यक्ष रंजन कुमार अधिवक्ता के द्वारा दिया गया ! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा निवृत्त कर्मचारी शंभूनाथ राम ने कहा कि खासकर अपने समाज की महिला एवं लड़कियों को सेल्फ-डिपेंड आत्मरक्षा कला सीखना अति आवश्यक है । क्योंकि वे विपरीत परिस्थितियों में अपना सुरक्षा स्वयं कर सके! वही अधिवक्ता रंजन कुमार ने कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ यह कला अपने शरीर को निरोग रखने के लिए भी कारगर है! मौक पर वार्ड पार्षद निरंजन प्रसाद ,महेश कुमार ,डॉ गणेश प्रसाद ,अशोक कुमार ,लक्ष्मण राम ,विजय कुमार वर्मा ,वीरेंद्र कुमार ,शंभू राम ,विजय कुमार ,कृष्ण कुमार , बिंदुल राम ,बबन राम ,राम लखन राम ,राज मोहन राम ,द्वारिका राम सहित कई लोग उपस्थित थे!

### राजद 20 अक्टूबर को श्रद्धांजलि सभा का करेगा आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 20 अक्टूबर 2022 को स्थानीय सद्दीक चौक के नजदीक पलामू क्लब के सभागार में10 .30 बजे दिन से दोपहर 12 .30 बजे तक भारतीय राजनीति के महानायक,सामाजिक न्याय के पुरोधा तथा गरीबों के मसीहा , भारत सरकार के पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के महान आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन करने को सुनिश्चित किया गया है। जिसमें संगठन को मजबूत करने एवं कमिटी विस्तार करने पर विचार विमर्श किया जायेगा। जिसमें सभी सभी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश स्तरीय नेता, जिला स्तरीय नेतागण,सभी प्रकोष्ट के पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष, सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मेदिनीनर के पलामू क्लब के सभागार में अनिवार्य है। आप सभी साथियों से एक बार पुनः आग्रह करना है कि निर्धारित समय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने की कृपा प्रदान करेंगे।

### बाल विवाह देश के लिए घातकः अजहर

**मेदिनीनगर।** चैनपुर उर्दू उत्क्रम0वि0बीएमसी .नेउरा में बाल विवाह मुक्त भारत सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक एमजे .अजहर व संचालन रेणु कुमारी जायसवाल ने किया। शिक्षक- शिक्षिकाओं ने दीप से दीप प्रज्वलित कर बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक एमजे .अजहर ने कहा कि बाल विवाह घर- परिवार, समाज व देश के लिए हानिकारक है। यह घातक रोग है। हमें इससे हर हाल में बचना चाहिए। उन्होंने विद्यालयी बच्चों के माता- पिता व अभिभावकों से अपील कर सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह का खुलकर विरोध होना चाहिए। कार्यक्रम में मुसरर्त जहां, अलकमा खातून, रेणु कुमारी जायसवाल, रेशमा कुमारी, रामप्रवेश सिंह, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार, मीना बीबी, मजीदन बीबी, सैबुन बीबी, मुनिया खातून सहित सैकड़ों विद्यालयी बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम में 133 छात्र व 185 छात्रों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन रामप्रवेश सिंह ने किया।

### कजरी रेलवे स्टेशन के पास मिला अज्ञात शव

**पंडवा।** पलामू जिले अंतर्गत पंडवा थाना क्षेत्र के कजरी रेलवे स्टेशन के समीप अमानत पुल से पहले ट्रैक के बीच में पड़ा एक अज्ञात व्यक्ति का शव शनिवार को बरामद किया गया है। पंडवा थाने की पुलिस ने घटना स्थल से शव के बार में तत्काल सूचना जीआरपी थाने को दी। साथ ही आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। परंतु शनिवार की शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में कर मेदिनीनगर भेज दी है।

### आत्माकर्मियों का हड़ताल 42वें दिन भी जारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी (आत्मा) के पलामू कर्मी संघ के सदस्य शनिवार को हड़ताल के 42वें दिन जोरदार विरोध दर्ज कराई। आत्मा कर्मियों की हड़ताल पर रहने से कृषि से संबंधित कार्य पलामू जिले में पूरी तरह से ठप हो गया है। आत्माकर्मी अपनी वेतन और रिक्त पदों पर समायोजन को लेकर हड़ताल पर हैं। जिला कृषि विभाग को सरसों के बीज किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराने के लिए मिला हुआ है। लेकिन आत्मा कर्मियों को हड़ताल पर होने के कारण बीज किसानों को नहीं मिल पा रहा है। कृषि ऋण माफी योजना, ई -केवाईसी, किसान क्रेडिट कार्ड, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आदि का कार्य भी प्रभावित है। पलामू जिला के आत्मा कर्मी अभिमन्यु प्रसाद ने कहा कि बकाया मानदेय के अलावे योग्यता के अनुसार सरकार रिक्त पदों पर समायोजन जब तक नहीं करती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। हड़ताल के कारण कृषि विभाग की योजनाओं और विभागीय कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### दीवार से दबकर युवक की मौत

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा गांव निवासी 32 वर्षीय पिंटू कुमार की मौत कच्चे मकान के दीवार गिरने से हो गई। परिजनों के अनुसार वह घर के बाहर दीवार से सटे हुए बैठा था। अचानक जर्जर दीवार धराशयी हो गया। जिसमें नीचे दबे पिंटू को आनन फानन में हैदरनगर सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही मुखिया कुसुम देवी, पूर्व मुखिया नगेन्द्र मेहता, जितेन्द्र पासवान, अशोक सिंह व अन्य घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना देने में जुटे है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से नियमानुसार सभी सरकारी सहायता अविलंब आश्रित परिवारों को देने की मांग की है। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। उधर ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही प्रवेश मेहता के घर में मजदूरी करने के क्रम में मकान की कच्ची दीवार अचानक गिर जाने से पिंटू कुमार दब गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद गांव में सुलह समझौता के बाद इस मामला को रफा दफा कर दिया गया है।

# विहंगम योग संस्थान ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतिनिधि, मेदिनीनगर।** सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला इकाई की देखरेख में रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तदान शिविर रविवार को जिले के नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह निवासी राकेश कुमार के आवास पर लगाया गया। संस्थान के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,प्रदेश महामंत्री ललित सिंह,जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने सदगुरू देव के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि रक्तदान जीवन दान के समान है। रक्तदान कर दूसरे की जान बचना बहुत की पुण्य का काम है। प्रदेश महामंत्री ललित सिंह ने कहा कि रक्त सेवा मानव सेवा के उद्देश्य को समझने की जरूरत है। जिला संयोजक ने बताया कि संस्थान के संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज का पावन जन्मोत्सव 28 अक्तूबर को मनाया जायेगा। इस अवसर पर पलामू जिला में विभिन्न चरणों में शिविर लगाकर रक्तदान किया जायेगा। इसकी शुरूआत रविवार को नौडीहा बाजार प्रखंड से किया गया है। अतिथियों ने रक्तदान का महत्व बताते हुए रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शिविर में सदगुरू देव के 24 भक्तजनों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में कामेश्वर विश्वकर्मा, राम गोविंद यादव ,लालमन पांडेय, राकेश कुमार ,विकास राय, बाबू राम साहू, भगवान गुप्ता, नरेश सिंह, सुमन देवी, मोहन सिंह, रामाशीष विश्वकर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा, घनश्याम सिंह, गिरधारी यादव, शंकर साहू, रामविलास रजक सहित कई लोग सक्रिय थे।

# ज्वेलर्स की दुकान खुलना शहर के समृद्धि का प्रतीक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय थाना रोड में राज ज्वेलर्स नामक नये ज्वेलर्स की दुकान रविवार को खुला। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता मनोज सिंह,अविनाश देव,श्याम बाबू ने संयुक्त रूप से फीता काट कर ज्वेलरी दुकान का शुभ उद्घाटन किया। दुकान के प्रोपराइटर राजा वर्मन ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर संक्षिप्त संबोधन में अतिथियों ने कहा कि ज्वेलर्स दुकान का खुलना यह साबित करता है कि हमारा शहर समृद्धि की ओर अग्रसर है। लोगों का नए आभूषण और नई वस्तुओं की ओर झुकाव बढ़ रहा है ,शहर सुरक्षित है तब नागरिकों में मांग है।

# ठेकेदार पर जानलेवा हमला, इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के ठेकेदार हरेंद्र मेहता को मनोज चौधरी नामक व्यक्ति ने सिर में पिस्टल के बट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार हरेंद्र मेहता नगर निगम के बड़े ठेकेदार हैं। मनोज चौधरी नामक व्यक्ति के द्वारा इनसे रंगदारी मांगा जा रहा था। रंगदारी नहीं देने पर मनोज चौधरी के द्वारा हरेंद्र मेहता पर जानलेवा हमला किया गया । जिसमें हरेंद्र मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद वह खतरे से बाहर हैं। इस घटना की जानकारी मिलने पर चैनपुर थाना और शहर थाना की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। यह घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर स्कूल के पास की है।

# दस नवंबर तक जमा होंगे उद्योग विभाग में नियुक्ति के लिए आवेदन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की झारखंड मैट्रिक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2022 में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवदेन जारी है। इस परीक्षा के माध्यम से उद्योग विभाग में 455 पदों पर नियुक्ति होगी। इनमें कीटपालक एवं समकक्ष के 268 तथा कुशल शिल्पी एवं समकक्ष के 187 पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 10 नवंबर निर्धारित है। आनलाइन आवेदन के क्रम में परीक्षा शुल्क का भुगतान 12 नवंबर तक हो सकेगा। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर निर्धारित की गई है।ऑनलाइन आवेदन में 16 से 19 नवंबर के बीच संशोधन किया जा सकेगा। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार कीटपालक एवं समकक्ष श्रेणी के पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड स्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से न्यूनतम मैट्रिक/ 10वीं उत्तीर्ण होने के अतिरिक्त झारखंड रेशम तकनीकी विकास संस्थान, चाईबासा से एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स (सेरिकल्चर/सिल्क/ विविंग/सिल्क डाईंग-प्रिंटिंग) अथवा दो वर्षीय इंटर व्यावसायिक कोर्स (सेरिकल्चर / टेक्सटाइल्स) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी तरह कुशल शिल्पी एवं समकक्ष पदों पर नियुक्ति के लिए झारखंड स्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से न्यूनतम मैट्रिक/ 10वीं के साथ हस्तशिल्प में एक वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में ख्याति प्राप्त संस्थान से दो वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को मैट्रिक/ 10वीं कक्षा झारखंड के शैक्षणिक संस्थान से उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा, साथ ही स्थानीय रीति-रिवाज, भाषा एवं परिवेश का ज्ञान होना अनिवार्य होगा। हालांकि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को झारखंड में अवस्थित मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से मैट्रिक 10वीं उत्तीर्ण होने की बाध्यता नहीं है।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पर्यावरणविद कौशल को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची के बीएनआर चाणक्य होटल में आयोजित सम्मान समारोह में वनराखी मूवमेंट के अगुआ सह विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल को पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्राइड ऑफ झारखंड नामक उपाधि से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के जनजातीय मामले के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पर्यावरणविद कौशल किशोर के कार्यों की सराहना करते हुए मोमेंटो देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।। तब पूरा हॉल उनके सम्मान में तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। 1967 से जंगल लगाओ जंगल बचाओ अभियान में लगातार पौधों का वितरण सह रोपन व पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को शपथ दिलाते हुए पर्यावरण धर्म का पाठ पढ़ाया । 12 लाख वन वृक्षों पर राखियां बांध व बंधवा कर वन राखी मूवमेंट में शामिल लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर अब तक 45 लाख पौधों का वितरण कर कीर्तिमान बनाया। कार्यक्रम में पूरे राज्यभर से पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए ,उन्होंने उनसे प्रकति को प्रदूषण से बचाने की मुहिम में जुड़कर पौधा लगाने और उसे बच्चे की तरह देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों से आने वाली पीढ़ी को प्रदूषण की जहर से बचाने के लिए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो को अपने जीवन मे अपनाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि विश्व का पहला पर्यावरण धर्म मंदिर पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड के कौशल नगर में बन रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में पर्यावरण से जुड़े कई रोचक जानकारियों की चर्चा कर लोगों को जागरूक किया।

# इग्नू ग्रामीण विकास विभाग के छात्र हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर दो नंबर टाउन स्थित एनआईएफएस के कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी, एडवोकेट संजय पांडे सहित प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इग्नू ग्रामीण विकास विभाग के डॉ अरुण ने की। मौके पर इग्नू द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के पलामू प्रमंडल के मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पलामू के अलग अलग क्षेत्र से आए छात्रों ने सम्मान ग्रहण किया। वही कार्यक्रम में ऑनलाइन रूप से जुड़कर मुख्य वन संरक्षक एके मिश्र ने कहा कि चक्रिया विकास के साथ जुड़कर हमलोग काम कर रहे है। आपको सम्मान देकर हम आपको आगे बढ़ने को लेकर शुभकामनाएं दे रहे है। वही मौके पर मौजूद समाजसेवी धनंजय त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा इंसान के लिए उतना ही जरूरी है जितना कि पानी। पानी के बिना इंसान मर सकता है। वैसे ही शिक्षा के बिना इंसान जानवर के समान है। पानी हमलोग पीते है और यूरिन के माध्यम से निकल जाता है । परंतु पानी पूरे बॉडी को प्यूरीफाई करता है । वैसे ही शिक्षा मस्तिष्क को प्यूरिफाई करता है। मौके पर मुख्य अतिथि के अलावे पलामू प्रमंडल के इग्नू द्वारा संचालित ग्रामीण विकास विभाग, चक्रीय विकास, पत्रकारीय और जनसंचार विकास के छात्र और छात्रा मौजूद थे।

# मिशन समृद्धि ने किया रोटी वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि टीम के द्वारा रविवार को रोटी वितरण किया गया। रोटी का इंतजार रोटी देने और रोटी लेने वाले सभी किया करते हैं। टीम को प्रसन्नता तो तब होती है । जब जरूरतमंद भोजन चाव से खाने लग जाते हैं। सबसे अच्छी बात देखने को यह मिलती है कि रोटी लेने वाले सही मायने में लेने लायक होते हैं। उनतक भोजन पहुंचाना सार्थक होता है। मिशन समृद्धि संस्था टीम के द्वारा निरंतर यह नेक कार्य किया जा रहा है। संस्था के ओर से भोजन देने वाले परिवारों का भी आभार जताया गया है। मौके पर अहिल्या गिरी, बैजन्ती गुप्ता, वीणा गुप्ता वन्दना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार ,बेबी पाण्डेय, शिल्पी गोस्वामी ,श्वेता पाण्डेय का योगदान रहा।

# झाजमो (ज) का कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह मिलन समारोह संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के कार्यकर्ता प्रशिक्षण सह मिलन समारोह रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने पदयात्रा कर समारोह स्थल में प्रवेश किया। गणमान्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त मौके पर मंत्रोच्चारण के साथ राज तिलक एवं कलश पर हाथ रख कर सभी कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाया गया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कि अब वक्त है हुंकार भरने की। झारखंड की बदहाली को हम सभी मोर्चा के साथी एकजुट होकर चट्टानी एकता के साथ मिलकर दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही हमारा यह प्रयास होगा कि जिस उद्देश्य और दूरगामी सोच के साथ वर्तमान सरकार का गठन हुआ था । वह अपने उद्देश्यों में सफल होती नहीं दिखाई दे रही है। ऐसी स्थिति में हमारे कार्यकर्ता और हम सभी सरकार के किये हुऐ वायदे और घोषणा की याद दिलायेंगे। महिला प्रदेश अध्यक्ष विभा सिंह ने कहा कि महिलाओं को आगे आकर अपने हक और अधिकार को जानना और समझना होगा । साथ ही इसकी प्राप्ति के लिए हर संभव एकजुट होकर सड़क पर उतरना होगा । क्योंकि वर्तमान झारखंड में आए दिन महिलाओं पर अनेक शोषण के मामले देखने और सुनने को मिल रहे है। कार्यक्रम में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवाशीष मनोरंजन घोष को कार्य को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय महासचिव के रूप में शपथ दिलाया गया । मौके पर महासचिव सह प्रवक्ता कृष्णा चौधरी, ,रांची जिला महिला प्रवक्ता रविंदर कौर, रेनू सिंह, रेनू प्रिया, अनिल ठाकुर ,राज विश्वकर्मा, जय प्रकाश पासवान, साकेत पासवान ,बिना देवी , अखिलेश चौधरी , अरुण उरांव बिरसा भुइयां सलीम अंसारी,समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# तालाब से मिला युवक का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर सेमरताड़ स्थित एक तालाब से चैनपुर थाना की पुलिस ने कुंड मोहल्ला निवासी स्वर्गीय जवाहिर चंद्रवंशी के पुत्र छोटू कुमार उर्फ खरहा नामक 22 वर्षीय युवक का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह शाहपुर सेमरताड़ के स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया कि तालाब में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। जो आसपास के क्षेत्र में काफी दुर्गंध दे रहा है। इस घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को तालाब से बाहर निकाल कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। वही इस घटना के बारे में चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार ने बताया कि मृतक शराबी था। शराब पीने की वजह से उसका घर परिवार और पत्नी से भी नहीं बनता था। उन्होंने बताया कि एक-दो दिन पहले छोटू अपना ससुराल गया हुआ था। इस बीच वह तालाब में नहाने गया और शराब की नशे में डूब गया। जिसकी वजह से उसकी मौत हो गयी। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस ने छोटू के बारे में और भी जानकारी इकट्ठा करने में जुट गई है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर रामनवमी पूजा के जनरल कमिटी के अध्यक्ष युगल किशोर चंद्रवंशी मृतक छोटू के घर पहुंच कर परिवारवालों को संतावना देते हुए दाह संस्कार के लिए सहयोग राशि प्रदान किया। मौके पर उपस्थित युगल किशोर ने कहा कि छोटू की मौत का हमें काफी दुख है। उन्होंने कहा कि यह हत्या है या आत्महत्या पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पोस्टर्माटम रिर्पोट आने के बाद ही मौत का खुलासा होगा **दो दिन पहले आया था ससुराल :** मृतक दो दिन पहले ससुराल सेमरताड़ आया था। उसके घर वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव को तालाब में डालने का आरोप लगाया है। तीन साल पहले छोटू चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटांड़ की रीमा के साथ लव मैरेज किया था। मृतक के चाचा नन्हक राम ने बताया कि छोटू की पत्नी ससुराल में बहुत कम रहती थी। नैहर से कभी कभार आती थी। वह दो माह पहले आई थी, लेकिन लड़ाई झगड़ा कर एक दिन में ही चली गई थी। उसी को लाने के लिए छोटू गया हुआ था। रविवार की सुबह उसकी पत्नी ने ही फोन कर बताया कि तालाब में डूबने से मौत हो गयी है। छोटू की मौत के बाद उसके ससुराल का कोई भी व्यक्ति न हॉस्पिटल पंहुचा ना ही घर। छोटू की सास और पत्नी ने उसे मारने के बाद तालाब में फेंक दिया। चैनपुर थाना प्रभारी उदय गुप्ता का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया मामला तालाब में डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।।

# दैनिक भोगी मजदूर संघ का चुनाव 20 अक्टूबर को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के जिला स्कूल मैदान में रविवार को दैनिक भोगी मजदूर संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। चर्चा में रांची हाई कोर्ट डबल बैच केस के संबंध में इपीएफ केस को फाइनल करने के संबंध में पटना से रेगुलर वाला केस के संबंध में संगठन को मजबूत करने एवं पदाधिकारियों का कार्यकाल पूरा होने एवं नए चुनाव के संबंध में विशेष बातें रखी गई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी लोगों ने निर्णय लिया कि सभी केस से संबंधित खर्च के लिए प्रति व्यक्ति 1000 चंदा देना सुनिश्चित करेंगे। चंदा का सहयोग राशि 20 अक्टूबर तक देना अनिवार्य होगा। साथ ही 20 अक्टूबर को चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कृष्णा नंदन, अर्जुन राम, अजय राम, विनोद सिंह, अशोक राम, सुनील कुमार, अनुज राम, सुबोध सिंह, कमलेश्वर तिग्गा, अमरेंद्र कुमार सिंह, लक्ष्मी कुमार शर्मा, देवंती देवी ,लक्ष्मीनिया देवी, राजीव कुमार सिंह, शनिचरी देवी, विनोद राम ,राजमुनि कुमार, अजय कुमार सिन्हा, विनोद राम, संजय सिंह, कमलेश सिंह, बनारसी राम, मनोज गुप्ता ,बैजनाथ सिह, मनोज कुमार सिंह, अगस्त कुमार, बसंती कुंवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### सिंघीताली निवासी प्रिया कुमारी को दीक्षांत समारोह में किया सम्मानित



**भवनाथपुर।** नीलांबर पीतांबर विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में सिंघीताली निवासी प्रिया कुमारी पिता सतीश कुमार चौबे को नीलांबर-पीतांबर विश्व विद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में माननीय राज्यपाल रमेश वैश्य के द्वारा गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। प्रिया कुमारी सत्र 2015-17 में एम ए सी क्मेस्ट्री में टॉपर थी। वर्तमान में वो राजकीय कृत उच्च विद्यालय भवनाथपुर में विज्ञान विषय के शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। इनकी दशवीं तक की पढ़ाई इंदिरा गांधी उच्च विद्यालय हजारीबाग से हुई इंटरमीडिएट तथा ग्रेजुएशन बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर से हुई। इनकी प्रारंभिक शिक्षा पिता शिक्षक सतीश कुमार चौबे तथा बड़े पापा राकेश कुमार चौबे की देख रेख में हुई प्रिया कुमारी ने बताया कि उसका इस उपलब्धि का श्रेय उनके माता पिता तथा परिवार के लोगों को जाता है। उन्होंने एमएससी की पढ़ाई एनपीयू के कमेस्ट्री विभाग के एचओडी डाक्टर एनके तिवारी और बीएसएम कॉलेज के प्रोफेसर बीरेंद्र विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में पूर्ण की गोल्ड मेडल प्राप्त होने पर परिवार तथा संबंधियों के द्वारा लगातार बधाई तथा शुभकामना दी जा रही है। बधाई देने वालों में पराशनाथ चौबे, ज्वाला प्रसाद दुबे, राकेश चौबे, सुषमा देवी, सतीश चौबे, साधना देवी, दीपिका कुमारी, सत्यप्रकाश चौबे, रविप्रकाश चौबे, सतीश दूबे, मुकेश चौबे, रमेश चौबे, बिपिन चौबे आदि लोग शामिल हैं।

### बीरबल अंजुमन कमेटी के सदर बने मो गुलाम नबी



**श्री बंशीधर नगर।** सगमा प्रखंड क्षेत्र के बीरबल ग्राम स्थित रजाए मुस्तफा मदरसा में रविवार को अंजुमन कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों की बैठक सोनडीहा सदर यासीन अंसारी की अध्यक्ष सम्पन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से मो गुलाम नबी सदर नव निर्वाचित किया गया।वहीं सेकेट्री मोदसिर अंसारी,नायब सदर शकील अहमद, खजांची इकबाल अंसारी एवं सरपरस्त गुलशन अंसारी को नियुक्त किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सदर मो गुलाब नबी ने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया किया की मुस्लिम समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के साथ ही समाज उत्थान के लिए बेहतर कदम उठाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि हम सभी समुदाय को साथ लेकर अमन चैन बहाल करेंगे और गांव की तरक्की में आगे बढ़ेंगे। मौके पर वजीर अंसारी,फिरोज अंसारी, सूफी मोहम्मद अंसारी,नईम अंसारी, नसीम अंसारी, लतीफ अंसारीज इमामुद्दीन अंसारी, अहमद अंसारी, फिरोज अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, आशिक अंसारी, मोबिन अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

### डंडई प्रखंड क्षेत्र में लक्ष्मी पूजा को लेकर तैयारियां शुरू

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्रों में लक्ष्मी पूजा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है । इस दौरान कई सामाजिक संस्थाओं के द्वारा एक से बढ़कर एक माँ लक्ष्मी की प्रतिमा का निर्माण कराना शुरू कर दिया गया है । साथ ही पूजा के उपलक्ष में कई जगहों पर प्रोजेक्टर के माध्यम शनिवार रात्रि से रामायण और महाभारत का सीरियल भी दिखाना शुरू कर दिया गया है। डंडई के भुइया टोली स्थित यदुवंशी पेट्रोल पंप पर बजरंग युवा क्लब की ओर से मां की बेहतर प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है । साथ ही उक्त स्थल पर उनके द्वारा रामायण का सीरियल भी दिखाना शुरू कर दिया गया है । उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने फीता काटकर किया । इससे पहले मंच पर उपस्थित सभी आगंतुक लोगों को क्लब के सदस्यों की ओर से माला पहनाकर स्वागत करने का काम किया गया। वही कु छ देर बाद कार्यक्रम में शिरकत की मुखिया धनवंती देवी को दर्शक के रूप कार्यक्रम में पहुंची रीता देवी ने भी माला पहनाकर उन्हें स्वागत करने का काम की । मौके पर पंचायत की मुखिया धनवंती देवी, उप प्रमुख अंजली देवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, आनंद प्रकाश, राज कुमार साह, महेश्वर राम इत्यादि लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत किया ।

### प्रदेश आउटसोर्सिंग कर्मी प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**भवनाथपुर।** झारखंड में कार्य आउटसोर्सिंग कर्मी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के माध्यम द्वारा मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। जिला परिषद सदस्य सह अध्यक्ष ग्राम विकास समिति झारखंड प्रदेश के शर्मा रंजनी एवं प्रदेश आउटसोर्सिंग कर्मी प्रतिमंडल द्वारा अनुरोध किया गया है कि झारखंड प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मी को आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त कर मानदेय देने के सम्बन्ध में ध्यान आकृष्ट कराते हुए निवेदन करना चाहती हूं। उपरोक्त विषय के संबंध में माननीय मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के उपस्थिति में दिनांक 03 / 08 / 022 को श्री मान की सेवा में मांग पत्र सौंपी थी। ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहना है कि आज सम्पूर्ण झारखंड प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत सभी आउटसोर्सिंग कर्मी के द्वारा किए जा रहे हैं कार्य सराहनीय रहा है। झारखंड प्रदेश के प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के माध्यम से सभी कर्मी को आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर दिए जाने से उन्हें विभिन्न तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा निर्धारित दैनिक मजदूरी आउटसोर्सिंग कर्मी को नहीं मिलता है। वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में वाहन चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर, अंचल अमीन, स्वास्थ्य कर्मी अन्य विभागों में कार्यरत सभी कर्मी समय समय से अपना मजदूरी भुगतान के लिए दर दर भटकते रहते हैं। कहीं कहीं धरना प्रदर्शन तक करने को बाध्य हुए हैं। जो समाचार खबरों में प्रकाशन होते रहता है। अन्य कई तरह से आउटसोर्सिंग कर्मी के साथ अन्याय हो रहा है। जिस पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मुख्यमंत्री तक मांग पत्र को पहुंचा कर न्याय दिलाया जाए। मांग पत्र सौंपने में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी, प्रदेश अमीन संघ के प्रतिनिधिमंडल कुंदन कुमार ठाकुर, नवल किशोर तिवारी, रविकांत पांडे,कृष्णा मिस्त्री, राजाराम मेहता, अब्दुल सत्तार अंसारी, ललित महतो, फते अहमद, नीरज महतो, अंजन देव सिंह,सहित विभिन्न जिलों के अमिन संघ संयुक्त रुप से मांग पत्र सौंपा।

108 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ 2023 के लिए हुई बैठक, बोले वक्ता

# जागरण से बच्चों को बनाया जा सकता हैं संस्कारवान

नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** मझिआंव के चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में मां गायत्री की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में आगामी 01 मार्च से 05 मार्च तक होने वाले 108कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने हेतु बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद पाठक द्वारा की गईत्र बैठक में सर्वसम्मति से 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की महा कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि उक्त महा कमिटी में गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों के गायत्री परिजनों एवं सनातन धर्मावलंबियों को भी शामिल किया जायेगा। इस अवसर पर जिला संयोजक श्री पाठक ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार द्वारा अपने देश भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में युग परिवर्तन एवं मनुष्य को देवता बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा रहा है। श्री पाठक ने कहा कि इसके लिए गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं ऋषि सत्ता द्वारा परिवार में समय समय पर होने वाले संस्कार को अति आवश्यक बताया गया है। अगर बच्चो में जन्म के समय से ही अच्छे संस्कार दिए जायेंगे तो उनमें देवत्व का उदय होगा। इन्होंने कहा कि युग परिवर्तन के इस दौर में नारी जागरण की अहम भूमिका है। नारी जागरण से बच्चों को संस्कारवान बनाया जा सकता है। श्री पाठक ने कहा कि गुरुदेव ने यही तो संकल्प लिया है कि अगर बच्चों में अच्छे संस्कार दिए जाएं तो एक संस्कारवान परिवार का निर्माण होता है. इसी तरह अगर सभी परिवार संस्कारित हों तो पूरा संस्कारवान होगा और फिर पूरा विश्व एक ही परिवार होगा.और मानव में ही देवता दिखने लगेंगे और युग परिवर्तन हो जाएगा।



मौके पर मझिआंव, बरडीहा एवं बिसुनपुरा प्रखंड से लोग उपस्थित थे। मौके पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला सचिव डॉ अशोक रंजन दुबे, जिला ट्रस्टी शिव प्रसाद, एवं ज्ञान परीक्षा के प्रखंड संयोजक पूर्व प्रधानाध्यापक अच्युतानंद तिवारी, प्रखंड संयोजक नागेन्द्र सिंह, अनिल कुमार विश्वकर्मा, अखिलेश कुमार कुशवाहा, पंकज कुमार, अशोक मेहता, रामा शंकर सोनी, रामरेखा प्रजापति, रामनरेश प्रसाद, मारुतिनंदन सोनी, सीता सरन,देवमुनि विश्वकर्मा, बिरेन्द्र सोनी, रामविलाश प्रसाद, जयशंकर प्रजापति, बेचन राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बालेखाड को हराकर टूर्नामेंट का विजेता बनी चिरका की टीम

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत चिनिया के चिरका आईटीआई कॉलेज के क्योंजिया दामर मैदान में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से चल रहा सूर्यवंशी फुटबॉल क्लब के तत्वधान में 1 माह से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन किया गया। जिसमें फाइनल मैच में चिरका टिम बनाम डंडई प्रखंड के बालेखाड टीम के बीच खेला गया। जिसमे चिरका दो गोल से विजयी रहा। मौके पर हजारों लोगों की भीड़ उपस्थित थी।

खेल के मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला अध्यक्ष तनवीर हसन, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे मौके पर उपस्थित रहे,। मुख्य अतिथि के द्वारा प्रथम पुरस्कार के रूप में चिरका टीम को दस हजार नगद शील्ड व खेल कीट देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय



पुरस्कार वालेखाड की टीम को 7000 नगद शिल्ड व खेल कीट दिया गया ।

मौके पर, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर हसन, सचिव मनोज ठाकुर, प्रखंड जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, उप प्रमुख मोहम्मद फारुख, नौशाद मंसूरी, हरिओम यादव, रमेश यादव, नारायण सिंह, कृष्णा सिंह, रामवृक्ष सिंह, रोहिणी सिंह, राकेश कुमार लकड़ा, गोपाल यादव, राम सागर यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौके पर उपस्थित थे।

# बड़गड़ ओपी का डिमोसन, बना पुलिस पिकेट, ग्रामीणों ने जतायी नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय में सन 2009 में नक्सलियों के आतंक के कारण पुलिस पीकेट की स्थापना कि गई थी। बाद में बड़गड़ पुलिस पीकेट को ओपी का दर्जा दे दिया गया । जिससे यहां के ग्रामीण जनताओं को ओपी के बन जाने से लोगों को लाभ मिलने लगा। अब लोगों को किसी भी समस्या को लेकर भंडरिया थाने का चकर नही लगाना पड़ता था। अब थाने की पुरी सुविधा बड़गड़ ओपी में ही मिलने लगी थी। ओपी में एफआईआर वगरह होने लगा था जिससे ग्रामीण जनता को काफी सहुलियत हो रही थी।

वर्तमान में ओपी का दर्जा समाप्त कर पुनःपीकेट बना दिया गया। इस बात को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। सूत्रों के अनुसार बताया गया की करीब तीन माह पुर्व बड़गड़ ओपी का दर्जा समाप्त कर उसे पुनः पुलिस पीकेट बना दिया गया। कारन चाहे जो भी रहा हो इसको लेकर यहां के ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की ओपी को अपग्रेड कर थाना बनाना चाहिए था चुकी बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय है। साथ ही साथ नक्सलियों का गढ़ बुढ़ापहाड़ कुछ भाग इसी प्रखंड में आता है बावजूद इसके ओपी को दर्जा हटा कर पुनः पीकेट कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है की ओपी के रहने से क्षेत्र में पुलिस द्वारा पैट्रोलिंग का कार्य किया जाता था जिससे क्षेत्र में चोरी समेत छोटी बड़ी घटना पर लगाम लगा हुआ था। लेकिन वर्तमान में पीकेट के हो जाने से पुलिस गतिविधि थम सी गई है। इधर इस मामले को लेकर बड़गड़ प्रखंड विकास संघर्स समिती प्रखर हो गई है इस समस्या को लेकर जिले के उपायुक्त समेत पुलिस कप्तान को आवेदन देकर पुनः बड़गड़ पीकेट को ओपी का दर्जा दिए जाने की मांग की है।

# डंडई में मजदूरों के लिए वरदान साबित हो रहा मनरेगा योजना



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** अकाल के साए में स्थानीय मनरेगा मजदूरों के लिए मनरेगा योजना वरदान साबित हो रहा है । निबंधित मजदूर घूम घूम कर उक्त योजना का लाभ ले रहे हैं । रविवार को डंडाई पंचायत स्थित फुलेन्द्री देवी व कामता साह के खेत में टीसीबी योजना की खुदाई करते उन्हें देखा गया । उक्त योजना में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि एक तो स समय बारिश नहीं होने से धान की रोपाई नहीं हो पाई । दूसरे में कि हम लोगों के सामने काम के लाले पड़ गए थे । उन्होंने बताया कि घटना दुर्घटना

> ▸ टीसीबी, मेड़बंदी सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति दी गई है : मुखिया

को देख बाहर में जाकर काम करने का मन हमलोगों को नही करता है । बहुत दिन से हम सभी काम के इंतजार में अपने-अपने घर पर बैठे थे। उसके बाद डंडई पंचायत में हम लोगों को मनरेगा योजना अंतर्गत काम करने का अवसर मिला। मजदूरों ने कहा कि शुरूआती दौर में हम सभी चंद्रावती देवी के खेत में टीसीबी योजना की खुदाई किये । उसके बाद अन्य योजना के लाभुक भी हम लोगों के पास काम करने को लेकर पहुंचने लगे । उसी लिहाज से आज रविवार को हम सभी दो लाभुकों के कार्य योजना में काम करने पहुंचे हैं ।

### नियमित काम मिले तो रूक सकता हैं पलायन

मजदूरों ने कहा कि अगर हम लोगों को नियमित गांव घर में काम मिलता रहेगा तो दो चार लोग ही नहीं बल्कि जो लोग बाहर मजदूरी करने गए हैं वे लोग भी अपने अपने घर लौट आएंगे । उधर पंचायत की मुखिया धनवंती देवी ने कहा कि पंचायत के लोगों को मजदूरी के लिए बाहर न जाना पड़े उसे देखते हुए उपायुक्त के निर्देश के आलोक में पंचायत अंतर्गत टीसीबी, मेड़बंदी व समतलीकरण सहित सैकड़ों से भी अधिक योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि मनरेगा मजदूर को किस तरह से गांव घर में रोका जाए उसे देखते हुए अपने पंचायत में युद्ध स्तर पर मनरेगा की योजनाओं को चलाया जा रहा है । वही उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व के जनप्रतिनिधि के कार्यकाल में आधा अधूरा छोड़े गए मनरेगा की योजनाओं की अद्यतन जानकारी भी पंचायत के पंचायत सचिव व रोजगार सेवक से मांगी गई है। उनके ओर से जानकारी मिलते ही उक्त योजनाओं पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# सरकार और जनप्रतिनिधियों ने नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाई तीन किमी सड़क

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** पदाधिकारियों से लेकर जन प्रतिनिधियों तक लगातार गुहार लगाने के बाद जब सड़क नहीं बनी। आवाजाही में परेशानी से तंग ग्रामीणों ने थक-हारकर अपने प्रयास से सड़क निर्माण करने की ठान ली। यह बात प्रखंड के चपरी पंचायत के सिंघितली गांव के ग्रामीणों के आत्मबल की है। कई वर्षों से ग्रामीण सरकार के स्तर से सड़क निर्माण कार्य शुरू होने का इंतजार करते रहे लेकिन न किसी राजनेता या न तो पदाधिकारी ही इस सड़क निर्माण कराने में आगे आगे नहीं आए । थक हार कर ग्रामीण खुद से ही सड़क निर्माण कार्य में जुट गए हैं। सड़क निर्माण कार्य की अगुवाई कर रहे समाज सेवी जितेंद्र चौबे एवं विधायक प्रतिनिधि बिपिन चौबे ने बताया कि आजादी के बाद भी हमलोग सड़क जैसी महत्वपूर्ण सुविधा के लाभ से



वंचित हैं। मुख्य पथ से लेकर भदेरा तक जाने के लिए लोगों को 3 किलोमीटर तक सड़क ही नहीं है। जिससे इस क्षेत्र के करीब हजार की आबादी को पगडंडियों एवं नदी-नालों से होकर गुजरना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में भीषण परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीण सुरेश चौबे, राजकुमार चौबे, अजित चौबे, सुधीर चौबे, उदय सिंह, सुनील चौबे, संदीप चौबे, दिलीप चौबे,आदि बताते हैं कि सड़क बन जाने से इस गावों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

**हजार रुपए जमा कर ग्रामीणों ने शुरू किया निर्माण का कार्य**

जब कोई ग्रामीण बीमार पड़ जाते हैं तो अस्पताल तक लाने में काफी कठिनाई झेलनी पड़ती है। कई बार तो सड़क नहीं रहने का खामियाजा भी ग्रामीणों को भुगतना पड़ा है। सड़क नहीं रहने का दर्द यहां के लोगों को सालों से परेशान कर रहा था। जितेंद्र चौबे ने बताते हैं कि एक दिन हम ग्रामीणों ने तय किया कि क्यों न खुद ही सड़क बनाने का काम प्रारंभ किया जाए। आपस में ही ग्रामीण चंदा इकट्ठा कर श्रमदान से ही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया। इसके लिए ग्रामीणों ने आपसी चंदे के रूप में हजार रुपया इकट्ठा कर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया।

# अरसली दक्षिणी पंचायत में पूर्व बीडीसी को ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर की धुनाई

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** अरसली दक्षिणी पंचायत के पूर्व बीडीसी हीरा साह बीती रात्रि गांव के ही एक शादीसुदा महिला के साथ रंगरलिया मनाते ग्रामीणों ने पकड़ा लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने बंधक बनाकर जमकर धुनाई की। सूचना मिलने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सह मुखिया पति सोना किशोर यादव मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कर बंधक से बीडीसी को अहले सुबह मुक्त कराया। घटना के बारे में बताया जाता है कि अरसली दक्षिणी पंचायत के पूर्व बीडीसी बैगाडीह निवासी हीरा साह का मजूराही गांव में ही एक महिला से कई दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीती रात्रि करीब 12 बजे हीरा साह अपनी प्रेमिका से मिलने मजूराही गया। वहां प्रेमिका के साथ उसके घर में रंगे हांथो परिजनों ने पकड़ लिया । इसकी सूचना मंडल अध्यक्ष सह मुखिया पति सोना किशोर यादव को सुबह मिली सूचना मिलने पर अहले सुबह मौके पर पहुंचे, तब तक ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो चुकी थी। ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। मुखिया पति ने दरवाजा खुलवा कर उसे बाहर निकलवाया। तब तक ग्रामीणों ने हीरा साह की डंडों से पिटाई शुरू कर दी। मुखिया पति ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया और हीरा साह को बंधक से मुक्त करवाया। मुखिया पति सोना किशोर यादव ने बताया कि बीच बचाव नहीं करता तो स्थिति काफी बिगड़ चुकी थी ग्रामीण में काफी आक्रोश था। बताया की दोनों समाज के लोगों को आपस में बैठक कर मामले का निपटारा करने का आग्रह किया है।

### पुरियो गांव में ग्राहक सेवा केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो गांव में रविवार को नियति ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि पहले पंचायत के लोगों को छोटे से छोटे काम के लिये भी बेडो जाना पड़ता था, अब ग्राहक सेवा केंद्र पंचायत में खुल जाने से क्षेत्र के लोगों को समय का बचत होगा। मुखिया ने केंद्र संचालक देवेंद्र कुमार को शुभकामनाएं दी एवम केंद्र को अच्छी तरह से संचालित करने का आग्रह किया। मौके पर महेश प्रजापति, गोपाल महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुभाष उरांव, रंथु महतो, मुकेश महतो, दिनेश महतो, गोविंद महतो, बिहारी महतो, गोपाल महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# नावाडीह में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** थाना अंतर्गत खरौंधी पंचायत के नावाडीह निवासी मनोज ठाकुर की पत्नी आरती देवी उम्र लगभग 22 वर्ष शनिवार की रात्रि में फांसी लगाकर की आत्महत्या कर ली। मनोज ठाकुर की मां प्रभा देवी ने बताया शनिवार के शाम में खाना खाने के बाद हमलोग सोने चले गई। वही आरती देवी भी अपने चार माह के बच्चे के साथ सोने चली गई। रविवार की सुबह मृतक आरती देवी के रूम से बच्चा की रोने की आवाज आ रही थी। आरती का कुछ पता नही चल रहा था। जब हम आरती के रूम में जा कर देखे तो बिस्तर पर बच्चा रो रहा है। बगल में ही आरती घर के एक रूम में फांसी लगा ली थी। उसका शव फांसी से झूल रहा था। इसी बीच हमलोग इस घटना के बारे में आसपास के लोगों से बोले। धीरे धीरे फांसी की घटना पूरे गांव में फेल गई। देखते ही देखते जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों ग्रामीण भी घटना स्थल पर शव देखने पहुंच गए। गांव के लोगो ने ही इस घटना की सूचना थाना प्रभारी तथा आरती देवी के घर केतार थाना के पंचाडूमार दिया। मृतक आरती देवी के पिता और मां दोनो सूचना पाकर नवाडीह आ गए। दामाद मनोज ठाकुर पर बेटी आरती देवी को मारकर हत्या करने की आरोप लगाने लगे। सूचना पाकर थाना प्रभारी अभय कुमार ने एसआई अरुण कुमार सिंह को दल बल के साथ घटना स्थल पर भेजा। एसआई अरुण कुमार सिंह ने स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, अशोक ठाकुर, कलामुद्दीन अंसारी सहित भरी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### क्या कहते है मृतक के पिता

मृतक आरती देवी के पिता विनय ठाकुर ने बताया आरती और मनोज ठाकुर की शादी अप्रैल 2021 में हुई थी। शादी के बाद से ही दामाद मनोज ठाकुर शराब पीकर आरती के साथ मार पीट करते रहते थे। कई बार हमलोग भी आकार मनोज ठाकुर को समझाए बुझाए थे। लेकिन मनोज ठाकुर पर कोई असर नही हुआ। अंततः मनोज ठाकुर ने ही मेरी बेटी को मारकर आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी पर लटका दिया। मेरी बेटी आत्महत्या नही करेगी।

> सूचना के पश्चात एसआई अरुण कुमार सिंह को दल बल के साथ घटना स्थल पर भेज दिया था। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लड़की के पिता थाना को अभी तक आवेदन नहीं दिए है। पुलिस अपने स्तर से जांच पड़ताल कर रही है।
>
> अभय कुमार
> थाना प्रभारी खरौंधी

# कांग्रेस कमिटी प्रखंड इकाई बड़गड़ का विस्तार, अध्यक्ष बने अमलेश

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़।** इंटक राष्ट्रिय अध्यक्ष सह झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के उपस्थिति में प्रखण्ड अंतर्गत पुराने प्रखंड कार्यालय के परिसर में शनिवार को कांग्रेस कमिटी प्रखण्ड इकाई बड़गड़ का विस्तार किया गया । कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत पुष्पगुच्छ दे कर व स्वागत गान से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के बड़गड़ प्रखण्ड अध्यक्ष सोमा टोप्पो के द्वारा किया गया वहीं मंच संचालन जितेंद्र चंद्रवंशी ने की । प्रखण्ड के कमिटी में सर्वसम्मति से अमलेश तिर्की को युवा कांग्रेस अध्यक्ष चुना गया । इसी तरह फिदा हुसैन, परमा टोप्पो, अकलू बाखला, मोबारक अंसारी, श्रवण यादव, शौकत अंसारी, समीम अंसारी, शिवबालक मांझी, फरियाद अंसारी, सत्यानंद बाखला, दिनेश



लकडा, दयांती बाखला, शकिला बानो, अगस्तिना मिंज, किरण तिर्की, निर्मला कुजूर, सोनी देवी, उषारानी तिर्की आदी को प्रखण्ड कमिटी का सदस्य बनाया गया । कार्यक्रम में उपरोक्त लोगों के अलावे नंदगोपाल त्रिपाठी , बीस सुत्री अध्यक्ष विश्राम बाखला , उपाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल, जिला सदस्य कौशर आलम कांग्रेस सचिव मोहन यादव आदी सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## न्यूज गैलरी

### रोज बाल गृह लातेहार में पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के केश्वर आहरा के समीप रोज बाल गृह लातेहार में रविवार को गांधी पुस्तकालय लातेहार के द्वारा बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों के बीच लेखन सामग्री कॉपी, कलम आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए बाल गृह प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता कराने से बच्चों में निखार आती है ओर बच्चों को सोचने एवं समझने की क्षमता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के बीच समय-समय पर कराने की आवश्यकता है। बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता होने से बच्चों में खुशी का माहौल देखा गया। इस मौके पर अंशु गुंजनी, अनिता कुमारी, दीपक कुमार,मुकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### बभंडी छठ पूजा कमेटी का किया गया गठन, कन्हाई प्रसाद बने अध्यक्ष



**बरवाडीह।** आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रखंड क्षेत्र में तैयारी शुरू कर दी गई है जहां प्रखंड के बभंडी छठ पूजा कमेटी के द्वारा पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नईकमेटी का गठन किया गया। रविवार को नई कमेटी का गठन हेतु भोला प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। वही कमेटी में भाजपा नेता मनोज प्रसाद, कमलेश प्रसाद को उपाध्यक्ष, रणजीत यादव मंटू को सचिव, जितेंद्र साह कोकोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वही कमेटी में संरक्षक के रूप में उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल , पूर्व मुखिया हुलास सिंह मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना सिंह को बनाया गया है. जबकि सक्रिय सदस्यों में 1 दर्जन से अधिक लोगों को रखा गया है बैठक में पूर्व की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से छठ पूजा हेतु छठ घाट का आयोजन एवं सजावट करने का निर्णय लिया गया।

### सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान दो से छः वर्ष के बच्चों को देगी निःशुल्क शिक्षा



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान द्वारा दो से छः वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। उक्त निर्णय संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड के बरवाडीह-रामपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को आयोजित बैठक में ली गई। संस्थान के स्टेट कोर्डिनेटर राजेश कुमार सिन्हा व राज्य सचिव रामजनम कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा बालवाड़ी योजना के तहत प्रखंड के सभी गांवों में बालवाड़ी केन्द्रा खोला जाएगा। जिसमें दो से छः वर्ष के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। केन्द्र में 10 से 15 बच्चे होंगे, जिन्हें शिक्षा के साथ निःशुल्क शिक्षण सामाग्री भी दी जाएगी। आगे बताया कि योजना के संचालित किए जाने से विद्यालय जाने से पूर्व ही बच्चों में बुनियादी साक्षरता व संख्याज्ञान को बेहतर किया जाएगा। बैठक में प्रखंड कोर्डिनेटर पूनम कुमारी समेत संस्था के अन्य लोग शामिल थे।

### 01 से 19 वर्ष तक के किशोर व किशोरियों को 17 अक्टूबर से खिलाई जायेगी एल्बेंडाजोल की गोली



**लातेहार।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के प्रचार प्रसार को लेकर जिला ग्रामीण स्वास्थ समिति की ओर से प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता लातेहार सिविल सर्जन डा. दिनेश कुमार ने कहा कि 17 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस राज्य द्वारा निर्धारित किया गया है। जिसे सफल संचालन हेतु प्रचार प्रसार को लेकर लोगों को बीच जागरूक जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने बताया कि जिले के 1 वर्ष से 19 वर्ष के किशोर व किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। जिसको लेकर सभी विद्यालय में अभियान चलाकर खिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी विद्यालय के शिक्षकों को दवा खिलाने की जानकारी दी गई है और दवा भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सोमवार से अपने अस्तर से सभी स्कूलों और सीएससी सेंटर में उद्घाटन के बाद कृमि की दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। डीपीएम वेद प्रकाश ने कहा कि वार्म बढ़ जाने से बच्चे कुपोषण और एनीमिया जैसी बीमारी का शिकार हो रहे हैं। इस बीमारी से बचाव व रोकथाम हेतु अभियान चलाकर सभी सीएससी सेंटर और स्कूलों में बच्चों को गोली खिलाई जाएगी। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है की जो बच्चें बाहर से आएं है वह भी नजदीकी स्कूल या सीएससी सेंटर पहुंचकर एल्बेंडाजोल गोली का सेवन करें ताकि कुपोषण एवं एनीमिया बीमारी का शिकार होने से बच सकें। इस मौके पर करुणेश कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### एक बार फिर शुरू होगा पंचायत स्तर पर बालू का उठाव

# लातेहार में 36 घाटों से होगा बालू का उठाव





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में पंचायत स्तर पर 36 बालू घाटों से 16 अक्टूबर से बालू का उठाव शुरू हो गया। उक्त बातें जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा बालू खनन पर एनजीटी की रोक हटाते हुए 16 अक्टूबर से पंचायत स्तर पर बालू का उठाव शुरू हो गया। जबकि शहरी क्षेत्र में बालू घाटों की नीलामी को लेकर सर्वेक्षण रिपोर्ट बनाया जा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार होने के बाद ही पता चलेगा कि जिले में कितने बालू घाटों के नीलामी होगी। डीएमओ ने आगे कहा कि बालू घाटों से उठाव किए गए बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उद्देश्य सरकार द्वारा प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन आदि के लिए होगा। इन बालूघाटों में बालू के उठाव के लिए किसी भी परिस्थिति में मशीन का प्रयोग नहीं किया जाएगा तथा बालू के परिवहन में ट्रैक्टर को छोड़कर किसी भी अन्य भारी वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा। इन बालू घाटों से बालू का उठाव कर उसका भंडारण अन्यत्र जगहों पर नहीं किया जाएगा।

#### बालू का स्वामित्व कर रॉयल्टी टैक्स से मुक्त होगा

बालूघाटों से उठाये गए बालू का स्वामित्व कर रॉयल्टी टेक्स से मुक्त होगा। बालूघाटों के पहुंच पथ, प्रबंधन पर्यवेक्षण इत्यादि के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि ग्राम पंचायत या स्थानीय शासन द्वारा किया जाएगा जो कि बालू प्राप्तकर्ता को एक प्रति ग्राम पंचायत या स्थानीय स्वायत्त शासन द्वारा लिया जाएगा जो कि बालू प्राप्तकर्ता को एक प्राप्ति सह परिचलन स्लिप निर्गत करेंगे। प्राप्त सह परिचालन स्लिप का त्रिपल्लक्लेट में संधारण किया जाएगा। जिसकी एक प्रति ग्राम पंचायत का स्थानीय स्वायत्त शासन के प्रबंधन के पास स्लिप का एक प्रति बालू खनिज प्राप्तकर्ता के पास तथा एक पर्ची प्राधिकृत प्रवर्तन पदाधिकारी के लिए होगा। यह प्राप्ति सह संचालन स्लिप तीन प्रति में संधारण किया जाएगा। इस प्रकार एकत्र राशि का उपयोग संधारण झारखंड स्टेट सेंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के अनुसार किया जाएगा। बालू घाट से प्राप्त राजस्व का अलग से खाता संचालन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाएगा। बैंक खनिज से प्राप्त होने वाला राजस्व राशि केश बैंक खाता में जमा करने की जिम्मेदारी संबंधित पंचायत सचिव की होगी।

# वन विभाग ने भूमिहीन का मकान किया क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों ने किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के पोकला गांव में वन विभाग द्वारा बर्बरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए रविवार को भूमिहीन विधवा लखिया देवी के बरामदे को तोड़ दिया गया। वन विभाग की इस कार्रवाई से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। ग्रामीणों की मानें तो पूर्व में आर्थिक तंगी को देखते हुए लोगों ने चंदा देकर घर निर्मित कराया था। वहीं भुक्तभोगी विधवा ने बताया कि चार-पांच वदीर्धारी वन कर्मियों ने दोपहर तीन बजे यह कार्रवाई की। इसके साथ हीं वन कर्मियों पर 15-20 हजार रुपए मांगने का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से लगातार भयादोहन किया जा रहा था। जबकी चार-पांच पुश्तों से पूर्वजों द्वारा बनाए गए घर में हीं दो कमरा बनाए हैं। तोड़ने से पूर्व विभागीय नोटिस नहीं देने की बात कही गई और निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामानों को भी वनकर्मी अपने साथ ले गए हैं। दुसरी ओर रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने पैसों की मांग के आरोपों को नकारते हुए की गई कार्रवाई पर अनभिज्ञता जाहिर की व फोरेस्टर विकास उपाध्याय ने बताया कि उन्हें भी जानकारी नहीं है। जबकि कैटल गार्ड रामधनी सिंह एवं निर्मल भुईयां ने बताया कि सिपाही सुनील उरांव के दिशा-निर्देश पर कार्रवाई की गई है। पंसस राजेश चौधरी ने विभागीय अधिकारियों से संज्ञान लेते हुए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान ग्रामीण संतोष भुईयां, मिथलेश भुईयां, बालकिशुन भुईयां, राजेंद्र भुईयां, अनीता देवी, करमी देवी, पूजा देवी, मोनिका देवी, कालो देवी, कान्ति देवी, सुनीता देवी आदि शामिल थे।

# तीन पंचायतों में किसान मोर्चा का सांगठनिक चुनाव संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोकी, हुसिया और करमा पंचायत में पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में रविवार को किसान विकास मोर्चा का पंचायत स्तरीय सांगठनिक चुनाव संपन्न हो गया। सोकी के सिद्धपीठ गुरुवाड़ीह मंदिर प्रांगण में राजकुमार मेहता की अध्यक्षता में केदार मेहता को अध्यक्ष, राजकुमार मेहता को सचिव, विजय मेहता को कोषाध्यक्ष और ईश्वरी प्रसाद मेहता को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही 21सदस्यीय कार्यकारिणीसमिति का भी गठन किया गया। वहीं हुसिया पंचायत के महेश सिंह अध्यक्ष, प्रदीप यादव उपाध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह सचिव और संतोष राणा कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गये और 35 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। जबकी करमा पंचायत के गिरींद्र यादव



अध्यक्ष, बाबूलाल दांगी, उपाध्यक्ष, नंद किशोर यादव सचिव, जयनंदन यादव कोषाध्यक्ष और नागेंद्र दांगी को उपसचिव मनोनीत किया गया। 31 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में शिवकुमार सिंह, अनिल सिंह, सुभाष कुमार सिंह, जमील अख्तर, राजकुमार मेहता, मालेश्वर सिंह, संत कुमार सिंह, रामकुमार सिंह, नवलकिशोर सिंह मौजूद थे। 26 अक्टूबर को सिंदवारी गुरुद्वारा मठ में मोर्चा के केंद्रीय कमिटी का चुनाव होगा।

### बाल विवाह मुक्ति को लेकर निकली कैंडल जागरूकता रैली

# बाल विवाह के प्रति लोगों को किया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर/इटखोरी(चतरा)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को गिद्धौर व इटखोरी प्रखंड में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के तत्वावधान में बाल विवाह मुक्ती को लेकर कैंडल जागरुक्ता रैली निकाली गई। प्रखंड कार्यलय परिसर से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के तत्वाधान में जेएसलपीएस व तेजस्विनी परियोजना द्वारा बाल विवाह मुक्ती को लेकर कैंडल जला जागरूकता रैली निकाली गई। रैली जेएसलपीएस के सुनीता कुमारी, तेजस्विनी परियोजना के संध्या कुमारी व फाउंडेशन की जिला कार्यकर्ता चंचला सोनी के नेतृत्व में निकाली गई। गिद्धौर प्रखंड में जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय से



निकली जो विभिन्न मार्ग का भ्रमण करते हुए थाना परिसर पहुंच समाप्त हुई। इस दौरान हम बच्चों ने ठाना है, बाल विवाह मिटाना है सहित बाल विवाह के जागरुक्ता को लेकर नारे लगाए गए। रैली महिला समुह से जुड़ीं कई महिलाएं शामिल थीं। वहीं इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धूना क्लस्टर में प्रखंड समन्वयक श्रीराम पाठक के नेतृत्व में केंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान श्री पाठक ने कहा कि 16 अक्टूबर 2022 भारत के इतिहास में एक गौरवशाली तारिख के रूप में दर्ज होने जा रहा है। बाल विवाह मुक्त भारत के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूवात की गई है। वहीं क्लस्टर कोर्डिनेटर सोनिया कुमारी ने कहा कि ज्यादातर बच्चियां जान भी नहीं पाती है उनके हांथो में मेंहदी रचा दी जाती हैं। जो जिंदगी भर घुट-घुट कर मारने के समान हो जाता है। बाल विवाह के कलंक को धोने के लिए इस महाअभियान में आप भी शामिल हों। केंडल मार्च को सफल बनाने में युवा उत्प्रेरक संजना सिन्हा, गुड़िया कुमारी, अनीसा कुमारी, मोनिका कुमारी, रानी कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विश्वकर्मा समाज के बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**गिद्धौर(चतरा)।** रविवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत कौलेश्वरी मंदिर परिसर में विश्वकर्मा समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बालदेव राणा व संचालन सुनील कुमार राणा ने की। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों को एकजुट रहने सहित कई विदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से पंचायत स्तरीय कमिटी के गठन किया। जिसमें सुनील कुमार राणा को पंचायत अध्यक्ष, रामदेव राणा को उपाध्यक्ष, नागिन विश्वकर्मा को सचिव, कपिल कुमार राणा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में सुरेश राणा, कामदेव राणा, भानु प्रताप विश्वकर्मा, सोहन राणा, संतोष राणा, कार्तिक राणा, कामदेव राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में बोले विधायक

# संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने नई आवास में रविवार को पूरे प्रखंड से आए हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मनिका के कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता जहां नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता ने की जबकि मंच संचालन 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने की। बैठक के प्रारंभ में उपस्थित सदस्यों ने जहां विधायक का रामचंद्र सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया गया। वही इसके उपरांत विधायक रामचंद्र सिंह ने नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता समेत अन्य वरीय सदस्यों को बारी बारी से माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर संगठन मजबूती पर जोर देने देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष कोराना काल बीता इसके बाद सभी साथी मुखिया चुनाव में व्यस्त रहें, लेकिन सभी साथियों को अब संगठन की मजबूती एवं संगठन विस्तार पर अत्याधिक समय देने की जरूरत है। बैठक में मंच संचालन कर रहे हैं नसीम अंसारी ने सभी सदस्यों को संगठन को मजबूती दिलाने के लिए काम करने पर जोर दिया। वही बैठक दूरदराज से आए हुए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं से विधायक को अवगत कराते हुए उसे दूर करने की मांग किया। जिस पर विधायक ने कहा कि क्रमबद्ध तरीके से सभी पंचायतों की बुनियादी समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है।

बैठक में रविंद्र राम, चेतन यादव जयप्रकाश रजक, सीधेश्वर पासवान, दिलावर अंसारी, अनवर अंसारी, हिमांशु गुप्ता, संजीव कुमार, बड़ा बाबू, सुजीत गुप्ता ,रिकी राजदीप, संजीव श्रीवास्तव, आलोक कुमार सिंह, पंकज पासवान, अनिल कुमार, रितेश्वर सिंह, विरेंद्र राव, अरुण सिंह, विष्णु राम, हलीम अंसारी, बैजनाथ सिंह, अखिलेश यादव, अनुल होदा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी और सहयोगी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** कोचिंग से पढ़ाई कर लौट रहे दो नाबालिग के साथ बलात्कार के आरोप में छिपादोहर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पोक्सो एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की शिकायत के बाद छिपादोहर थाना पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दुष्कर्म के आरोपी और उसका सहयोग करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। इस घटना के संबंध बाबत पीड़िता नाबालिग ने लिखित शिकायत में बताया कि केड़ से कोचिंग करके अपने एक अन्य सहेली के साथ घर आ रही थी। इसी बीचगांव के ही यमुना सिंह के पुत्र तुलसी सिंह व कौशल सिंह मोटरसाइकिल से आये और कहा चलो हमलोग भी घर जा रहे हैं। बहला फुसलाकर हमलोगों को अपने मोटरसाइकिल पर बैठा लिया। कुछ दूर जाने के बाद दोनों युवकों ने कहा कि चलो लोध फॉल घूमकर आते है और फिर दोनो ने लोध फॉल ले गए। उसके बाद वापस होने के दौरान अंधेरा हो गया और रास्ते में मोटरसाइकिल रोककर तुलसी सिंह ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया जबकि कौशल सिंह ने उसे सहयोग किया।

उधर इस मामले में शनिवार को नाबालिग पीड़िता छिपादोहर थाना प्रभारी के समक्ष न्याय की गुहार लगाने पहुंची. पीड़िता के लिखित शिकायत पर छिपादोहर थाना में आइपीसी की 341/342/376 समेत विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने दोनों को केड़ से गिरफ्तार कर लिया।

### तीन दिनों से लापता व्यक्ति का शव कुआं से बरामद

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के कुरोकला ग्राम संदीप समुदवार बारी स्थित कुआं में रविवार सुबह ग्रामीणों ने एक शव को तैरते हुए देखा। जिसकी सुचना पुलिस को दी। शव की पहचान निरंजन राम औरगाबाद जिले बिहार के रूप हुई है जो प्रखंड में चल रहे हर घर जल नल योजना को लेकर ग्राम कुरोकला में जितेन्द्र यादव के घर में अपने साथी के साथ रहकर मिस्त्री का काम करता था। वह 13 सितंबर से शाम आठ बजे से लापता था। जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद पता नहीं होने पर थाने में मामले को लेकर मामला दर्ज कराया गया था। वही पुलिस द्वारा शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा गया। वही पुलिस हत्या व आत्महत्या है की मामले की जांच कर रही है।

### स्क्रैपर कंपनी के प्रतिनिधि पहुंचे प्लांट, रैयत वर्करों से की वार्ता

# अपनी मांगों को लेकर अड़े रैयत वर्कर, वार्ता विफल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा (लातेहार)।** चकला अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में एक सप्ताह से चल रहे आंदोलन का असर शनिवार को देखने को मिला। स्क्रैपर कंपनी के प्रतिनिधि राना ने शनिवार को चकला प्लांट पहुंचकर रैयत वर्करों से वार्ता की, करीब दो घंटे तक चली वार्ता विफल हो गया। वार्ता के क्रम में रैयत वर्कर अपनी सभी बकाए पैसे का एक मुस्त भुगतान करने और प्रत्येक माह दो हजार रुपए की बढ़ोतरी करने एपीएफ के साथ प्रत्येक माह वेतन देने की मांग स्क्रैपर कंपनी के प्रतिनिधि राना के समक्ष रखा। इसपर स्क्रैपर कंपनी के प्रतिनिधि राना ने बकाए पैसे का बीस प्रतिशत ही भुगतान करने व काम चलने तक प्रत्येक माह एक हजार रुपए की बढ़ोतरी करने की बात कही। स्क्रैपर कंपनी के प्रतिनिधि राना की इस आश्वासन को रैयत वर्कर नहीं मानें, और अपनी मांगों पर रैयत वर्कर अड़ गए इससे वार्ता विफल हो गई है। अब रैयत वर्कर आगे की रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं।

बताते चलें कि स्क्रैपर कंपनी चकला प्लांट से स्क्रैप निकालने के लिए झाड़ी पेंड़ की कटाई करवा रही थी, स्क्रैपर कंपनी का कहना था कि स्क्रैप निकालने के लिए कोर्ट से आदेश लिए हैं लेकिन कोर्ट का आदेश मांगे जाने पर स्क्रैपर कंपनी, रैयत वर्करों को कोर्ट का आदेश दिखा नहीं रही है।

रैयत वर्कर करीब एक सप्ताह से अपनी बकाए पैसे व अन्य मांगों को लेकर स्क्रैपर कंपनी से वार्ता करने की मांग कर रहे थे इसको लेकर रैयत वर्कर लगातार आंदोलन पर थे, प्रोजेक्ट हेड बीसी साहू को ज्ञापन भी दिया था, रैयत वर्करों ने एक बार प्लांट का काम बंद कराया दुसरे दिन फिर चालू हो गया, इसके बाद पुनः सैंकड़ों की संख्या में रैयत वर्कर ने शुक्रवार को प्लांट पहुंचकर काम बंद करा दिया जेसीबी और हैड्रा मशीन को प्लांट से बाहर कर प्रोजेक्ट हेड से मिलकर रैयत वर्कर ने कहा था कि स्क्रैपर कंपनी से वार्ता होने तक काम को बंद रखा जाय इसके बाद स्क्रैपर कंपनी के प्रतिनिधि राना ने रैयत वर्कर से शुनिवार को वार्ता किया जो वार्ता बेनतीजा समाप्त हो गया है।

इधर रैयत वर्कर कहते हैं कि स्क्रैपर कंपनी कहीं न कहीं गलत है इस लिए कोर्ट का आदेश नहीं दिखा रही है, बड़ी गड़बड़ झाला है जिसे स्कैपर कंपनी छिपाना चाहती है और स्क्रैप का घपला करने की उनकी मंशा है।

# बरवाडीह मंडल के जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास में पंचायत के काफी संख्या में लोग पहुंच मुलाकात कर बरवाडी मंडल की जर्जर सड़क निर्माण मांग किया। रविवार को प्रखंड के मोरवाई पंचायत के मंडल, बढ़निया,मोरवाई, तातहा,गर्म झरना, सेदूप समेत पंचायत के अन्य गांव की काफी संख्या में ग्रामीणों पंचायत के मुखिया आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में मंगरा पहुंचकर विधायक रामचंद्र सिंह से मुलाकात किया। ग्रामीणों ने मंडल बरवाडीह जर्जर सड़क रहने सेआने जाने वाली वाले लोगों को हो रही परेशानियों से विधायक को अवगत कराते हुए अभिलंब सड़क निर्माण कराने की मांग किया। ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर सड़क रहने से बरवाडी से मंडल जाने में जहां 45 मिनट का समय लगना चाहिए। वहां जर्जर सड़क रहने के कारणडेढ़ घंटा से अधिक समय लगता है। वहीं जर्जर सड़क के कारण दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। ऐसे में ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए सड़क निर्माण अभिलंब कराया जाए। ग्रामीणों ने इस संबंध में एक हस्ताक्षर युक्त मांग पत्र विधायक रामचंद्र सिंह को सौंपा। वही विधायक रामचंद्र सिंह ने सभी ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि जल्दी ही बरवाडी मंडल रोड का कायाकल्प किया जाएगा. उन्होंने कहा कि मंडल बरवाडी जर्जर सड़क निर्माण की सभी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मांग पत्र सौंपने वालों में आशीष सिंह, प्रेम सिंह, दुखन सिंह, बलराम सिंह,रीना देवी, बजरंगी पासवान समेत काफी लोग शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### आगामी त्योहार को मद्देनजर टेढ़ईटांगर थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**टेढ़ईटांगर।** टेढ़ईटांगर थाना परिसर में थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश की अध्यक्षता में आगामी दीपावली छठ चित्रगुप्त पूजा सहित अन्य त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गयाम बैठक की अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी ने सभी लोगों को पूर्व की भांति सभी प्रकार के त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से एकता भाईचारे के साथ मनाने की अपील की थाना प्रभारी ने कहा कि जिस प्रकार पूर्व में इस क्षेत्र में सभी त्यौहार को आपसी भाई चारे के साथ मनाया गया है उसी प्रकार मनाया जाए पुलिस आपकी पूरी तरह से सहयोग करेगी। वही मौके पर उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान अवैध शराब पर लगातार छापेमारी अभियान चलाई जाएगी ताकि कोई भी व्यक्ति उपद्रव ना कर सके। इसके अलावा सोशल मीडिया पर विशेष पैनी नजर रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की धार्मिक भावनाओं को कोई भी ठेस ना पहुंचा सके। उन्होंने कहा कहीं पर भी कोई भी अफवाह की सूचना मिलती है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी पुलिस इस मामले में सत्यापन करते हुए दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करेगी। मौके पर उन्होंने सभी लोगों को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी और कहा किसी प्रकार के अंजान कॉल ओटीपी और किसी को अपना बैंक पासबुक एटीएम पिन आदि चीजों का शेयर ना करें अन्यथा आपके जमा पूंजी का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी अपने आधार से संबंधित किसी प्रकार की निजी जानकारी भी शेयर ना करें जिससे कि परेशानी हो। बैठक में बंसी प्रसाद राजू सिंह मुमताज आलम, मोहम्मद अलाउद्दीन, प्रीतम कंडुलना, बसंत कुमार समद जल, शैलेश कुमार, अजीत प्रधान, श्रवण सेनापति, बंधु मांझी, लक्ष्मी बड़ाईक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक, संगठन को धारदार बनाने की बनी रणनीति



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड कमेटी पंचायत कमेटी व युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। वहीं संगठन को मजबूत बनाने, सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने, जरूरतमंद लोगों को प्रखंड स्तर पर सहयोग करने का भी निर्देश प्रखंड व पंचायत कमेटी के लोगों को दिया गया। झामुमो विशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बिटू उरांव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी व संगठन के रीढ़ होते हैं। ऐसी स्थिति में सभी कार्यकर्ताओं को एक सूत्र में होकर बूथ स्तर से लेकर प्रखंड कमेटी तक गठन कर विस्तार करने की बात कही। मौके पर मौजूद भंडरा प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव ने भी सरकार की सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को कोशिश करने की जरूरत है। सरकारी योजना से वंचित ना रहे जनता को अपने अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाने की जरूरत है। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद, प्रखंड सचिव दानियाल लाकड़ा प्रखंड उपाध्यक्ष साजिद अंसारी 20 सूत्री सदस्य अमरेश रथे, अब्दुल कुदुस सदस्य, तैयब खान, मंसूर अंसारी, तबरेज अंसारी, मंजूर अंसारी, एजाजउल अंसारी, खुर्शीद अंसारी, महमूद अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, रामब्रिज उरांव, आनंद उरांव, गणेश सोनी, सैफुला अंसारी, अब्दुल अंसारी, रियाज अंसारी, इसराफिल अंसारी, हमिद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तबारक अंसारी, अफजल अंसारी, हसीब अंसारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हमारा लक्ष्य सिमडेगा बनेगा बाल विवाह मुक्त जिला : राजेंद्र प्रसाद सिंह



**सिमडेगा।** बाल विवाह झारखंड राज्य में एक गम्भीर मुद्दा है। झारखंड सरकार बाल विवाह के मुद्दे की रोकथाम हेतु काफी संवेदनशील है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 लागू है। रविवार को झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउन्डेशन एक साथ मिल कर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ कर रहे हैं। इसी क्रम में सिमडेगा जिलान्तर्गत संचालित बाल देखरेख संस्था सहयोग विलेज के परिसर में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राजेंद्र प्रसाद सिंह नेतृत्व में दीप प्रज्ज्वलित कर सिमडेगा जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने हेतु शपथ लिया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाईक, सखी वन स्टॉप सेन्टर के केन्द्र प्रशासक प्रियंका विश्वकर्मा एवं अन्य कर्मी की गरिमामय उपस्थित रही।

### जिला ताइक्वांडो संघ ने बैठक कर स्कूलों में प्रशिक्षण को लेकर की चर्चा



**सिमडेगा।** जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व संघ के अध्यक्ष जवाहर चौधरी सचिव जूनास डांग तकनीकी निदेशक मोनू पटेल ने किया। इसमें जिला के सभी ब्लॉक के ब्लॉक प्रभारी उपस्थित थे। सभी स्कूलों में दिया गया प्रशिक्षण के विषय में चर्चा की गई। संघ के सचिव के द्वारा संस्था को आगे बढ़ाने और इसके प्रगति के लिए मिल- जुल कर कार्य करने की आदेश दी गई। संस्था में सभी ब्लॉक प्रभारी को अपने ब्लॉक का कार्य सौंपा गया और नियमित ढंग से अपने अपने क्लास को सुचारू रूप से चलाने का आदेश दिया गया। थक में निम्न लोग शामिल थे, कृष्णा बड़ाईक ,सुदर्शन बढ़ाई, मार्कुस कुजूर, विजय कुमार सिंह, जय लाल गंझू, रघुवर साहू, जेम्स कंडुलना, जगदीश मांझी,सुरजन ईनदवार, प्रेम कीड़ो, विकास साहू, और मनी कुमारी सिंह उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय अंडर 11 व 13 बालक-बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप चयन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह

# भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल की दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करेगा : सुदर्शन भगत

- सांसद ने बैडमिंटन कोर्ट पर मैट बिछाने की मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय के इंडोर कोर्ट में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 11 एवं अंडर 13 बालक बालिका बैडमिंटन चैंपियनशिप चयन प्रतियोगिता 2022 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सुदर्शन भगत ने जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा की सराहना करते हुए बतलाया कि लोहरदगा जैसे छोटे जिले में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का सफल आयोजन निश्चित ही प्रशंसनीय है, यह सुखद संयोग यह है कि आजादी के 75वें वर्ष अमृत महोत्सव में इस आयोजन में पूरे राज्य के 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का भी सपना है कि भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल की दुनिया में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करे और इसके लिए वे पूरे देश में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप छोटे-छोटे खिलाड़ी अभी राज्य खेलों में प्रदर्शन कर रहे हैं इसके बाद राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत और झारखंड का नाम रोशन करेंगे। सांसद ने जिला सचिव मलय दत्ता के द्वारा बैडमिंटन कोर्ट पर मैट बिछाने की मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया और कहा कि लोहरदगा के खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा या कमी का भविष्य में सामना नहीं करना पड़ेगा। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद लोहरदगा जिला अपने सामर्थ्य से प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। आयोजन को सफल बनाने में बैडमिंटन एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सम्मानित सदस्यों ने काफी मेहनत किया है हमें उन पर गर्व है। इस आयोजन से लोहरदगा खिलाड़ियों को काफी लाभ मिलेगा। सचिव मलय दत्ता ने बताया कि खिलाड़ियों में गजब का उत्साह पाया गया, झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं सिर्फ अवसर देने की आवश्यकता है।




यह आयोजन खिलाड़ियों को बहुत बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी लोहरदगा शिवेंद्र कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, जैप के एस पी वाय ए रमेश, डॉ शशि गुप्ता, राकेश जी, प्रोफेसर स्नेह कुमार, राहुल कुमार उपास्थित थे। वसीम अकरम रेफरी, वाहिद अंसारी एंपायर एवं अजीत कुमार राणा एंपायर ने खेल सम्पन्न कराया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, सचिव मलय दत्ता, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, उपाध्यक्ष दुबराज यादव, मुरारी गोस्वामी, सह सचिव गणेश पांडेय, नीरज खत्री, संयुक्त सचिव जगनन्दन पौराणिक, राकेश शर्मा, प्रवीण पटेल, कार्यकारणी सदस्य अरुण राम, शिव कुमार भगत, उत्तम शर्मा, विनोद कुमार उरांव, सतीश चंद्र उरांव, रंजीत साहू, राहुल साहू, पंकज साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

## प्रो. शिवदयाल साहू के घर पर हुई चोरी की घटना को पुलिस की टेक्निकल सेल ने की जांच

**एसडीपीओ बीएन सिंह ने कहा, शीघ्र पकड़े जाएंगे चोर गिरोह के सदस्य**



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** पिछले दिनों प्रो शिवदयाल साहू के घर मे हुई चोरी की तहकीकात शनिवार की देर शाम को अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह की अगुवाई में टेक्निकल टीम एवं सदर थाना पुलिस ने किया। टीम के सदस्यों ने चोरी की घटना के विभिन्न पहलुओं की गहनता से जांच की। मिशन चौक से लेकर प्रो शिवदयाल साहू के घर तक की विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की गहनता से जांच की। सीसीटीवी फुटेज में प्रो साहू के घर में घुसकर चोरी करने वाले सख्श का चेहरा कैद हो गया है। पुलिस उसकी पहचान के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। एसडीपीओ बीएन सिंह ने स्वयं उपस्थित रहकर मामले की हर पहलू की जांच की। प्रो साहू से चोरी की वारदात के संदर्भ में जानकारी लिया। इस संदर्भ में एसडीपीओ बीएन सिंह ने बताया कि प्रो साहू समेत शहरी क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का शीघ्र पुलिस पदार्फाश करेगी। चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम सक्रियता से कार्य कर रही है। गौरतलब हो कि प्रो शिवदयाल साहू के घर पर बुधवार गुरुवार देर रात को चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया था। यहाँ चोरों ने बुधवार गुरुवार मध्यरात्रि लगभग 12 बजकर 51 मिनट पर घर के बाउंड्री से कूदकर घर मे घुसा और दरवाजे की कुंडी को तोड़ डाला और घर मे प्रवेश कर गया। घर मे रखे चार गोदरेज का कुंडी को बिना तोड़े गोदरेज को खोला और उसमें रखे नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चारों गोदरेज में रखें लगभग आठ लाख के सोने चांदी के जेवरात और लगभग 100000 नगदी की चोरी करते हुए फरार हो गए थे। गुरुवार की देर रात पुलिस प्रो शिवदयाल साहू के घर पर पहुंचकर चोरी की घटना की छानबीन की थी। बगल के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। पुलिस टीम में पुअनि टीनू साव, सअनि अरविंद शर्मा समेत अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

### हाथियों की चिंघाड़ से फिर गूंज उठा लोहरदगा और लातेहार के सीमाना क्षेत्र का इलाका

**कुडू-लोहरदगा।** लातेहार लोहरदगा सीमाना क्षेत्र के बरवाटोली जंगल लगभग दो दर्जन जंगली हाथियों की धमक से क्षेत्रवासी सहमे हुए हैं। क्षेत्र के लोगों में बीते वर्षों में हाथियों के झुंड द्वारा मचाई गयी तबाही को याद कर लोगों की नींद उड़ गई है। ग्रामीणों से मिली सूचना के अनुसार यह झुंड शनिवार 15 अक्टूबर को खलारी थाना क्षेत्र दुल्ली बसरिया क्षेत्र में था। और तेज गति हाथियों का दल लगातार आबादी की तरफ आ रहा है। रविवार की सुबह 6 बजे जमुवारी गांव के टइय्याबर टोले से गुजरते हुए बरवाटोली जंगल पहुंच आराम कर रहा है। इसको लेकर चंदवा ब्लॉक के हरगाढा, जावाखांड़, बेलगा, टाटा, हेसालौंग और कुडू ब्लॉक के कालीपुर, राजरोम, हेंजला सहित आस पास के ग्रामीणों और खासकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खिंच गयी है। किसी भी समय अचानक हाथियों के आ जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण जंगल जाने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि सूचना के बावजूद भी वन विभाग द्वारा क्षेत्र में किसी प्रकार की गश्त नही शुरू की गयी है।



## कलकत्ता की तर्ज पर बनेगा निंगनी में काली मंदिर : डॉ. टी साहू

- समाजसेवी डॉ टी साहू ने मंदिर निर्माण के लिए 151000 रु और माँ काली की प्रतिमा देने की घोषणा की

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जय माँ काली पूजा समिति, निंगनी के द्वारा पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया। जिसमें मंदिर समिति के आजीवन संरक्षक दांत चिकित्सक डॉ टी साहू ने मंदिर निर्माण को लेकर कहा कि यह मंदिर कलकत्ता के काली मंदिर के तर्ज पर बनेगा, और मंदिर निर्माण में एक लाख इक्यावन हजार (151000) रुपये सहयोग राशि एवं मां कली कि प्रतिमा स्वयं द्वारा देने की बात कही। श्री साहू ने कहा मंदिर समाज का संरचना करता है, क्योंकि सम्पूर्ण विश्व में एक मात्र सनातन धर्म ही सत्य है। बैठक में हिन्दू विकास परिषद के संस्थापक देवेन्द्र मण्डल ने कहा कि मठ, मंदिर, सरना स्थल एवं अखड़ा का सुरक्षा पूरा समाज की जिम्मेदारी है, हम हिन्दुओं का शक्ति का केंद्र है हमारा धार्मिक स्थल, और इसकी मान बिन्दुओं के लिए हरसंभव तत्पर रहूंगा। वहीं बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार ने कहा कि धर्म रक्षा हेतु बजरंग दल सदैव समर्पित रहा है,और रहेगा। महर्षि बाल्मीकि जयंती के बारे में एवं उनके महान गाथाओं को लोगो के बीच रखा। मुख्य रूप से मौके पर उपस्थित विहिप धर्म प्रसार प्रमुख सह हिन्दू विकास परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सतीश पाण्डे ने कहा धर्म है तो मंदिर है और मंदिर ही हम हिन्दुओ की पहचान है। हमारी बहन बेटीओ के ऊपर हो रहे अत्याचार एक विशेस समुदाय के द्वारा किया जा रहा है, एंव लव जिहाद के द्वारा हमारी आदिवासी समुदाय के बेटियों को शिकार बना कर चुनाव लड़ा कर फायदा उठाने का काम कर रहे हैं, अब हमारा समाज बर्दाश्त नही करेगा। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, सचिव नीरज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार साहू, कृष्णा साहू, रामबिलास साहू ,महली साहू, प्रदीप साहू एवं गांव के महिला पुरुषों में भाग लिया।



## झारखंड विस की आवास समिति की बैठक हुई, अधिकारियों को मिला निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जे जी गोल्डस्टेन, सभापति, झारखंड विधानसभा आवास समिति की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा की आवास समिति की बैठक परिसदन, लोहरदगा में हुई। बैठक में सभापति द्वारा भवन प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल, लघु सिंचाई, ग्रामीण कार्य विभाग, जिला उद्योग, जिला कृषि, पशुपालन, गव्य विकास, अवर निबंधन, जिला योजना, समाज कल्याण आदि विभागों की समीक्षा की गई। आवास निर्माण के संबंध में निदेश दिया गया कि जिन आवासों का कार्य प्रगति धीमा है उसे जल्द पूर्ण करें। सिविल एसडीओ कार्यालय का भवन जल्द पूर्ण करें। पुलिस अधीक्षक आवास के नये आवास के समिति के समक्ष प्रस्ताव रखें ताकि समिति उसपर विचार कर सके। नये समाहरणालय भवन के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा बताया गया कि निविदा की प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है। जल्द ही एग्रीमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। भवन प्रमंडल, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि जिन योजनाओं में प्रगति धीमी है, उसमें तेजी लायी जाय। पथ प्रमंडल, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि निमार्णाधीन पथों का कार्य जल्द पूर्ण करें और जर्जर पथों की मरम्मति की जाय। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि कुडू में सामुदायिक स्वास्थ्य की योजना को भवन निगम हस्तांतरित किये जाने के संबंध में आवश्यक निदेश दिये गये। साथ ही इसकी सूचना झारखंड विधानसभा की आवास समिति को भी भेजे जाने का का निदेश दिया गया। सिविल सर्जन लोहरदगा द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय के नए भवन की मांग पर सभापति द्वारा निदेश दिया गया कि इसके लिए प्रस्ताव आवास समिति को भेजी जाय। बैठक में सभापति द्वारा जिला में संचालित योजनाओं पर संतोष व्यक्त किया गया और अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई। बैठक में झारखंड विधानसभा की आवास समिति के उप सचिव वजीद बंटी, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, भवन प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता अभय कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पर्षद देवेंद कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, पथ प्रमंडल कार्यपालक अभियंता रविंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक रायडीह में सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**रायडीह।** 10 नवंबर 2022 को रांची में झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र सम्मान समारोह में रायडीह से सैकड़ो की संख्या में भाग लेंगे। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा रायडीह के अध्यक्ष अशोक कुमार भगत ने सरकार से आंदोलनकारी को मान सम्मान, पेंशन, पहचान वा नियोजन जल्द देने की मांग की है। सरकार द्वारा चिन्हित आंदोलकारीयों को सरकार जल्द से जल्द पहचान पत्र दे, साथ ही जिला स्तर पर सभी उपायुक्त को निर्देश दे कि सभी चिन्हित आंदोलकारी को 15 नवंबर 2022 को सम्मानित करे। की मांग किया गया। झारखंड आंदोलकारी सदस्यों को आग्रह किया गया है सभी कोई अपने अपने गांव पंचायत पर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए निगरानी रखें। सरकार द्वारा चलाई जा रही आप की योजना आप की सरकार आपके द्वार में सभी आंदोलनकारी अपने अपने गांव पंचायत में जाएं और अपनी अपनी समस्या रखे तथा अपने अपने पुत्रियों जो विद्यालय के 8 क्लास में पढ़ाई कर रहे है। उसका आधार कार्ड, फोटो परिवार के माता या पिता का फोटो, आधार कार्ड ले कर जाय। ताकि सावित्री बाई फुले योजना का लाभ अपने पुत्रियों को मिल सके। इस बैठक में मकुंद उरांव, बिरसु उरांव, दुर्गा उरांव, सीताराम उरांव, अशोक कुमार भगत अमला उरांव, ज्याराम उरांव, एवं सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे मंच संचालन जीतू खरिया ने किया।



### ग्रामीणों की समझदारी और प्रशासन की तत्परता से कायम रहा सौहार्द्र

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के होंदगा गांव में नशे के आदी और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति ने ग्राम देवी मंदिर में देवी पिंड को क्षतिग्रस्त किया। ग्रामीणों ने राम किशोर साहू नामक इस व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। लोहरदगा सिविल एसडीओ अरविंद कुमार लाल और एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी, बीडीओ सहित अन्य अधिकारियों और जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बैठक की। ग्रामीणों ने अधिकारियों से कहा कि इस गांव में हमेशा सौहार्द्र का माहौल रहा है और आगे भी बना रहेगा। एसडीओ ने ग्रामीणों की समझदारी की प्रशंसा की और नशा करने से बचने, युवा पीढ़ी को अच्छा बुरा समझाने, और सामाजिक कार्य के लिए अगर कोई बहकाता है तो बहकावे में नहीं आने को कहा। स्थानीय ग्रामीण सुनील कुमार सिंह ने कहा कि गांव में भाईचारे का माहौल शुरू से रहा है। कहीं कोई परेशानी नहीं है। जिस ने गलती की थी। उसे प्रशासन के हवाले कर दिया गया है।

**सात दशक पूर्व लालच में बने थे ईसाई, आज हुई घर वापसी**

## समाज के धर्मातरित लोग वापस आएं, स्वागत है : कृष्णा बड़ाईक



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला गांगुटोली निवासी गोबिंद बड़ाईक पिता स्व मंगरा चीक बड़ाईक सपरिवार सामाजिक रीति रिवाज के साथ ईसाई धर्म को छोड़कर अपना पुराना धर्म सरना में वापसी किया।सरना धर्म में वापस लौटने वालों में गोबिंद बड़ाईक के साथ उनकी धर्मपत्नी बंधन देवी, पुत्री मुस्कान बड़ाईक, पुत्र आकाश बड़ाईक, पुत्री साक्षी बड़ाईक, सिमी बड़ाईक, रागिनी बड़ाईक, एवं आरती बड़ाईक हैं। लगभग 1964-65ईस्वी में गोबिंद बड़ाईक का पिताजी ईसाई धर्म अपना लिया था उसी समय से इनका परिवार ईसाई धर्म मानते आ रहा था। अपने पुराने धर्म सरना में वापसी के लिए इनके द्वारा चीक बड़ाईक समाज के प्रखंड अध्यक्ष माघु बड़ाईक को आवेदन देकर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से निवेदन किया था। इसी के आलोक में रविवार को ग्राम कोनमेरला गांगुटोली में समाज के जिलाध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक एवं प्रखंड अध्यक्ष माघु बड़ाईक उपाध्यक्ष जयंती बड़ाईक पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र बड़ाईक तथा ग्राम अध्यक्ष राजेश बड़ाईक की उपस्थिति में स्वजातीय कुटुंब बंधुओं के द्वारा सामाजिक विधि विधान एवं रीति-रिवाज के साथ समाज में शामिल किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीक बडाईक समाज के जिलाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य कृष्णा बडाईक ने कहा की लोग चंद लालच में आकर धर्म परिवर्तन कर लेते हैं ईसाई मिशनरियां भोले-भाले गरीबों को पद और पैसों का लालच देकर धर्म परिवर्तन जैसे कुकृत्य को अंजाम देते हैं। उन्होंने कहा की जो समाज अपनी रक्षा नहीं कर सकती, उसका एकदिन विनाश हो जाता है। समाज के लोग संगठित होकर रहे। नशा का त्याग कर पढ़ें और पढ़ाएं तभी हमारा समाज भी अन्य समाज के जैसा सुशिक्षित होगा। घर वापसी कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री चतुर बड़ाईक, देवदर्शन बड़ाईक हीराचंद्र बड़ाईक, शिवचरण बड़ाईक, धनेश बड़ाईक, राम बड़ाईक, बसंत बड़ाईक, मनोहर बड़ाईक, बिजेय बड़ाईक, रामपाल बड़ाईक, सरस्वती बड़ाईक,आरती देवी, उषा देवी, सीता देवी,अंजनी देवी रूपम बड़ाईक समेत काफी संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित थे।

## शिक्षा के साथ राजनीतिक क्रांति समय की मांग : प्रो. विनय भरत

- युवा राजनीतिक चेतना को स्वयं में समाहित करें, मौलिक अधिकारों के लिए क्रांति करें

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू), लोहरदगा जिला की बैठक कूडू के संजय ढाबा सभागार में संपन्न हुई। बैठक में लोहरदगा जिला, जिला अंतर्गत आने वाले प्रखंड एवम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय केंद्रीय प्रवक्ता प्रो विनय भरत, बतौर विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह वरीय नेत्री नीरू शांति भगत, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, जिला अध्यक्ष ओम भारती, महिला संघ की प्रदेश प्रवक्ता अंजू देवी, छात्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह व प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष लाल मनीष नाथ शाहदेव उपस्थित रहे।

**लोहरदगा में तैयार होगी सुद्दढ़ कमिटी :** बैठक के दौरान प्रो. विनय भरत ने कहा की लोहरदगा की धरती क्रांति को जन्म देने वाली धरती है। यहां अखिल झारखंड छात्र संघ की सुद्दढ़ इकाई का गठन होगा। जिला, प्रखंड व महाविद्यालय स्तर पर झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के सपने को पूर्ण करने का भार होगा। सांगठनिक पुनर्गठन का कार्य नवंबर माह के अंत तक पूर्ण करना हम सभी का उद्देश्य है।

**स्व. कमल किशोर भगत से जीवनी से सीखें युवा संघर्ष करना :** झारखंड अलग राज्य आंदोलन के आर्किटेक्ट थे स्व. कमल किशोर भगत। उन्होंने लोहरदगा को संघर्ष करना सीखा दिया था। कमल दा विरासत में संघर्ष छोड़ गए हैं, उनके इस विरासत को स्वयं में समाहित करना हर आजसू के कार्यकर्ता का धर्म है। उक्त बातें प्रो. विनय भरत ने कही।



**शिक्षा व्यवस्था के नीव को मजबूत करने के लिए कार्यरत है आजसू :** आजसू के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा की हमारा संगठन शिक्षा व्यवस्था के नीव को मजबूत बनने के लिए सदैव प्रयासरत है। इसी क्रम में आजसू का हर एक कार्यकर्ता क्रांति का ध्वजवाहक है। सभी के सहयोग से हम अपने सांगठनिक लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। इसके लिए आवश्यक है की सभी नए और पुराने साथियों में सामंजस्य स्थापित हो।

**युवा राजनीतिक चेतना को स्वयं में समाहित करें, मौलिक अधिकारों के लिए क्रांति करें :** आजसू के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष लाल मनीष नाथ शाहदेव ने कहा कि युवाओं को स्वयं में राजनीतिक चेतना को समाहित करना होगा। राजनीति का मूल उद्देश्य समाज को अनुशासित करना है वहीं धर्म का मूल उद्देश्य स्वयं को अनुशासित करना। आज राजनीति की परिभाषा बदल रही है। आज हर युवा नेतृत्वकर्ता है। संगठन ऐसे युवाओं के लिए प्रथम पाठशाला है। आजसू युवाओं को नेतृत्व देने का अवसर देने वाली नर्सरी है। इस नर्सरी से निकल कर कई लोग राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अमिट पहचान बना चुके हैं।

## न्यूज गैलरी

### खाद्य तेलों में गिरावट, दाल दलहन मिश्रित, गुड़ गरम

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक बाजार में लगभग स्थिरता रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने और आवक बढ़ने के दबाव में बीते सप्ताह खाद्य तेलों में नरमी रही जबकि दाल-दलहन में मिश्रित रूख देखा गया। इस दौरान गुड़ में तेजी रही जबकि चीनी स्थिर रहा। अनाज की कीमतों में स्थिरता देखी गयी। तेल तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अक्टूबर वायदा समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान 394 रिंगिट की गिरावट लेकर 3280 रिंगिट प्रति टन पर रहा। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा सप्ताहांत पर 2.75 सेंट की गिरावट लेकर 63.30 सेंट प्रति पाउंड रह गया। बीते सप्ताह सोया रिफाइंड 293 रुपये प्रति क्विंटल गरम हो गया जबकि वनस्पति तेल 586 रुपये प्रति क्विंटल और सूरजमुखी तेल 220 रुपये और सोया रिफाइंड 293 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल , मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, पाम ऑयल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 16923 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19633 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 18388 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 13919 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 10256 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 13919 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

### चीन मॉडल अपनाने से भारत को लाभ नहीं

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर एक बड़ी सलाह दी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि भारत को सर्विस लैड एक्सपोर्ट मॉडल बनाने की जरूरत है। अगर भारत चीन के मैन्युफैक्चरिंग लैड एक्सपोर्ट मॉडल पर काम करता है तो उससे इसे तेजी से जीडीपी ग्रोथ रेट बढ़ाने में मदद नहीं मिलेगी। ग्लोबलाइजेशन एंड क्लाइमेट चेंज के मसले पर रघुराम राजन ने बोलते हुए कहा कि लिबरलाइजेशन का कई देशों पर पॉजिटिव इंपैक्ट हुआ है। इससे दुनिया के कई देशों में असमानता दूर करने में मदद मिली है। इंडस्ट्रियल इकोनामी और अन्य देशों के बीच आर्थिक असमानता दूर करने में उदारीकरण का बहुत बड़ा योगदान रहा है। रघुराम राजन ने कहा है कि सर्विस सेक्टर में उदारीकरण की शुरूआत से औद्योगिक और उभरती अर्थव्यवस्था दोनों को मदद मिली है। इनमें से कई सेवाएं ऐसी है जिनका अस्तित्व कुछ भी नहीं है और वह पर्यावरण पर भी कम प्रभाव डालती हैं, लेकिन पर्यावरण में बदलाव की वजह से आ रही चुनौतियों का सामना करने में उससे काफी मदद मिलती है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा, एक वजह यह है कि औद्योगिक देश अपने बॉर्डर मैन्युफैक्चरिंग वर्कर के लिए खुले रखते हैं, उससे दुनिया के अन्य देशों में कंपटीशन और आउटसोर्सिंग की प्रतियोगिता में असमानता पैदा होती है। इससे सर्विस वर्कर को लाभ मिलता है। राजनीतिक और आर्थिक रूप से पूरी तरह उदारीकरण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में शानदार नतीजे लेकर आती है।

### केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार का दिवाली गिफ्ट, डीए में की गई 9 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पांचवे व छठे वेतन आयोग के तहत सैलरी प्राप्त कर रहे कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि कर दी है। इस वृद्धि के बाद छठे वेतन आयोग के तहत सैलरी ले रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 203 फीसदी से बढ़कर 212 फीसदी हो गया है। डीए की नई दरें 1 जुलाई 2022 से लागू मानी जाएंगी। इसके अलावा पांचवें वेतन आयोग के तहत वेतन ले रहे केंद्रीय कर्मचारियों के डीए को 15 फीसदी बढ़ाकर 396 फीसदी कर दिया गया है। इन कर्मचारियों के लिए भी बढ़ोतरी 1 जुलाई से ही लागू मानी जाएगी। महंगाई भत्ता किसी कर्मचारी के बेसिक वेतन के आधार पर तय किया जाता है। अगर किसी केंद्रीय कर्मचारी की बेसिक सैलरी 43000 रुपये प्रति माह है तो उसे पुराने डीए (203 फीसदी) के तहत 87,290 रुपये मिलते होंगे। वहीं, डीए 212 फीसदी होने के बाद ये बढ़कर 91,160 रुपये हो जाएगा। इससे उनके वेतन में करीब 3800 रुपये का इजाफा हो जाएगा। बता दें कि डिपार्टमेंट ऑफ एक्सपेंडिचर (डीओआई) ने 12 अक्टूबर को एक ऑफिस मेमोरेंडम जारी कर डीए बढ़ोतरी की सूचना दी थी। सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन या पेंशन ले रहे कर्मचारियों का डीए व डीआर (महंगाई राहत) सितंबर में 34 फीसदी से बढ़ाकर 38 फीसदी कर दिया गया था। इसके बाद से ही छठे व पांचवें वेतन आयोग के तहत वेतन या पेंशन ले रहे कर्मचारी/पूर्व कर्मचारी डीए या डीआर बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

# राजेश पाटीदार ने अमरूद की खेती कर किसानों के लिए बना मिसाल

**मध्यप्रदेश (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से करीब 318 किलोमीटर दूर स्थित खरगोन अपनी कपास और मिर्च की खेती के लिए जाना जाता है। आम तौर पर गर्म रहने वाले निमाड़ क्षेत्र के इस जिले के अधिकतर किसान कपास एवं मिर्च की नगदी फसल का उत्पादन ही करते हैं। मगर जिला मुख्यालय से करीब 18 किलोमीटर दूर स्थित इदारतपुरा नामक गाँव के किसान राजेश पाटीदार बीते पांच सालों से अमरुद की एक उन्नत किस्म वीएनआर अमरुद की खेती करके न सिर्फ पारंपरिक खेती के चक्र को तोड़ रहे हैं बल्कि उसके साथ ही अत्यधिक मुनाफा भी कम रहे हैं। वीएनआर अमरुद जिसे मध्यप्रदेश एवं छतीसगढ़ के कुछ हिस्सों में वीएनआर बिही भी कहा जाता है,



अमरूद की एक उन्नत किस्म है। इसका नाम वीएनआर नर्सरी के नाम पर रखा गया है। यह बागवानी क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करने वाली एक संस्था है। इस अमरुद को इसी संस्था द्वारा विकसित किया गया है। इसकी खास बात यह है कि इसमें गूदे की मात्रा ज्यादा होती है एवं बीज कम होते हैं। आउटलुक से बात करते हुए राजेश पाटीदार कहते हैं, रतलाम और मंदसौर के मेरे परिचित किसान इसकी खेती पहले से कर रहे थे। उन्होंने मुझे इस बारे में बताया जिससे मैं इसकी खेती करने के लिए प्रेरित हुआ। सन 2017 की जनवरी में मैंने 2100 पौधे लगाए थे जिन्होंने अगले साल फल देना शुरू किया था। जून 2018 में इससे करीब 80 से 90 हजार की आय हुई थी। आरंभिक दिनों में हुए खर्च के बारे में बात करते हुए राजेश कहते हैं कि पहली बार उन्होंने इसकी खेती 4 एकड़ में की थी जिसमें करीब 8 लाख का खर्च आया था। उनके अनुसार सरकार की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में महात्मा गाँधी राष्ट्रिय रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत उद्यानकी विभाग द्वारा उन्हें 4 लाख 71 हजार की सहायता राशि प्राप्त हुई थी। राजेश के अनुसार पारंपरिक खेती जैसे कपास और मिर्च के विपरीत इस अमरुद की खेती करना मुनाफे का सौदा है। वह कहते हैं कि इस खेती में एक एकड़ में 100 से 150 क्विंटल तक माल आता है।

## सरकार ने कच्चे तेल और डीजल पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स, अब जेट ईंधन पर भी लगेगा कर



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू कच्चे तेल, डीजल और जेट ईंधन पर अप्रत्याशित लाभ कर यानी विंडफॉल टैक्स में बढ़ोतरी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार देर रात को नोटिफिकेशन जारी कर यह जानकारी दी। सरकार के इस फैसले के बाद डीजल के निर्यात पर 12 रुपये प्रति लीटर विंडफॉल टैक्स लगेगा। पहले यह पांच रुपये प्रति लीटर था। वहीं घरेलू कच्चे तेल पर टैक्स 3,000 रुपये ज्यादा लगेगा। सरकार ने इस पर लगने वाला विंडफॉल टैक्स को 8000 से बढ़ाकर 11,000 रुपये प्रति टन कर दिया। जबकि एटीएफ पर अब 3150 रुपये प्रति लीटर टैक्स लगेगा। पहले जेट ईंधन के निर्यात पर टैक्स नहीं लगता था। नयी दरें रविवार यानी आज से लागू हो गयी है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी को देखते हुए कच्चे तेल, डीजल और एटीएफ के निर्यात पर लगने वाला विंडफॉल टैक्स बढ़ाने का फैसला किया है। हालांकि इससे पहले केंद्र सरकार ने लगातार दो बार विंडफॉल टैक्स में कटौती की थी। अधिसूचना के अनुसार, पिछली बार घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स में 2500 रुपये प्रति टन की कटौती की गयी थी। जिसके बाद अप्रत्याशित लाभ कर 10,500 रुपये प्रति टन से घटकर 8,000 रुपए प्रति टन हो गया था। वहीं डीजल पर विंडफॉल टैक्स को 10 रुपये प्रति लीटर से घटाकर पांच रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था। सरकार ने जेट ईंधन के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स को पूरी तरह खत्म कर दिया था।

# सुनेजा सेल्स के नये इलेक्ट्रोनिक के शोरूम का हुआ उदघाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्टेशन रोड पटेल चौक के पास स्थित बंसल प्लाजा में सुनेजा सेल्स के नये इलेक्ट्रोनिक के एक्सक्लूसिव शोरूम का उदघाटन रांची के विधायक श्री सीपी सिंह ने किया। सुनेजा सेल्स में गोदरेज एप्लायंसेज ने रांची का पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट खोला। यह झारखंड में ब्रांड का चौथा एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट है। चैनल पार्टनर सुनेजा सेल्स के सहयोग से 1000 वर्ग फुट में फेले गोदरेज इंस्पायर हब नामक अपना विशेष ब्रांड आउटलेट लॉन्च किया है। यहां ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्राप्त होगा। विशेष ब्रांड आउटलेट में गोदरेज के एयर कंडीशनर, वाशिंग मशीन, डिशवॉशर, एयर कूलर, डीप फ्रीजर, माइक्रोवेव ओवन, रेफ्रिजरेटर और थर्मोइलेक्ट्रिक प्रौद्योगिकी संचालित गोदरेज क्यूब सहित गोदरेज उपकरणों की पूरी श्रृंखला उपलब्ध है। ग्राहकों के लिए चुनिंदा मॉडलों की खरीद पर शुरूआती सुनिश्चित कैश बैक है। उपभोक्ता एक साल की मुफ्त विस्तारित वारंटी (चुनिंदा मॉडल) और एक साल के उत्पाद बीमा का लाभ उठा सकेंगे। गोदरेज एप्लायंसेस के नेशनल सेल्स हेड संजीव जैन ने कहा कि हमने हमेशा अपने ग्राहकों के जितना संभव हो उतना करीब रहने का प्रयास किया है। हमें विश्वास है कि हमारे विशेष ब्रांड आउटलेट ग्राहकों को और भी अधिक बेहतर अनुभव देंगे। गोदरेज इंस्पायर हब शोरूम में एक ही जगह गोदरेज के सभी एप्लायंसेस की पूरी रेंज उपलब्ध है। झारखंड हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ खरीदारी अनुभव के साथ खुश करने के लिए तत्पर हैं।

इस अवसर पर गोदरेज एप्लायंसेज के ब्रांच हेड अरविंद भूषण, इवीओ हेड अनिवर्ण मुखर्जी, बिहार झारखंड के मार्केटिंग हेड अभिनव कुमार, एएसएम करण कुमार, संचालक अनिल सुनेजा, रितिक सुनेजा, अनिकेत सुनेजा समेत शहर के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ग्राहकों को हर खरीददारी पर एक सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा

रांची। स्टेशन रोड पटेल चौक के पास स्थित बंसल प्लाजा में सुनेजा सेल्स में रविवार को झारखंड का पहला व्हर्तपूत होम का एक्सक्लूसिव स्टोर का उदघाटन रांची के विधायक श्री सीपी सिंह ने किया। इस एक्सक्लूसिव स्टोर में व्हर्लपूल के सभी प्रोडक्ट एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। रेफ्रीजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, एसी आदि की पूरी रेंज मौजूद है। दीवाली को देखते हुए व्हर्लपूल ने नया रेंज लाया। लेटेस्ट प्रोडक्टस, वाइड वैराइटी, बेस्ट प्राइस के साथ ग्राहक बेहतर ऑफर्स के साथ खरीदारी कर सकते हैं। सुनेजा सेल्स के संचालक अनिल सुनेजा और रितिक सुनेजा ने कहा कि धनतेरस और दीवाली के अवसर पर ग्राहकों को हर खरीददारी पर एक सुनिश्रित उपहार दिया जा रहा है। साथ ही ग्राहकों को कई ऑफर्स का भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्हर्लपूल इंडिया के पूर्वी क्षेत्रीय निदेशक रिसव गोपल, बीएम दीपक सिंह, मार्केटिंग मैनेजर प्रशात गौरव, डीएसएम अमित घोष, अनिकेत सुनेजा समेत शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पर्यटन उद्योग से जुड़े एमएसएमई की मदद के लिए बने जिला स्तरीय रणनीति : चैट

**लखनऊ।** देश में आतिथ्य, पर्यटन और यात्रा क्षेत्र से जुड़े उद्योग मंडल 'चैट' का मानना है कि इस क्षेत्र से जुड़े कुटीर, लघु एवं मझोले (एमएसएमई) कारोबारियों में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इनके बेहतर अमल के लिए जिला स्तरीय रणनीति बनाने की सख्त जरूरत है। उद्योग संगठन 'कन्फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी टेक्नोलॉजी एंड टूरिज्म इंडस्ट्री' (चैट) का यह भी कहना है कि ऑनलाइन माध्यमों ने यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र से जुड़े छोटे होटलों, होमस्टे और लॉज को व्यापक स्तर पर पहचान दिलाने में बहुत अहम भूमिका निभाई है। चैट के महासचिव अनवर शिरपुरवाला ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि सरकार ने आतिथ्य, पर्यटन और यात्रा क्षेत्र के लिए व्यापक योजनाएं बनाई है।

## भारतीय रुपए का प्रदर्शन मजबूत: सीतारमण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय विनिमय बाजार में रुपए की स्थिति का बचाव करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि डॉलर के समक्ष भारतीय मुद्रा का प्रदर्शन अन्य उभरते बाजारों की मुद्राओं के मुकाबले बेहतर है। श्रीमती सीतामरण ने आज यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा, वर्तमान स्थिति के बारे में सबसे पहले मुझे कहना है कि यह रुपए के गिरने का मामला नहीं ब्लकि डॉलर के मजबूत होने का मामला है। उन्होंने कहा डॉलर लगातार मजबूत हो रहा हैं और मजबूत होते डॉलर के सामने रूपया मजबूती के साथ खड़ा है। डॉलर के मजबूत होने की चुनौती का सामना विदेशी विनियम बाजार में अन्य सभी मुद्राओं के सामने है। उन्होंने कहा, अन्य सभी उभरते बाजारों के तुलना में भारतीय रुपए का प्रदर्शन बहुत अच्छा है। उन्होने कहा कि जहां तक विदेशी विनियम बाजार में भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका का सवाल है तो वह बाजार में बहुत अधिक उतार चढ़ाव न हो इस पर ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा, केवल उतार चढ़ाव को काबू में रखना ही भारतीय रिजर्व बैंक की भूमिका में है। वित्त मंत्री ने कहा कि रिजर्व बैंक का ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है कि रूपया किस जगह हो। उन्होंने कहा, भारतीय रुपए अपनी जगह खुद प्राप्त कर लेगा। उल्लेखनीय श्रीमती सीतारमण इन दिनों अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की बैठकों के सिलसिले में अमेरिका की यात्रा पर है।

## उप्र सरकार की योजना से ईवी की बिक्री में वृद्धि होने की उम्मीद : लोहिया ऑटो



नयी दिल्ली (एजेंसी)। इलेक्ट्रिक वाहन विनिमार्ता लोहिया ऑटो ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की नयी इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग और मोबिलिटी पॉलिसी 2022 से विद्युत वाहनों (ईवी) की बिक्री में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। लोहिया ऑटो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सरकार द्वारा सभी श्रेणियों के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन सहायता की पेशकश इस क्षेत्र को बड़ा लाभ पहुंचाएगी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आयुष लोहिया ने कहा, यह योजना व्यापक और प्रगतिशील दृष्टिकोण इलेक्ट्रिक हरित परिवहन के लिए एक आसान बदलाव का रास्ता तैयार करेगी। इलेक्ट्रिक दोपहिया और चौपहिया, ई-बसों की खरीद पर 15 प्रतिशत की छूट के साथ ईवी को पहले तीन वर्षों के लिए पंजीकरण और मार्ग कर से छूट दी जाएगी, जबकि चौथे और पांचवें वर्ष में 50 प्रतिशत की कटौती प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, नीति के कार्यान्वयन से वाहन खरीदने की लागत कम हो जाएगी। सरकार द्वारा दिए जा रहे वित्तीय लाभों से सीधे अंतिम उपयोग करने वाले ग्राहक को लाभ होगा और राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की दर भी काफी तेजी से बढ़ेगी।

## एलटीआई का राजस्व 28.4 प्रतिशत बढ़कर 4836 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली।** वैश्विक प्रौद्योगिकी परामर्श और डिजिटल समाधान कंपनी लार्सेन एंड टुब्रो इंफोटेक (एलटीआई) की वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में कुल आय वार्षिक आधार पर 23.2 प्रतिशत बढ़कर 679.8 करोड़ रुपये रही। यह तिमाही आधार पर 7.2 प्रतिशत अधिक है। एलटीआई ने शनिवार को एक बयान में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 4,836.7 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया। यह वार्षिक आधार पर 28.4 प्रतिशत और इससे पिछली तिमाही के आधार 6.9 प्रतिशत अधिक है। कार्यकारी बोर्ड के सदस्य और बिक्री एवं एएमपी के अध्यक्ष सुधीर चतुवेर्दी ने कहा, तिमाही परिणाम उत्साहजनक है। हम, अपने ग्राहकों के साथ हो रही सक्रिय बातचीत से उत्साहित है।

## चमड़ा, दूरसंचार समेत नये क्षेत्रों में 35,000 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना लाने पर विचार

**नयी दिल्ली।** सरकार चमड़े, साइकिल, वैक्सीन सामग्री और कुछ दूरसंचार उत्पादों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 35,000 करोड़ रुपये की उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार करने के प्रस्तावों पर विचार कर रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसका मकसद घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना और रोजगार के मौके तैयार करना है। इसके तहत पीएलआई योजना के लाभ खिलौनों, कुछ रसायनों और शिपिंग कंटेनरों को देने पर भी विचार चल रहा है। अधिकारी ने कहा, "यह प्रस्ताव चर्चा के चरण में हैं। इन सभी अलग-अलग क्षेत्रों में पीएलआई के लाभों का विस्तार करने के लिए मंत्रालयों के बीच बातचीत चल रही है।" उन्होंने कहा कि उद्योग जगत तथा कुछ विभागों ने इस योजना के विस्तार की मांग की है। सरकार ने ऑटोमोबाइल और वाहन कलपुर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद, दवा, कपड़ा, खाद्य उत्पाद, सोलर पीवी मॉड्यूल, एडवांस केमिस्ट्री सेल और विशेष इस्पात सहित 14 क्षेत्रों के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ इस योजना को मंजूरी दी हुई है। अधिकारी ने कहा कि इस दो लाख करोड़ रुपये के कोष से कुछ राशि बची हुई है लिहाजा अन्य क्षेत्रों को शामिल करने पर विचार किया जा सकता है, और इस पर चर्चा चल रही है।

# ओएनडीसी 17 और 18 अक्टूबर को दिल्ली और चंडीगढ़ में प्रारंभिक सत्र की मेजबानी करेगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु में बीटा टेस्टिंग के बाद, ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) एक आउटरीच प्रोग्राम की शुरूआत कर रहा है। इस प्रोग्राम के तहत देशभर में इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा और विक्रेताओं और एमएसएमई को ओएनडीसी पर संवादपरक सत्रों के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही उन्हें यह बताया जाएगा कि ओएनडीसी उनके बिजनेस को तेजी देने में कैसे मदद कर सकता है। आउटरीच प्रोग्राम का पहला इवेंट दिल्ली/एनसीआर में रेस्टोरेन्ट्स, फूड आंत्रप्रेन्योर्स और क्लाउड किचंस के लिये एक प्रारंभिक सत्र के माध्यम से शुरू किया जाएगा। यह सत्र एनआरएआई (नेशनल रेस्टोरेन्ट असोसिएशन ऑफ



इंडिया) के साथ साझेदारी में नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में 17 अक्टूबर को होगा। ओएनडीसी के मुख्य व्यवसाय अधिकारी शिरीष जोशी ने कहा, सरकार द्वारा समर्थित एक पहल के रूप में हमारा पूरा ध्यान समान अवसर निर्मित करने पर है, खासकर एमएसएमई के लिये। हमारे मुक्त नेटवर्क के कारण हर आकार के व्यवसायों के पास अपने लक्षित लोगों द्वारा खोजे जाने का मौका है। हम ज्यादा से ज्यादा उद्यमियों, छोटे व्यवसायों, स्थानीय ब्राण्ड्स, आदि तक पहुंचना चाहते हैं। एफ एण्ड बी कैटेगरी हमारे लिये बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह लगभग रोजना उपभोक्ताओं तक पहुंचती है। यह प्रारंभिक सत्र ऐसे सभी इच्छुक पक्षों के लिये शुरूआत का एक अच्छा बिन्दु होगा, जो भविष्य में हमारे नेटवर्क से जुड़ना चाहते हैं।

# इस फेस्टिव सीजन कम समय और खर्च में घूमकर उठायें लुत्फ, फिर नहीं मिलेगी इससे बेहतर टूरिस्ट डेस्टिनेशंस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** त्योहारी सीजन में अक्सर लोगों को बोनस या गिफ्ट के तौर पर मौद्रिक लाभ मिलता है। लोगों के पास लंबी छुट्टियां भी होती हैं इसलिए वे वीक-ऑफ के आसपास छुट्टियां प्लान कर के परिवार के साथ घूमने निकल जाते हैं। अगर आप भी इस फेस्टिव सीजन में विदेश यात्रा की बात सोच रहे हैं तो ये लेख आपके लिए ही है। हम आपको 5 ऐसी बेस्ट फॉरेन टूरिस्ट डेस्टिनेशन बताएंगे जहां खर्च भी कम होगा और आप अपनी छुट्टियां भी शानदार तरीके से एन्जॉय कर सकेंगे।

**मालदीव :** महामारी के दौरान ये जगह काफी चर्चा में आई थी जब बॉलीवुड के सितारे एक के बाद एक यहां पहुंच रहे थे। यहां भी भारतीयों को वीजा ऑन अराइवल मिलता है और यहां आपको 60000 रुपये का टूर पैकेज मिल



सकता है।

**थाईलैंड :** भारतीय के बीच बैंकॉक काफी लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। ये थाईलैंड की राजधानी है और आप 40-50 हजार रुपये (प्रति व्यक्ति) के बजट में आराम से कोरल आईलैंड व बैंकॉक घूम सकते हैं। इतने बजट में फ्लाइट, बजट होटल, और ट्रैवल का खर्च शामिल है। यहां भारतीयों को वीजा ऑन अराइवल मिलता है।

**भूटान :** यहां जाने के लिए आपको पासपोर्ट की जरूरत नहीं है। यहां आप अपनी आईडी प्रूफ के साथ ट्रैवल कर सकते हैं। साथ ही आपको वीजा भी नहीं देना पड़ेगा। दिल्ली से भूटान की फ्लाइट 3 घंटे की है और आप 40000 रुपये में यहां घूमकर आ सकते हैं।

**दुबई :** आज के समय में दुबई केवल भारतीयों का ही नहीं बल्कि दुनियाभर का टूरिस्ट स्पॉट बना हुआ है। यहां, बुर्ज खलीफा, पाल्म ट्री, नाइट सफारी व शॉपिंग के कई विकल्प मौजूद हैं। दुबई भी आप 40-50 हजार रुपये में घूमकर आ सकते हैं। दुबई- आज के समय में दुबई केवल भारतीयों का ही नहीं बल्कि दुनियाभर का टूरिस्ट स्पॉट बना हुआ है। यहां, बुर्ज खलीफा, पाल्म ट्री, नाइट सफारी व शॉपिंग के कई विकल्प मौजूद हैं। दुबई भी आप 40-50 हजार रुपये में घूमकर आ सकते हैं। सिंगापुर- यहां घूमने का खर्च भी 50-60 हजार रुपये है। सिंगापुर में यूनिवर्सल स्टूडियो और जाइंट व्हील जैसे कई टूरिस्ट स्पॉट हैं।

> दुबई भी आप 40-50 हजार रुपये में घूमकर आ सकते हैं। दुबई- आज के समय में दुबई केवल भारतीयों का ही नहीं बल्कि दुनियाभर का टूरिस्ट स्पॉट बना हुआ है।

## खुदरा रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश जनवरी-सितंबर में 63 प्रतिशत घटा: नाइट फ्रैंक

**नयी दिल्ली।** खुदरा रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश इस साल जनवरी-सितंबर के दौरान 63 प्रतिशत गिरकर 30.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर रह गया। नाइट फ्रैंक के अनुसार इस दौरान निवेशक उच्च मुद्रास्फीति के चलते खपत पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित थे। पिछले साल की समान अवधि में खुदरा रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश 81.7 करोड़ अमरीकी डॉलर था। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'भारत में निजी इक्विटी निवेश के रुझान' शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में कहा, "निवेशकों ने खुदरा क्षेत्र से परहेज किया, क्योंकि उन्हें उच्च मुद्रास्फीति के किसी नकारात्मक असर के बारे में चिंता है।" हालांकि, सलाहकार फर्म को लगता है कि खुदरा क्षेत्र में निवेश आता रहेगा, क्योंकि इसकी वृद्धि संभावनाओं में तेजी बनी हुई है।

# डेबिट की बजाय क्रेडिट कार्ड से खर्च करना क्यों है आपके लिए फायदे का सौदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिमी देशों में क्रेडिट कार्ड से खर्च करना एक आम चलन है। वहां, लोग डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कम ही करते हैं। भारत में इसका उल्टा है। यहां लोगों के बीच क्रेडिट कार्ड को लेकर कई डर हैं जो उन्हें इसका लाभ उठाने से रोकते हैं। हाल के कुछ सालों से देश में क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने वालों की संख्या बढ़ी है। कम-से-कम क्रेडिट कार्ड जारी होने की संख्या से तो यही लगता है। मार्च 2022 तक देश में क्रेडिट कार्ड की संख्या 7.36 करोड़ थी। पिछले 2 साल से अधिक समय में क्रेडिट कार्ड से खर्च 1 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। हालांकि, ये अब भी डेबिट कार्ड की संख्या से काफी कम है। जनवरी 2022 में डेबिट कार्ड की संख्या 94 करोड़ थी। हालांकि, इनमें से कितने डेबिट कार्ड अभी सक्रिय हैं, इसके आंकड़े



उपलब्ध नहीं हैं। बहरहाल, किसी भी तरह देश में डेबिट कार्ड्स की संख्या क्रेडिट कार्ड से ज्यादा है। भारत में लोग कर्ज से दूर रहने की कोशिश करते हैं इसलिए यहां क्रेडिट कार्ड्स पहले इतने सफल नहीं रहे। लेकिन नई पीढ़ी के बीच ये सोच बदली है जिसका नतीजा हमने इसकी संख्या में वृद्धि के रूप में देखा है। आज हम आपको ऐसे 5 कारण बताएंगे जिनसे आपको ये समझने में आसानी होगी कि क्यों क्रेडिट कार्ड्स से खर्च फायदे का सौदा है। अगर आपका डेबिट कार्ड चोरी होता है तो सीधे आपके अकाउंट से पैसे निकाल लिए जाते हैं। पहले से तय खर्च जैसे कि ईएमआई, एसआईपी या अन्य भुगतानों पर इसका असर होता है और आपका क्रेडिट स्कोर खराब होता है। दूसरी ओर, जब आपका क्रेडिट कार्ड ठगों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है तो इससे आपके बैंक अकाउंट पर फर्क नहीं पड़ता। आप बस अपनी क्रेडिट कार्ड कंपनी को इसकी सूचना देते हैं और फर्जी लेनदेन की भरपाई आपको नहीं करनी होती। वीजा और मास्टरकार्ड जैसी कंपनियां ऐसी ही परिस्थितियों के लिए जीरो लाइबिलिटी कवरेज देती हैं। अगर आपके पास कोई कर्ज नहीं है लेकिन आप अपना क्रेडिट स्कोर बेहतर करना चाहते हैं तो क्रेडिट कार्ड इसमें आपकी सहायता कर सकता है।

सम्पादक की कलम से...

## बाल विवाह गंभीर समस्या

बाल विवाह झारखंड राज्य में एक गंभीर मुद्दा है। राज्य सरकार बाल विवाह मुद्दे के रोकथाम के लिये काफी संवेदनशील है। बाल विवाह के रोकथाम के लिये बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू है। इसी क्रम में राज्य बाल संरक्षण संस्थान कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के साथ मिलकर रविवार से सुरक्षित बचपन सुरक्षित भारत अभियान का शुभारंभ हो चुका है। बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर शुरू इस अभियान को लेकर आंगनबाड़ी भवन, पंचायत भवन, बाल देखरेख संस्था के अन्य विशेष जगहो में दीप जलाकर इस योजना का शुभारंभ हुआ। इसको लेकर राज्य सरकार ने सभी जिलों के डीसी को पत्र भी जारी किया है। बावजूद अशिक्षा की वजह से बाल विवाह धड़ल्ले से जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह देखा जाता है कि जिस बच्ची की उम्र पढ़ने लिखने की है,उसे जबरन विवाह करा दिया जाता है। आज देश के साथ ही झारखंड में यह समस्या काफी बढ़ गयी है। ऐसे में बाल श्रम, बाल विवाह बाल हिंसा जैसे मुद्दों पर कार्यरत नोबल पुरस्कार प्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश सत्यार्थी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया है। उन्होंने देश के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास किसी सार्वजनिक स्थल पर एकत्रित होकर एक दीपक या मोमबत्ती जलाकर बाल विवाह के खिलाफ एकजुटता का परिचय दें। यह अभियान गांव की महिलाओं की अगुवाई में चलाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं के द्वारा स्थानीय सरपंच, वार्ड पंच और प्रधान का सहयोग लेते हुए गांव में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता रैली सभी जगहों पर निकाली जाएगी। जिसमें ग्रामीणों को गांव में बाल विवाह मुक्त करने की शपथ भी दिलाई गयी। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या शपथ ले लेने से इस प्रथा का समापन हो जायेगा? इसके लिए सभी वर्गों के साथ की जरूरत है। कारण यह प्रथा समाज को कमजोर कर रही है। खेलने की उम्र में हम किसी मासूम को विवाह जैसे मामले में धक्का देकर एक परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज को अपमानित कर रहे हैं। ऐसे में इस अभियान की सफलता सारे समाज पर निर्भर करता है कि हम बाल विवाह का कैसे विरोध कर रहे हैं। बहरहाल बाल विवाह के कारक तत्वों को समझना भी आज जरूरी है। इसके पीछे शिक्षा का अभाव महत्वपूर्ण कारण है। कोई भी शिक्षित समाज इसे स्वीकार नहीं करेगा। लेकिन अशिक्षा की वजह से बाल विवाह जैसे कुप्रथा के शिकार ग्रमीण क्षेत्रों के सीधे साधे लोग ज्यादा हो रहे हैं। एक नजर हम डालें तो पता चलता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के नवीनतम जनसांख्यिकीय नमूना सर्वेक्षण 2020 के अनुसार, जादू टोना हत्याओं के लिए बदनाम झारखंड में कम उम्र की लड़कियों की शादी का प्रतिशत सबसे अधिक है। झारखंड में 5.8 फीसदी लड़कियों की शादी युवा होने से पहले हो जाती है। राज्य में जितने बाल विवाह होते हैं, उनमें से 7.3 ग्रामीण इलाकों में जबकि 3 फीसदी शहरी क्षेत्रों में होते हैं। झारखंड में 54.6 फीसदी बेटियों की शादी 21 साल की उम्र से पहले हो जाती है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन (केएससीएफ) ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जुटी स्वयंसेवी संस्थाओं ने झारखंड की इस स्थिति पर चिंता करना स्वभाविक है। ऐसे में इस अभियान को सफल बनाने में हम सब का कर्तव्य बनता है कि इसे सफल बनायें।

## आज का इतिहास

**1866 :** 'वेसले कॉलेज' की मेलबर्न में स्थापना की गयी।
**1896 :** 'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया।
**1919 :** 'बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना।
**1930 :** रवीन्द्रनाथ टैगोर ने साबरमती आश्रम की यात्रा की।
**1945 :** सोवियत संघ की सेना पोलैंड के शहर कराकोव पहुंची और जर्मनी को वहां से पीछे हटने पर मजबूर किया।
**1951 :** नीदरलैंड में झूठ पकड़ने वाली मशीन का पहली बार इस्तेमाल।
**1952 :** मिस्त्र में ब्रिटेन विरोधी दंगे भड़के।
**1959 :** महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ा।
**1960 :** अमेरिका तथा जापान ने संयुक्त रक्षा समझौता किया।
**1962 :** अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
**1963 :** फ्रांस ने यूरोपीय साझा बाजार से ब्रिटेन को अलग करने की वकालत की।
**1968 :** अमेरिका और तत्कालीन सोवियत रूस परमाणु हथियारों पर नियंत्रण के लिए एक संधि के प्रारूप पर सहमत हुए।
**1968 :** तत्कालीन सोवियत रूस ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
**1976 :** फ्रांस ने जासूसी के आरोप में 40 सोवियत अधिकारियों को देश से निष्कासित किया।
**1989 :** चेकोस्लोवाकिया में लाखों लोगों ने आजादी और मानवाधिकार के समर्थन में प्रदर्शन किया।
**1996 :** राजनेता एवं अभिनेता एन टी रामाराव का निधन।
**1997 :** 'नफीसा जोसेफ' मिस इंडिया बनीं।
**2001 :** लारेंट काविला की हत्या के बाद उसके पुत्र ने कांगों की सत्ता सम्भाली।
**2002 :** अमेरिका भारत को अत्याधुनिक हथियार देने को राजी।
**2002 :** पश्चिम अफ्रीकी देश सियरा लियोन में गृह युद्ध समाप्त।
**2003 :** हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का निधन।
**2006 :** अमेरिका में इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगायी।

# इंटरपोल : कल्पना को मात देती वास्तविकता

चोरी के पासपोर्ट के इस्तेमाल के जरिये सीमा पार करने का प्रयास करते हुए एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया। ऑनलाइन पोस्ट की गयी तस्वीरों के माध्यम से पहचाने जाने के बाद एक बाल-शोषण पीड़ित को बचाया गया। दुनियाभर में पीड़ितों को लक्षित करनेवाले फिशिंग घोटाले से जुड़ी लाखों डॉलर की चोरी पकड़ी गयी। यह किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी नहीं, बल्कि अपने 195 सदस्य देशों का समर्थन करनेवाले इंटरपोल का रोजमर्रा का काम है। आज हम जिन खतरों का सामना कर रहे हैं, वे तेज, गतिशील, अपने-आप में सशक्त और परस्पर जुड़े हुए हैं। वास्तव में हम आपराधिक खतरे से संबंधित परिदृश्य में अभूतपूर्व जटिलता देख रहे हैं। इन वैश्विक खतरों से निपटने के लिए, इंटरपोल की गतिविधियां मुख्य रूप से तीन कार्यक्रमों पर आधारित हैं- आतंकवाद, साइबर अपराध और संगठित एवं उभरते अपराध, जो हमारे सदस्यों की कानून-व्यवस्था को बनाये रखने से जुड़ी चिंताओं को भी दर्शाती हैं। दुनियाभर में आपराधिक गतिविधियों के बढ़ते समन्वय के जवाब में, इस साल की शुरुआत में इंटरपोल ने अपना वित्तीय अपराध और भ्रष्टाचार विरोधी केंद्र स्थापित किया।

विश्वस्तर पर अवैध वित्तीय लेन-देन के एक प्रतिशत से भी कम को रोकने और वसूली करने में सफलता मिलती है तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था इसके बढ़ते दबाव का सामना कर रही है। ऐसे में विस्तारित कार्रवाई के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है- आपराधिक संपत्तियों का पता लगाना, उन पर कब्जा करना और उन्हें जब्त करना। इसी पृष्ठभूमि में हमारे वैश्विक सदस्य; 18 से 21 अक्टूबर तक नयी दिल्ली में हमारी 90वीं महासभा, जो संगठन की सर्वोच्च शासी निकाय है, के लिए एकत्रित होंगे।

इंटरपोल की स्थापना, क्षेत्रीय बि और वैश्विक पुलिस समन्वय की अत्यधिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए 1923 में की गयी थी। लगभग एक सदी बाद भी यह आवश्यकता निरंतर बढ़ती जा रही है, क्योंकि आपराधिक परिदृश्य लगातार तेज गति से उभर रहा है। सीमा पार से सूचना के आदान-प्रदान के लिए मानदंड स्थापित करने संबंधी अभूतपूर्व पहल, अब मानक का दर्जा प्राप्त कर चुकी है। उस समय टेलीग्राम, टेलीफोन और डाक सेवाओं ने कानून प्रवर्तन सहयोग की सीमाओं का निर्धारण किया था। आज, एक बटन के क्लिक के साथ, दुनिया में कहीं भी, पुलिस तुरंत इंटरपोल के 19 वैश्विक डेटाबेस के आधार पर जांच कर सकती है, जिनमें डीएनए प्रोफाइल और चेहरे की पहचान के लिए फोटो सहित 126 मिलियन रिकॉर्ड हैं।

हमारे डेटाबेस का हर दिन 20 मिलियन से अधिक बार खोज के लिए उपयोग किया जाता है- जो प्रति सेकंड लगभग 250 उपयोग के बराबर है।

अपने स्वभाव के अनुरूप, कानून प्रवर्तन परंपरागत रूप से प्रतिक्रियाशील होता है। हालांकि, जैसे-जैसे हम पुलिस सहयोग की एक नयी सदी की शुरुआत कर रहे हैं, वैश्विक कानून प्रवर्तन समुदायों द्वारा अपनी प्रणालियों को भविष्य के प्रति सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन सहयोग के सक्रिय एजेंट होने के लिए तकनीकी प्रगति को पुलिस के काम में शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, वैश्विक सुरक्षा के लिए मानवीय संबंध भी आवश्यक है- कोई भी मशीन आपस-में हाथ मिलाने की जगह नहीं ले सकती। कोई भी डेटाबेस किसी संवाद को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता।

यही कारण है कि हमारी महासभा का आयोजन, इंटरपोल के मिशन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है- एक सुरक्षित विश्व के लिए पुलिस को परस्पर जोड़ना। दुनियाभर के पुलिस के अग्रणी लोग इंटरपोल के अनूठे मंच के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा के मुद्दों का समाधान करने के लिए आपस में विचार-विमर्श करेंगे।

> किसी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी नहीं, बल्कि अपने 195 सदस्य देशों का समर्थन करनेवाले इंटरपोल का रोजमर्रा का काम है। आज हम जिन खतरों का सामना कर रहे हैं, वे तेज, गतिशील, अपने-आप में सशक्त और परस्पर जुड़े हुए हैं। वास्तव में हम आपराधिक खतरे से संबंधित परिदृश्य में अभूतपूर्व जटिलता देख रहे हैं। इन वैश्विक खतरों से निपटने के लिए, इंटरपोल की गतिविधियां मुख्य रूप से तीन कार्यक्रमों पर आधारित हैं- आतंकवाद, साइबर अपराध और संगठित एवं उभरते अपराध, जो हमारे सदस्यों की कानून-व्यवस्था को बनाये रखने से जुड़ी चिंताओं को भी दर्शाती हैं।

वे सुरक्षा और गोपनीयता के बीच संतुलन सुनिश्चित करनेवाले फ्रेमवर्क की आवश्यकता सहित एक नये तकनीकी परिदृश्य को अपनाने में सीखे गये सर्वोत्तम तौर-तरीकों को साझा करेंगे। वे सफलताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे- अवैध दवाओं के कारोबार पर हुई एक कार्रवाई, जिसके परिणामस्वरूप लगभग तीन-चौथाई अरब डॉलर की बरामदगी हुई, से लेकर आपराधिक समूहों पर हुई कार्रवाई, जिसके जरिये मानव तस्करी के लगभग 700 पीड़ितों को बचाया गया।

इंटरपोल के माध्यम से वैश्विक सहयोग, राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक परिणाम कैसे लाता है, इसका एक उदाहरण है- हाल ही में मादक पदार्थों की तस्करी को लक्षित ऑपरेशन लायनफिश में भारत की भागीदारी। भारतीय अधिकारियों ने ऑपरेशन के दौरान हेरोइन की सबसे बड़ी खेप को पकड़ा, जिसमें मुंद्रा बंदरगाह में 75.3 किलोग्राम नशीली दवा को जब्त किया गया था। इसके बाद ऑपरेशन गरुड़ सफल हुआ, जहां केंद्रीय जांच ब्यूरो ने इंटरपोल और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ निकट समन्वय में, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैले ड्रग कार्टेल को लक्षित करते हुए कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप देश भर में 175 गिरफ्तारियां हुईं और 127 मामले दर्ज किये गये। इंटरपोल के माध्यम से सहयोग के महत्व का एक अन्य उदाहरण हमारा अंतर्राष्ट्रीय बाल यौन शोषण (आईसीएसई) डेटाबेस है।

आईसीएसई डेटाबेस में बाल यौन शोषण से जुड़ी चार मिलियन से अधिक तस्वीरें, वीडियो और हैश मौजूद हैं, जो प्रतिदिन औसतन सात बाल शोषण पीड़ितों की पहचान करने में मदद करते हैं। आज तक, डेटाबेस ने दुनिया भर में 30 हजार से अधिक पीड़ितों की पहचान करने में सहायता की है। इस वर्ष की शुरुआत में भारत इस विशेष डेटाबेस से जुड़ने वाला 68वां देश बन गया और वह समाज के सबसे कमजोर सदस्यों की सुरक्षा के लिए समर्पित इस वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा बनने के महत्वपूर्ण परिणाम पहले ही देख चुका है। निश्चित रूप से लगभग 100 साल पहले इंटरपोल के निर्माण के पीछे का एक मौलिक कारण, आज भी हमारे काम में सबसे महत्वपूर्ण है- भगोड़ों को न्यायालय के समक्ष पेश करने में दुनिया के देशों की मदद करना, चाहे वे कहीं भी छिपने का प्रयास करें और चाहे वे कितनी भी दूर तक भागने की कोशिश करें। हर साल इंटरपोल रेड नोटिस, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वॉन्टेड भगोड़ों के बारे में दुनियाभर में पुलिस को सचेत करते हैं, जिनसे विभिन्न देशों को हजारों हत्यारों, दुष्कर्म के अपराधियों, आतंकवादियों, धोखेबाजों और अन्य अपराधियों की पहचान करने तथा उन्हें गिरफ्तार करने में मदद मिलती है।

हालांकि, भू-राजनीतिक स्तर पर मतभेद हो सकते हैं, परंतु कानून प्रवर्तन के लिए कानून के शासन को बनाये रखने पर ध्यान दिया जाना चाहिए और इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ना चाहिए कि जांच हमें कहां ले जा रही है, या पुलिस के लिए महत्वपूर्ण जानकारी कहां से आ रही है। वास्तव में आज मजबूत अंतर-क्षेत्रीय पुलिस व्यवस्था एक वास्तविकता है और हम कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सीमा पार सूचानाओं का ऐसा आदान-प्रदान देख रहे हैं, जैसा वैश्विक इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया था। भारत जैसे सदस्य देशों में कानून प्रवर्तन की प्रतिबद्धता और पेशेवर दृष्टिकोण, इंटरपोल को वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन में भारत के योगदान को स्वीकार करते हुए, पिछले साल महासभा ने केंद्रीय जांच ब्यूरो के विशेष निदेशक प्रवीण सिन्हा को एशिया के लिए कार्यकारी समिति का प्रतिनिधि चुना। भारत के समृद्ध इतिहास और भविष्य के दृष्टिकोण की पृष्ठभूमि में, दुनियाभर के प्रतिनिधि आज के सबसे महत्वपूर्ण आपराधिक मुद्दों के समाधान के लिए इकट्ठा होंगे और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को जारी रखने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे। पूरे वर्ष के दौरान संगठन का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है- महासभा की बैठक और मैं इस आयोजन के लिए नयी दिल्ली से अधिक उपयुक्त जगह के बारे में कल्पना नहीं कर सकता।

**- जुर्गन स्टॉक**
**महासचिव, इंटरपोल।**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
#### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे मुने! निरपराध मुनिको राजाने क्यों शाप दे दिया; हे धर्मज्ञ उस शापका कारण यथार्थरूपमें बताइये? ॥ 6 ॥

व्यासजी बोले- इसका सम्यक रूपसे निर्णीत कारण तो मैं आपको पहले ही बता चुका हूँ। हे राजन ! यह संसार मायाके तीनों गुणोंसे व्याप्त है ॥ 7 ॥

राजा धर्म करें और तपस्वी तप करें- यह स्वाभाविक कर्म है, परंतु सभी प्राणियोंका मन गुणोंसे आबद्ध रहनेके कारण विशुद्ध नहीं रह पाता ॥ 8 ॥

राजालोग काम और क्रोधसे अभिभूत रहते हैं और उसी प्रकार तपस्वीगण भी लोभ और अहंकारयुक्त होकर कठोर तपस्या करते हैं ॥ 9 ॥

हे राजन ! क्षत्रियगण रजोगुणसे युक्त होकर यज्ञ करते थे, वैसे ही ब्राह्मण भी थे। हे राजन्! कोई भी सत्त्वगुणसे युक्त नहीं था ॥ 10 ॥

ऋषिने राजाको शाप दिया और तब राजाने भी मुनिको शाप दे दिया। इस प्रकार दैववशात दोनोंको बहुत दुःख प्राप्त हुआ ॥ 11 ॥

हे राजन! इस त्रिगुणात्मक जगत्में प्राणियोंके लिये द्रव्यशुद्धि, क्रियाशुद्धि और उज्ज्वल मनः शुद्धि दुर्लभ है ॥ 12 ॥

यह पराशक्तिका ही प्रभाव है और कोई कभी इसका अतिक्रमण नहीं कर सकता। जिसपर वे भगवती करना चाहती हैं, उसे तत्काल मुक्त कर देती हैं ॥ 13 ॥

ब्रह्मा, विष्णु और महेश आदि महान् देवता भी मुक्त नहीं हो पाते, किंतु सत्यव्रत आदि जैसे अधम भी मुक्त हो जाते हैं ॥ 14 ॥

यद्यपि तीनों लोकोंमें भगवती रहस्यको कोई नहीं जानता है, फिर भी वे भक्तके वशमें हो जाती हैं-ऐसा निश्चित है ।। 15 ।।

अतः दोषोंके निर्मूलन के लिये उनकी भक्ति करनी चाहिये। यदि वह भक्ति राग, दम्भ आदिसं युक्त हो तो वह नाश करनेवाली होती है ॥ 16 ॥

इक्ष्वाकुवंशमें उत्पन्न निमि नामके एक राजा थे। वे रूपवान्, गुणवान्, धर्मज्ञ, प्रजावत्सल सत्यवादी, दानशील यज्ञकर्ता ज्ञानी और पुण्यात्मा थे। वे बुद्धिमान और प्रजापालक राजा निमि इक्ष्वाकुके बारहवें पुत्र थे ॥ 17-18 ॥

उन्होंने ब्राह्मणोंके हितके लिये गौतममुनिके आश्रमके समीप जयन्तपुर नामका एक नगर बसाया ॥ 19 ॥

उनके मनमें एक बार यह राजसी बुद्धि उत्पन्न हुई कि बहुत समयतक चलनेवाले और विपुल दक्षिणावाले यज्ञके द्वारा आराधना करूँ ॥ 21 ॥

तब राजाने यज्ञकार्यके लिये अपने पिता इक्ष्वाकुसे आज्ञा लेकर महात्माओंके कथनानुसार समस्त यज्ञीय सामग्री एकत्र करायी ॥ 21 ॥

- क्रमशः

# 'टुलेट!' जल्दी करो कहीं 'टू लेट' न हो जाय

पीठ पर पिट्ठूबैग लादे भजनखबरी व शकील टकला एवरेस्ट शिखर पर चढ़ने से भी ज्यादा मुश्किल काम करने जा रहे थे। जी हाँ, वे शहर में खुद के लिए बैचुलर मकान की तलाश में दर-दर की ठाकरें खा रहे थे। आजकल के शहरों में जहाँ पैर धरने की जगह नहीं हैं, वहाँ फुल टू फुल बॉडी के लिए एक अदद कमरे की इच्छा करना इस जनम का सबसे बड़ा पाप है। स्वतंत्र देश में किराये का मकान किसी फंक्शन हॉल सा एटीट्यूड रखता है। खबरी और टकलू पहले कभी गोरे हुआ करते थे। चिलमिलाती धूप में आरएसी सीट जितने कमरे की खोज में कब चारकोल हो गए पता ही नहीं चला। सड़क पर जितने गड्ढ़े नहीं हैं, उससे तो ज्यादा उनके चेहरों पर हैं। बिना कोई पुस्तक पढ़े अनुभव के आधार पर दार्शनिक कैसे बना जा सकता है, यह तो केवल 'भाड़ा मकान खोजू जोड़ी' ही बता सकती थी। कहते हैं खोजने पर भगवान भी मिल जाते हैं, दुर्भाग्य से बैचुलरों के लिए किराये का मकान भगवान से बढ़कर है। इसलिए यह कथन अपवाद है। वे दोनों जहाँ भी जाते वहाँ 'टुलेट' का बोर्ड तो नहीं 'टू लेट' कहकर भिखारियों की तरह आगे बढ़ा दिया जाता। अपनी शादी में खुद लेट हो जाएँ चल सकता है, जबकि बतौर बैचुलर एक अदद किराये के मकान की खोज में टू लेट हो जाने पर उसे उसका जमीर भी माफ नहीं करता। अच्छा भला आदमी पहले भिखारी, पुराशास्त्री, दार्शनिक बनता है और कुछ समय बीत जाने पर योगी बनकर कमंडल थामे हिमालय की राह धर लेता है। बैचुलरों के लिए एक किराये के मकान की खोज, खोज न होकर मोक्षप्राप्ति का सरल, सुगम और शार्टकट रास्ता है। कई महीनों की दीर्घ तपस्या के बाद भगवान प्रसन्न हुए। अंधेरे के बीच बैचुलरों के लिए किराये का मकान वाला बोर्ड आशा की किरण से कम नहीं था। वैसे टु लेट की स्पेलिंग टीओएलईटी है, फिर भी उन्हें अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हो रहा था। एक से दो बार बोर्ड को उलट-पुलटकर देख लिया। आश्वस्त होते ही कुत्तों की तरह बहुत देर तक भौंकने पर एक कर्कश ध्वनि वाली महिला जो कि घर की मालकिन थी, ने कहा - क्यों कुत्ते की तरह भौंके जा रहे हो? चूंकि वह घर की मालकिन थी इसलिए हमें कुत्ता कहना उनका पूरा हक बनता था। अपशब्दों की धाराप्रवाह से यह साफ हो चला था कि उन्हें किराएदारों को भगाने में महारत हासिल थी। मालकिन को देखते ही खबरी और टकले ने हाथ जोड़े और कहीं गायब हो गये। गौर से देखने पर पता चला कि वे गायब नहीं बल्कि मालकिन के पैरों में साष्टांग लेटे हुए हैं। मालकिन यह मकान फैमिली को देना चाहती थी और ये दोनों खुद के लिए चाहते थे। वे गिड़गिड़ाने लगे। जैसे-तैसे वह मानीं। दस हजार के हिसाब से तीन महीने का एडवांस ऐंठते हुए कहा - यहाँ रहने के लिए खुद से ज्यादा शर्तों का ध्यान रखना होगा। शर्त नंबर एक - हफ्ते में सिर्फ दो बार नहाना होगा। बाकी दिनों में बॉडी स्प्रे से काम चलाना होगा। शर्त नंबर दो - रात नौ बजते ही गेट पर ताला लगा दिया जायेगा। यदि नाइट शिफ्ट कर उसके बाद लौटते हैं तो पास ही में दो-तीन पार्क हैं, वहाँ जाकर सो सकते हैं। शर्त नंबर तीन - दीवारों पर कीले और मेरी बेटी पर लाइन मारने की जुर्रत भूलकर भी मत करना। वरना दीवार की लागत और निर्भया की ताकत दोनों दिखानी पड़ेगी। तब तुम न कीला ठोकने लायक बचोगे और न लाइन मारने। इस तरह दोनों किराये के मकान के नाम पर जीते जी अपनी नरकयात्रा भोगने के लिए सभी शर्तों पर सहमति जता दी।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### नाली जाम न करें

हम लोगों में सफाई के प्रति जागरूक नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री का स्वच्छ भारत मिशन उतना सफल नहीं हो पा रहा है। अभी भी लोग सफाई के प्रति उदासीन हैं। शौचालय के निर्माण में भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। भ्रष्ट लोगों ने उसे कमाने का जरिया बना लिया है। कई तो उस पैसे शौचालय बनाकर अन्य कामों उसका उपयोग कर रहे हैं। मेदिनीनगर शहर में भी घनी आबादी वाले में मुहल्लों में नालियां जाम हैं। जाम होने का मुख्य कारण उन नालियों में भारी मात्रा में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलों का फेका जाना है। यह दोनों ही चीजें न गलती हैं ना ही सड़ती है,जिसके कारण नालिया जाम हो जाती है। अगर नाली सड़ी सब्जी या अन्य खाद्य सामग्री डालते हैं तो वह सड़ गल जाती है, लेकिन पॉलिथीन व प्लास्टिक बोतल व अन्य कुरकुरे व चिप्स के पैकेट सड़ते -गलते नहीं जिसके कारण नालिया जाम रहती हैं। वहीं शहर की कई बड़ी नालियों में काफी कूड़ा रहा है। यह कूड़े बरसात आने पर ही वहां से बहते हैं। यह बात भी गौर करनेवाली है कि जबसे पलास्टिक व पॉलिथीन का प्रचलन हुआ है नालियों में गदंगी बढ़ी है। कागज के उपयोग से इतनी गंदगी नहीं हुआ करती थी। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से लोगों से आग्रह करता हूं कि नालियों में पॉलिथीन व प्लास्टिक की बोतलें नहीं फेंके।

**■ अमर सोनी , मेदिनीनगर।**

# एक ब्रह्मांड ऐसा भी है, जहां सब कुछ चलता है उल्टा

वैज्ञानिक इस बात की संभावना से इनकार नहीं करते हैं कि हमारी दुनिया की ही तरह एक ऐसी भी दुनिया है, जहां भौतिकी के नियम अलग हैं और वक्त उल्टा चलता है। कई दशकों से धरती और ब्रह्मांड के बारे में खोज जारी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा बहुत कुछ है, जिसका पता लगाना बाकी है। इस बीच वैज्ञानिकों को अपनी दुनिया के बारे में तो बहुत कुछ पता है, मगर अब उन्हें धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया पर भी यकीन हो चला है, जो हमारी दुनिया से बिल्कुल उल्टी है। ऐनल्ज ऑफ फिजिक्स जर्नल में इस सिद्धांत की विस्तार से व्याख्या की गई है। यह उस सामान्य भौतिकी की अवधारणा पर आधारित है, जिसे 'सीपीटी' कहा जाता है। यह दुनिया हमारी धरती के पास ही हो सकती है। रिसर्च के मुताबिक, यह दुनिया भौतिकी के नियमों में हमारी दुनिया से बिल्कुल उलट होगी। जैसे, हम समय की गणना जिस तरह करते हैं, वहां वक्त उससे उल्टा चलता होगा। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटी यूनिवर्स की परिकल्पना 'फंडामेंटल सीमेट्रीज' पर निर्भर है। इस परिकल्पना पर काम करते हुए डार्क मैटर्स की व्याख्या की जा सकती है। अनुसंधानकताओं का कहना है कि इस दुनिया में न्यूट्रॉन दायीं तरफ से घूमते होंगे। इस दुनिया की बात को साबित करने के लिए वैज्ञानिक मास न्यूट्रॉन्स का परीक्षण कर रहे हैं। वे अगर इस प्रोजेक्ट में कामयाब होते हैं, तो दूसरी दुनिया की बात साबित हो जायेगी। इस परिकल्पना की सबसे अहम बात यह है कि हमारी दुनिया की तरह इस समांतर दुनिया में गुरुत्वाकर्षण शक्ति नहीं पाई गई होगी, इसी वजह से वहां सब कुछ रिवर्स यानी उल्टे मोड में चल रहा है। सैद्धांतिक रूप से तथा प्रायोगिक रूप से यह प्रमाणित हो चुका है कि प्रति-पदार्थ का अस्तित्व है। अब यह प्रश्न उठता है कि क्या प्रति-ब्रह्मांड का अस्तित्व संभव है? हम जानते हैं, किसी भी आवेश वाले मूलभूत कण का एक प्रतिकण होता है, लेकिन अनावेशित कण जैसे फोटान (प्रकाश कण), ग्रैवीटान (गुरुत्व बल धारक कण) का प्रतिकण क्या होगा? कण व प्रतिकण मिलकर ऊर्जा बनाते हैं। फोटान और ग्रेवीटान जैसे कण बलवाहक होते हैं, इस कारण से वे स्वयं के प्रतिकण हो सकते हैं। ग्रेवीटान कण स्वयं का प्रतिकण है, क्योंकि गुरुत्वाकर्षण व प्रति-गुरुत्वाकर्षण एक ही है। नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक रिचर्ड फेनीमन ने इन ब्रह्मांडों से संबंधित एक मनोरंजक प्रश्न पूछा था। मान लिजिए, हमने किसी दिन इन दूरस्थ ग्रह के परग्रहियों से रेडियो संपर्क स्थापित कर लिया है, लेकिन हम उन्हें देख नहीं सकते। हम नहीं जानते कि वे पदार्थ से निर्मित हैं या प्रति-पदार्थ से, तब क्या हम इन परग्रहियों को बाएं तथा दाएं के बीच का अंतर समझा सकते हैं? आप कोशिश करके देख लीजिये। यदि भौतिकी के नियम विपरीत ब्रह्मांड के लिए समान रहते हैं, तब यह असंभव है। रिचर्ड के अनुसार, कुछ तथ्यों को समझाना आसान होता है, हम परग्रहियों को रसायनशास्त्र और जीवशास्त्र के नियम समझा सकते हैं, पर यदि हम बाएं या दाएं के सिद्धांत को समझाने का प्रयास करेंगे, तो हम विफल रहेंगे। हम उन्हें कभी नहीं समझा पायेंगे कि हमारा हृदय शरीर के बाएं में है, या किस दिशा में पृथ्वी घूम रही है या किस दिशा में डीएनए के अणुओं के पेच घूमे हुए हैं। सन 1956 में दो अमेरिकी वैज्ञानिकों, सुंग दाओ ली व चेन निंग यांग ने प्रस्तावित किया था कि कमजोर नाभिकीय बल सममिती को नहीं मानता। यह भी पाया गया कि कमजोर नाभिकीय बल नियमों का भी पालन नहीं करता है। एक वैज्ञानिक ने तो यहां तक कहा था कि 'भगवान ने जरूर गलती की है!' यांग और ली को इस खोज के लिए 1957 में भौतिकी का नोबेल मिला था। ध्यान रहे, न्यूटन और आइंस्टीन के समीकरणों के अनुसार भी सैद्धांतिक रूप से विपरीत ब्रह्मांड संभव है। समस्या यही है कि परग्रहियों से हमारी जब मुलाकात होगी, तो हाथ मिलाने के लिए हमने दायां हाथ बढ़ाया और उन्होंने अपना बायां, तब क्या होगा? इसका अर्थ यह होगा कि हमने एक भयानक गलती कर दी। यदि हमने उनसे हाथ मिलाया, तो दोनों एक विस्फोट के साथ नष्ट होकर ऊर्जा में परिवर्तित हो जाएंगे। मतलब, परग्रहियों के साथ पूरी सावधानी के साथ मिलना होगा।**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**■ निरंकार सिंह**


स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सिनेरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# संतान की सुख-समृद्धि तथा लंबी आयु के लिए रखा जाता है अहोई अष्टमी का व्रत

अहोई का अर्थ है, 'जो अनहोनी से बचाए' और इसे 'अहोई अष्टमी' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि किसी भी अमंगल या अनिष्ट से अपने बच्चों की रक्षा के लिए महिलाओं द्वारा किया जाने वाला यह व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी को मनाया जाता है।

भारतीय समाज में प्रत्येक त्यौहार का अपना एक विशेष महत्व है। ऐसे प्रत्येक अवसर पर की जाने वाली पूजा तथा व्रत में कोई न कोई विशेष उद्देश्य निहित होता है। कार्तिक कृष्ण पक्ष में तो वैसे भी तिथि-त्यौहारों की भरमार रहती है। जिस प्रकार सम्पूर्ण भारत में पति की दीघार्यु की कामना के लिए 'करवा चौथ' व्रत मनाया जाता है, ठीक उसी प्रकार करवा चौथ के चार दिन पश्चात संतान की सुख-समृद्धि तथा लंबी आयु की कामना के लिए 'अहोई अष्टमी' व्रत रखा जाता है। अहोई अष्टमी के दिन माता पार्वती की पूजा का विधान है। दरअसल माता पार्वती संतान की रक्षा करने वाली देवी मानी गई हैं। पौराणिक मान्यता है कि इस व्रत के प्रताप से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस व्रत के प्रताप से बच्चों की रक्षा होती है, वहीं इसे संतान प्राप्ति के लिए भी सर्वोत्तम माना गया है। अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में मान्यता है कि इस व्रत के प्रभाव से संतान फल की प्राप्ति होती है और जो महिलाएं पूरे विधि-विधान से यह व्रत रखती हैं, उनके बच्चे दीघार्यु होते हैं। जिन महिलाओं की संतान का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता हो, बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हों, ऐसे बच्चों के स्वास्थ्य लाभ तथा दीघार्यु प्राप्ति के लिए अहोई अष्टमी व्रत किया जाता है। हालांकि इस व्रत के संबंध में यह नियम भी माना जाता है कि एक साल यह व्रत करने के बाद यह व्रत आजीवन नहीं टूटना चाहिए अर्थात प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए।

अहोई का अर्थ है, 'जो अनहोनी से बचाए' और इसे 'अहोई अष्टमी' इसीलिए कहा जाता है क्योंकि किसी भी अमंगल या अनिष्ट से अपने बच्चों की रक्षा के लिए




महिलाओं द्वारा किया जाने वाला यह व्रत कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी को मनाया जाता है। चूंकि यह व्रत अष्टमी के दिन पड़ता है, इसीलिए इसे 'अहोई आठे' भी कहा जाता है। विशेषकर उत्तर भारत में इस व्रत का विशेष महत्व है। करवा चौथ की ही भांति महिलाएं इस दिन भी कठोर व्रत रखती हैं और दिनभर पानी की एक बूंद भी ग्रहण नहीं करती। अंतर केवल इतना है कि करवा चौथ व्रत में जहां महिलाएं चन्द्रमा को अर्ध्य देकर व्रत खोलती हैं, वहीं अहोई अष्टमी व्रत तारे निकलने के बाद सायंकाल में तारों को अर्ध्य देकर खोला जाता है। चूंकि इस दौरान चंद्रोदय बहुत देर से होता है, इसीलिए तारों को ही अर्ध्य देकर व्रत खोलने की परम्परा चली आ रही है। हालांकि कुछ महिलाएं चंद्रोदय तक इंतजार करती हैं और चंद्रमा को अर्ध्य देकर ही व्रत खोलती हैं।

इस दिन महिलाएं चांदी की अहोई बनाकर उसकी पूजा करती हैं, जिसमें चांदी के मनके डाले जाते हैं और प्रतिवर्ष इस व्रत में इन मनकों की एक-एक संख्या बढ़ाती जाती हैं। पूजन के पश्चात महिलाएं इसी माला को गले में पहनती हैं। अहोई अष्टमी के दिन महिलाएं गोबर से अथवा गेरु आदि के द्वारा दीवार पर अहोई की आकृति बनाती हैं या फिर किसी मोटे वस्त्र पर चित्रांकन के द्वारा आठ कोष्ठक की एक पुतली बनाकर दीवार पर टांग दिया जाता है। अहोई के चित्रांकन में अधिकांशतः आठ कोष्ठक की एक पुतली बनाई जाती है और उसी के पास सेह तथा उसके बच्चों की आकृतियां बना दी जाती हैं। सायंकाल के समय इसकी पूजा की जाती है। पूजा के दौरान महिलाएं प्रायः 'अहोई जिए, अहोआ जिए, मुशा जिए, पूता जिए' शब्दों का उच्चारण करती हैं। आजकल बाजार में अहोई के रंगीन चित्र भी मिलने लगे हैं, बहुत सी महिलाएं इन्हीं को दीवार पर चिपकाकर पूजा करने लगी हैं। संध्या के समय सूर्यास्त होने के बाद जब तारे निकलने लगते हैं तो अहोई माता की पूजा आरंभ होती है। पूजन से पहले जमीन को साफ करके, पूजा का चौक पूरकर एक लोटे में जल भरकर उसे कलश की भांति चौकी के एक कोने पर रख दिया जाता है और व्रत रखने वाली महिलाएं श्रद्धा भाव से अहोई अष्टमी के व्रत की कथा सुनते हुए अपने बाल-बच्चों के कल्याण की कामना के साथ भक्ति भाव से पूजा करती हैं। कहा जाता है कि इसी दिन से दीपावली के उत्सव का आरंभ हो जाता है।

अहोई अष्टमी का व्रत मनाए जाने के संबंध में कुछ दंतकथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथानुसार प्राचीन काल में दतिया नगर में चंद्रभान नामक एक व्यक्ति रहता था, जिसकी बहुत सी संतानें थीं लेकिन दुर्भाग्यवश उसकी सभी संतानें अल्पायु में ही अकाल मृत्यु को प्राप्त होने लगी। अपने बच्चों की इस प्रकार अकाल मृत्यु से पति-पत्नी बहुत दुखी रहने लगे। उसके बाद काफी लंबे समय तक उनके कोई संतान न होने से उदास होकर पति-पत्नी अपनी सारी धन दौलत का त्याग कर वन की ओर प्रस्थान कर गए। बद्रिकाश्रम के निकट स्थित जलकुंड के पास पहुंचकर वे उसी स्थान पर अपने प्राण त्यागने का निश्चय करके अन्न-जल का त्याग कर वहीं उपवास पर बैठ गए। एक-एक कर इसी प्रकार छह दिन बीत गए और तब एकाएक आकाशवाणी हुई, हे साहूकार! तुम्हें यह दुःख तुम्हारे पूर्व जन्म के पापों के कारण मिल रहा है। इन पापों के प्रभाव से मुक्ति के लिए तुम्हें अहोई अष्टमी के दिन व्रत का पालन कर अहोई माता की पूजा-अर्चना करनी होगी, जिससे प्रसन्न हो अहोई माता ही तुम्हें पुत्र प्राप्ति के साथ-साथ उसकी दीघार्यु का वरदान भी देंगी। आकाशवाणी सुन पति-पत्नी ने पूरे विधि-विधान से अहोई अष्टमी का व्रत किया और अहोई माता से अपने पूर्व जन्म के पापों की क्षमा याचना की, जिससे प्रसन्न होकर अहोई माता ने उन्हें संतान प्राप्ति और उसकी दीघार्यु का वरदान दिया। मान्यता है कि तभी से अहोई अष्टमी व्रत मनाए जाने की परम्परा प्रचलित हो गई।

❖ **योगेश कुमार गोयल**


## काव्य कोना

### उलाहना

जिंदगी तुम से न कोई उलाहना,
उलाहना से भी न कोई उलाहना।
राहो पर चलते चलते पाटे है पाटो को,
पाटो को पाटने से न कोई उलाहना।
गगन में गगन का नीलापन ढूँढ़ते ढूँढ़ते वास्ता बढ़ गया न जाने कैसे,
बढ़े वास्ते से भी न कोई उलाहना।
उपलांभ से दूरियाँ बढ़ाते बढ़ाते,
न जाने कैसे उसी के संगत में आ गये।
वर्षा के बूँदो में भीगते भीगते,
न जाने क्यों भीगने का आनंद अलग हो गया।
हम से हम को मिलाते मिलाते,
न जाने कहाँ मैं का खेल हो गया।
जिंदगी तुम्हारी खुबसूरती निहारते निहारते न जाने क्यों,
भूलकर अपनी व्यथा हम भाव विभोर हो गये।
उलाहना विस्मृत हो गया उलाहने में,
और फिर कह पड़े हम प्रशंसा में तुम्हारे,
जिंदगी तुम से न कोई उलाहना,
उलाहना से भी न कोई उलाहना।

❖ **नाग मणि**

## आईआरसीटीसी के इस टूर पैकेज से करें दक्षिण दर्शन यात्रा



अगर आपके पास समय है और आप दक्षिण भारत की एक सुखद यात्रा का आनंद उठाना चाहते हैं तो आप आईआरसीटीसी के इस पैकेज को बुक कर सकते हैं, जिसे आईआरसीटीसी ने श्री रामेश्वरम-मल्लिकार्जुन दक्षिण भारत यात्रा नाम दिया है। भारत में रहने वाला हर व्यक्ति एक बार दक्षिण भारत के दर्शन अवश्य करना चाहता है। यहां पर आप सिर्फ अपनी आध्यात्मिक क्षुधा को ही शांत नहीं कर सकते हैं, बल्कि यहां पर आप बीच से लेकर फोर्ट तक काफी कुछ देख सकते हैं। अगर आपके पास समय है और आप दक्षिण भारत की एक सुखद यात्रा का आनंद उठाना चाहते हैं तो आप आईआरसीटीसी के इस पैकेज को बुक कर सकते हैं, जिसे आईआरसीटीसी ने श्री रामेश्वरम-मल्लिकार्जुन दक्षिण भारत यात्रा नाम दिया है। 12 रातों और 13 दिन के इस पैकेज के जरिए आप हैदराबाद, रामेश्वरम, मदुरै, कन्या कुमारी, तंजावुर, कांचीपुरम, महाबलीपुरम और श्रीशैलम जगहों को देख सकते हैं।

**श्री रामेश्वरम :** मल्लिकार्जुन दक्षिण भारत यात्रा में इन जगहों के करेंगे दर्शन

**श्री रामेश्वरम :** मल्लिकार्जुन दक्षिण भारत यात्रा में आपको दक्षिण भारत के कई शहरों में कई बेहतरीन जगहों को देखने का मौका मिलेगा। जिसमें यह स्थान शामिल हैं-

**हैदराबाद :** गोलकुंडा किला, स्टैच्यू ऑफ इक्विलेटी, चारमीनार, चौमाला महल, बिड़ला मंदिर।

**रामेश्वरम :** रामनाथस्वामी मंदिर और धनुषकोडी।

**मदुरै :** मीनाक्षी मंदिर

**कन्या कुमारी :** कन्याकुमारी मंदिर, विवेकानंद रॉक मेमोरियल।

**तंजावुर :** बृहदेश्वर मंदिर (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल)

**कांचीपुरम :** विष्णु कांची, शिव कांची और कामाक्षी अम्मन मंदिर

**महाबलीपुरम :** अर्जुन की तपस्या, पंच रथ, महाबलीपुरम समुद्र तट और शोर मंदिर।

**श्रीशैलम :** मलिकार्जुन ज्योतिर्लिंग मंदिर

**टूर पैकेज की डिटेल**

**टूर का नामः श्री रामेश्वरम :** मल्लिकार्जुन दक्षिण भारत यात्रा

**लगने वाला समय :** 12 रातें/13 दिन

**टूर की डेट :** 8 दिसंबर 2022

इस टूर का ट्रेवल मोड ट्रेन है और इसकी शुरूआत दिल्ली सफदरजंग से होगी। इसके बाद हैदराबाद - रामेश्वरम - मदुरै - कन्याकुमारी - तंजावुर - महाबलीपुरम - कांचीपुरम - श्रीसेलम - दिल्ली पर यात्रा का समापन होगा।

**टूर पैकेज में मिलेंगी ये सुविधाएं**

इस टूर पैकेज में आपको कई सुविधाएं मिलेंगी। मसलन-

- टूर में ट्रेन 3एसी क्लॉस की टिकट मिलेगी।
- होटलों में रात्रि विश्राम की व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी-
- ऑनबोर्ड ट्रेन में भोजन मिलेगा, लेकिन यह केवल शाकाहारी होगा।
- ऑफबोर्ड मील्स की सुविधा भी इस पैकेज में शामिल है।
- गैर-एसी बस द्वारा सभी दर्शनीय स्थलों को देखने की सुविधा।
- यात्रियों के लिए ट्रेवल इश्योरेंस।
- पूरे दौरे के दौरान टूर एस्कॉर्ट की सेवाएं और ट्रेन में सुरक्षा।

❖ **मिताली जैन**



## बालों को धोने के लिए मुल्तानी मिट्टी का करें इस्तेमाल

मुल्तानी मिट्टी से हेयर वॉश करने का एक सबसे बेहतरीन लाभ यह है कि यह आपके बालों की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ उसे कंडीशन भी करता है। खासतौर से, अगर आपके बाल कर्ली हैं तो मुल्तानी मिट्टी के कंडीशनिंग गुण आपके बालों को मैनेजेबल बनाते हैं। मुल्तानी मिट्टी को अक्सर महिलाएं अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करती हैं। लेकिन यह आपके बालों के लिए भी उतना ही लाभदायी है। दरअसल, इसमें अब्जॉर्बेंट प्रॉपर्टीज होती हैं, जिसके कारण यह आपकी स्कैल्प से अतिरिक्त ऑयल को अब्जॉर्ब करने में मददगार है। इतना ही नहीं, यह आपके स्कैल्प को भी कंडीशन करती है। इसमें कई तरह के खनिज पाए जाते हैं, जो स्कैल्प को लाभ पहुंचाते हैं।

**बालों को करता है कंडीशन :** मुल्तानी मिट्टी से हेयर वॉश करने का एक सबसे बेहतरीन लाभ यह है कि यह आपके बालों की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ उसे कंडीशन भी करता है। खासतौर से, अगर आपके बाल कर्ली हैं तो मुल्तानी मिट्टी के कंडीशनिंग गुण आपके बालों को मैनेजेबल बनाते हैं।

**डैमेज हेयर को करे रिपेयर :** अक्सर लोग एक्सपेरिमेंट करने के चक्कर में अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट करवाते हैं। लेकिन केमिकल्स के कारण बाल बहुत अधिक डैमेज हो जाते हैं। ऐसे में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करना आपके लिए अच्छा है। यह आपके बाल शाफ्ट को पोषण और मजबूत करने में मदद करता है। जिससे आपके बाल चिकने और मुलायम बनते हैं। साथ ही, केमिकल ट्रीटमेंट से डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद मिलती है।

**स्कैल्प को डैमेज होने से बचाता है :** मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से सिर्फ डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद ही नहीं मिलती है, बल्कि यह स्कैल्प को डैमेज होने से भी बचाता है। मुल्तानी मिट्टी को हेयर क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करने से स्कैल्प को क्लीन करने में मदद मिलती है और यह स्कैल्प पर मौजूद कीटाणुओं व बैक्टीरिया को खत्म किया जा सकता है।

**हेयर फॉलिकल्स होते हैं मजबूत :** मुल्तानी मिट्टी में कई तरह के खनिजों और पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिसके कारण यह ना केवल डैंड्रफ और परतदारपन को खत्म करके आपकी स्कैल्प को स्वस्थ बनाती है बल्कि यह बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाने के लिए आपके हेयर फॉलिकल्स को भी मजबूत बनाती है। अगर बालों के लिए मुल्तानी मिट्टी का उपयोग किया जाए तो इससे बाल मजबूत होते हैं और अपेक्षाकृत कम टूटते हैं।

❖ **मिताली जैन**

## वे रोग जिन्हें यन्त्र नहीं देख पाते, "परिणामशूल"

इस रोग का परिणामशूल यह नाम इसलिये पड़ा है कि मेरी आंतों में भोजन के पाक हो जाने के बाद जब किट्ट का भाग बड़ी आंतों में पहुंचने लगता है तो उदरभाग में असह्य बेदना उत्पन्न होने लगती है। इसलिये उस वेदना (शूल)- का नाम परिणामशूल है। परिणाम का अर्थ होता है पक जाना; क्योंकि भोजन पक जाने के बाद यह शूल होता है, इस लिये इसका परिणामशूल नाम सार्थक है।

एक रोगिणी, जिसकी उम्र 30-32 वर्ष की होगी, इस रोग से पांच वर्ष पीड़ित रही। तीन बजे दिन को उसके अंदर में बेदना प्रारम्भ होती थी, जो छटपटाहछट में परिणत हो जाती थी। इस छटपटाहट को वेदना -निवारक (पेनकिलर) दवा से कम कर दिया जाता था। प्रत्येक चिकित्सक रोगी को अपने हाथों में आने पर इस रोग का सर्वाविध यान्त्रिक जांच करवाते रहे, किन्तु जांच से कोई रोग स्पष्ट नहीं होता था। 3-4 वर्ष बीत जाने के बाद वेदना-निवारक सभी दवाईयां भी बेअसर हो गये। दर्द के मारे कराहते-कहराते रोगिणी बेहोश होने लगी। प्रत्येक दिन तीन बजे दर्द उठता और रोग बेहोशी में परिणत हो जाता, फिर तीन-चार घंटे बाद पीड़ा कम होने लगती।

**लक्षणः-** रोग के नाम से ही इस रोग का लक्षण स्पष्ट हो जाता है। बात यह कि बड़ी आंत की दीवार में मल का किट्टभाग जमकर ठोस परत का रूप ले लेता है। जब भोजन पक जाने के बाद, बड़ी आंतों में भोजन का यह निस्सार भाग फिर पहुंचने लगता है, तब पुरस्सरणक क्रियाके द्वारा उत्तरोत्तर पुराने परतनुमा किट्टभाग के टकराव से यह बेदना शुरू होती है और बढ़ती चली जाती है। इस तरह भोजन के 3-4 घंटे बाद होने वाले दर्द को परिणामशूल कहते है। बड़ी आंत का कुछ हिस्सा लीवर (यकृत) और प्लीहा के बीच में फेंफड़ों के नीचे, आंत के स्पर्श से ज्ञात हो जाता है। उक्त रोगी के आंतों का यह भाग बहुत सूजकर गुठली- सा बाहर दिखने लगता था। उसके इस गांठ को देखकर बहुतों ने इसे हृदयरोग समझ लिया, किंतु यह हृदय रोग नहीं था।

**चिकित्सा :-** चिकित्सा की सफलता यह है कि वह मूल रोग के कारण का निवारण कर दे। कैस्टर ऑयल (एरण्ड का तेल)



**- वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
**पतंजली आरोग्य केन्द्र**
**रेड़मा चौक डालटनगंज**
**झारखण्ड-822101**
**मो.:-7903216488, 9334716688**

पीने से धीरे-धीरे आंतों में चिपके मल का किट्टभाग फूलकर बाहर निकलने लगता है। इसलिये मशीन में जैसे तेल की जरूरत होती है, उसी तरह इस रोग में स्नेहन (ऑललिंग)- की आवश्यकता होती हैं। रात को मूंगकी खिचड़ी घी के साथ खायें और सोते समय एक से चार चम्मचतक शुद्ध कैस्टर ऑयल को थोड़ा दूध में मिलाकर पी लेना याहिये। उसके बाद मीठा दूध ऊपर से पी ले। पेट सब का अलग-अलग होता है इसलिये किसी का आधे चम्मच से काम चलता है और किसी को चार चम्मच लेना पड़ता है। रोगी को ध्यान देना पड़ेगा कि कितने चम्मच कैस्टर ऑयल से उनका एक बार में पेट साफ हो जाता है। एक बार रोज अवश्य साफ होना चाहिये। कैस्टर ऑयल पीने से पहले दस (10) ग्राम ईसबगोल की भूसी लेना आवश्यक है। इसमें दूसरी सावधानी यह बरतनी है कि पेट दो घंटे के बाद खाली न रहे। अर्थात हर दो-ढ़ाई घंटे पर 50 ग्राम दूध से एक चम्मच घर का बना चने का सतू मिलाकर पी लिया जाय। जो लोग बिस्कुट खाते हों, वे सतू की जगह पर प्रत्येक दो घंटे के बाद आरारोट का बिस्कुट खाकर दूध या पानी पी सकते हैं दिन में तो सोना है।

**औषधि :** (क) (1) शूलवर्जिणी, वटी- 4 ग्राम, (2) प्रवाल पंचामृत-3 ग्राम, (3) कृमिमुग्दर - 3 ग्राम, (4) महाशंख वटी- 2 ग्राम, (5) सीतोपलादि -25 ग्राम, (6)टंकणभष्म-3 ग्राम, (7) महाशंखभष्म -3 ग्राम, (8) कपर्दकभष्म- 3 ग्राम।

इन सबकी 21 पुड़िया बनायें। सुबह-शाम एक पुड़िया मधु से मिलाकर चाट (सेवन) जायें ऊपर से एक छटाक दूध पी लें।

(ख) इस रोग में पेट खाली नहीं रहना चाहिये। इसलिये 250 ग्राम दूध को चार मात्रा करके एक भाग को घर के बने चनेके सतू के साथ लेते रहें। जैसा की पहले भी लिखा जा चुका है।

(ग) रात को मूंग की खिचड़ी खा कर सोते समय 10 ग्राम इसबगोल की भूली लेकर कैस्टर ऑयल ले लें। खिचड़ी में घी मिला लें। रोटी भी ली जा सकती है, किंतु खिचड़ी ज्यादा हितकर है। सोते समय एक से चार चम्मच कैस्टर ऑयल थोड़ा से दूध में मिलाकर ले लें। बाद में मीठा दूध पी लें। तीन दिन के बाद इस तकलीफ से मुक्ति मिलने लग जाती है। धीरे-धीरे कुछ दिनों में रोग से छूटकारा मिल जाती है।

**विशेष :- हिंग्वष्टक चूर्ण -** 3-3 ग्राम भोजन के पहले कौर में सानकर खा लें। पेट में दर्द हो तब अग्नि तुण्डी वटी-2 गोली तोड़कर निगल जांय और हिंग्वष्टक चूर्ण-5 ग्राम गरम पानी से ले लें। ।। 'जय धन्वन्तरी जय आयुर्वेद' ।।

## बैटरी से चलने वाली साइकिल हो रही हैं पॉपुलर

हीरो कंपनी का मार्केट में अपना एक स्थान है। हीरो लैक्ट्रो उ1 इसी कंपनी की इलेक्ट्रिक रेंज का एक हिस्सा है, जिसमें आपको कंफर्ट और सेफ्टी का एक्सपीरियंस मिलता है। इसमें 250 वाट बीएलडीसी (250W BLDC) मोटर फिट है, जो इसके पीछे के पहिए में लगा हुआ है।

पेट्रोल की कीमतें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, रूस और यूक्रेन के आपसी युद्ध ने पेट्रोल की कीमतों में आग लगाने का काम किया है। ऐसी स्थिति में पेट्रोल से अलग हटकर दूसरी एनर्जी सोर्स पर लोगों की निगाहें टिक गई हैं और इन सभी में इलेक्ट्रिक व्हीकल का चलन बढ़ता जा रहा है। अब चाहे टू व्हीलर हो, चाहे फोर व्हीलर हो, इलेक्ट्रिक व्हीकल को लोग अपनाते जा रहे हैं।

ऐसे में संभवतः दुनिया के सबसे पुराने दोपहिया यानी साइकिल की बात भला कैसे नहीं होगी। आपाधापी की इस दुनिया में साइकिल आज भी अपनी इंपॉर्टेंस बनाए रखने में कामयाब है। चुकी लोगों को स्पीड चाहिए और ऐसी स्थिति में इलेक्ट्रिक बाइसिकल टेक्नोलॉजी की मदद से लोगों को जरूरतों को पूरा करती जा रही है। यहां पर हम आपको बताएंगे कि बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए वह कौन सी चार इलेक्ट्रिक बाइसिकल है, जो आपके लिए एक बेहतर विकल्प हो सकती है। चुकी दिवाली का सीजन चल रहा है और ऐसे में हीरो की 4 इलेक्ट्रिक बाइसिकल को आप ट्राई कर सकते हैं।

**हीरो लैक्ट्रो C1 :** हीरो कंपनी का मार्केट में अपना एक स्थान है। हीरो लैक्ट्रो C1 इसी कंपनी की इलेक्ट्रिक रेंज का एक हिस्सा है, जिसमें आपको कंफर्ट और सेफ्टी का एक्सपीरियंस मिलता है। इसमें 250 वाट बीएलडीसी (250W BLDC) मोटर फिट है, जो इसके पीछे के पहिए में लगा हुआ है। इस साइकिल में लगी बैटरी अगर फुल चार्ज हो जाती है, तो 30 किलोमीटर तक आप इसे ट्रेवल कर सकते हैं और इसकी कीमत 32999 रुपये है। कलर की अगर बात करें तो यह दो कलर वेरिएंट में आती है, जिसमें आप अपनी पसंद से चूज कर सकते हैं।

**हीरो लैक्ट्रो F1 :** हीरो की एफ सीरीज के इस प्रोडक्ट का अपना एक अंदाज है। बता दें कि इसमें 25 किलोमीटर टॉप स्पीड के साथ-साथ यह साइकिल एंटी स्किड मेटल के पैनल के साथ आईएसओ सर्टिफाइड डिस्क ब्रेक भी लगा हुआ है। इसकी कीमत तकरीबन 38999 रुपये है।

**हीरो लैक्ट्रो F6i :** यह लैक्ट्रो सीरीज का सबसे टॉप मॉडल है, जिसमें 11.6 Ah की बैटरी फिटेड है। एक बार फुल चार्ज होने के बाद इससे आप 55 किलोमीटर की यात्रा कर सकते हैं। इसमें RFID का लॉक फंक्शन लगा हुआ है, साथ ही इसमें एलईडी का डिस्प्ले भी इनबिल्ट है। इसकी कीमत 54999 रुपये है।

**हीरो लैक्ट्रो :** यह साइकिल काफी स्टाइलिश और मजबूती के साथ आती है। इसमें लिथियम आयन डिटैचेबल बैटरी लगा रहता है, जिसे चार्ज करना और स्वाइप करना काफी इजी हो जाता है। तकरीबन 3 से 4 घंटे में यह पूरी तरह से चार्ज हो जाती है और इसकी बैटरी एक तरह से वाटर और डस्ट प्रूफ भी है। इसकी कीमत 38999 रुपये है।

❖ **विंध्यवासिनी सिंह**

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन शंव्द्धभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल रहेगा और सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे कार्य आसानी से पूरी रहेंगे।

**वृष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कार्य सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार मध्यम रहेगा और कार्यक्षेत्र में आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन व्यथित रहेगा।

**कर्क राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन मिला-जंव्द्धला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यभार की भी अधिकता रहेगी।

**कन्या राशि :** आज का दिन शंव्द्धभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके अनुकूल होगा। सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिलने से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में व्यतीत होगा।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। गृहों की स्थिति आपके अनुकूल रहने से आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**धनु राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**मकर राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्चों की अधिकता रहेगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी। कार्यों की सफलता के लिए कड़ी मेहनत करने पड़ेगी और दिन भागदौड़ में गुजरेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। गृह-नक्षत्रों की स्थिति आपके अनुकूल बनने से आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना रहेगी।

# देश-विदेश



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More "
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### शराब घोटाला मामले में सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को भेजा समन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आबकारी घोटाला मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को समन जारी किया है। उन्हें सोमवार को 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले सीबीआई ने शराब घोटाले को लेकर मनीष सिसोदिया का घर छापा मारा था। शराब घोटाला मामले में पहले ही तीन लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। इस पूछताछ को लेकर मनीष सिसोदिया की प्रतिक्रिया सामने आयी है। सिसोदिया ने रविवार को ट्वीट किया, मेरे घर पर 14 घंटे सीबीआई की छापेमारी करायी गयी, कुछ नहीं निकला। मेरे बैंक लॉकर की तलाशी ली गयी, उसमें कुछ नहीं निकला। मेरे गांव में इन्हें कुछ नहीं मिला। अब उन्होंने कल पूर्वाह्न 11 बजे मुझे सीबीआई मुख्यालय बुलाया है। मैं जाऊंगा और पूरा सहयोग करूंगा। सत्यमेव जयते। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मामले में इंडो स्पिरिट्स' के मालिक समीर महेंद्रू, गुरुग्राम स्थित बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा और इंडिया अहेड न्यूज के प्रबंधक निदेशक मूथा गौतम सहित कई लोगों से पूछताछ की है।

### कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हादसा, चार को लगा करंट

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' कर्नाटक के बेल्लारी में हादसे का शिकार हो गयी है। जानकारी के अनुसार रविवार को कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल चार कार्यकर्ताओं को करंट लग गया। करंट से घायल सभी कार्यकर्ताओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह बेल्लारी से जब यात्रा शुरू हुई तो कुछ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा और लोहे की छड़ें पकड़े हुए थे, जिस कारण ये हादसा हुआ। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला की मानें तो मौके पर मौजूद एंबुलेंस में डॉक्टरों ने पीड़ितों का इलाज किया। इसके बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह कर्नाटक के बेल्लारी के संगनाकल गांव से यात्रा की शुरुआत हुई। यहां से यात्रा मौका नामक स्थान पर पहुंची। यात्रा में शामिल कुछ कार्यकर्ता पार्टी का झंडा और लोहे की छड़ पकड़े हुए थे। बता दें कि लोकसभा चुनाव-2024 को देखते हुए कांग्रेस पार्टी लगातार मेहनत में लगी है। देशभर में बुरी तरह से बैकफुट पर आ चुकी कांग्रेस पार्टी के लिए कार्यकर्ताओं को जोड़ना बड़ी चुनौती है, जिसको ध्यान में रखते हुए पार्टी ने यात्रा का नाम भी भारत जोड़ो ही रखा है। कांग्रेस पार्टी की इस यात्रा की अगुवाई खुद राहुल गांधी कर रहे हैं।

# दुनिया छोड़ चला विष्णु भक्त 'बाबिया', हर किसी की आंखें हुईं नम

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** शाकाहारी मगरमच्छ बाबिया दुनिया को छोड़ चला है। बीते रविवार को बाबिया की मौत हो गयी थी। बाबिया नाम का मगरमच्छ दुनिया का पहला ऐसा मगरमच्छ था, जो कि शाकाहारी था। बाबिया की उम्र करीब 70 साल बतायी जाती है। बाबिया केरल के कासरगोड जिले स्थित श्री अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर परिसर में बने तालाब में रहता था। जब बाबिया की अंतिम यात्रा निकाली गयी तो हर किसी की आंखे नम दिखीं। इसके पीछे की वजह बाबिया की भगवान के प्रति अद्भुत भक्ति को माना जाता था। बाबिया श्री अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर परिसर में बने तालाब में ही रहा करता था। बाबिया को भगवान विष्णु का अनन्य भक्त बताया जाता था। वह दिन में दो बार तालाब से बाहर निकलकर आता था और मंदिर में जाकर दर्शन करता था। वहीं आने-जाने के दौरान बाबिया ने कभी किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। इसके साथ ही वह खाने में वही प्रसाद खाता था, जो कि भगवान विष्णु को भोग लगाया जाता था। बाबिया नाम के मगरमच्छ को लेकर कहा जाता है कि पूरी जिंदगी में उसने कभी भी किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। तालाब में रहने के बावजूद वहां रहनेवाली मछलियों तक को कभी बाबिया ने जरा सा परेशान तक नहीं किया। वह भक्तों के बीच कौतुहल का विषय था। जब भक्त मंदिर में आकर भगवान को भोग लगाते थे और मन्नत मांगते थे तो कोई ऐसा नहीं होता था जो दिल से बाबिया के दर्शन की चाह न रखता हो। सुबह और दोपहर की पूजा के बाद बाबिया को भोजन दिया जाता था, जो कि केवल प्रसाद ही खाता था।



### तालाब में प्रकट हुआ था बाबिया

**दुनिया** के पहले शाकाहारी मगरमच्छ बाबिया के जन्म की कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। उसके जन्म को लेकर बताया जाता है कि बाबिया साल 1945 में तालाब में प्रकट हुआ था। कहा जाता है कि साल 1945 में एक ब्रिटिश सैनिक ने मंदिर में मगरमच्छ को गोली मार दी थी। इसी के कुछ दिन बाद मंदिर के तालाब में बाबिया अपने आप ही प्रकट हो गया था।

## ये रिश्ता क्या कहलाता है की एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर ने की खुदकुशी



**इंदौर (एजेंसी)।** स्टार प्लस के मशहूर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में संजना का किरदार निभानेवाली एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर ने सुसाइड कर लिया है। 30 साल की वैशाली का शव इंदौर के साईं बाग में उनके घर पर मिला। पुलिस के मुताबिक वैशाली ने 16 अक्टूबर को फांसी लगायी है। उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएस अस्पताल भेजा गया है। उनके शव के पास सुसाइड नोट भी मिला है। शुरुआती जांच में सुसाइड की वजह प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस ने इसी एंगल से जांच भी शुरू कर दी है। हालांकि, सुसाइड नोट में क्या लिखा गया है, पुलिस ने इसकी जानकारी अभी नहीं दी है।

# यूक्रेन के पास रूसी सेना के कैंप पर आतंकी हमला, 11 सैनिकों की मौत

❍ रूसी रक्षा मंत्रालय ने दी जानकारी- दो लोगों ने सैनिकों पर की गोलीबारी

**मॉस्को (एजेंसी)।** यूक्रेन के पास रूसी सैन्य फायरिंग रेंज में दो लोगों ने सैनिकों पर गोलीबारी की, जिसमें 11 लोग मारे गये और 15 घायल हो गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह गोलीबारी शनिवार को दक्षिण-पश्चिमी रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में हुई जो यूक्रेन की सीमा से लगता है। इस बयान के अनुसार, पूर्व सोवियत गणराज्य के दो अज्ञात लोगों ने लक्ष्य अभ्यास के दौरान स्वयंसेवी सैनिकों पर गोलीबारी की और जवाबी कार्रवाई में दोनों मारे गये। मंत्रालय ने इस घटना को आतंकवादी हमला बताया। यह गोलीबारी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में रूसी सेना को



मजबूत करने के लिए सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त आम नागरिकों की जल्द तैनाती किये जाने के आदेश के बीच हुई।

राष्ट्रपति के इस आदेश के विरोध में रूस भर में प्रदर्शन शुरू हो गये और हजारों की संख्या में लोग देश छोड़ कर अन्यत्र चले गये। पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि 2,22,000 से 3,00,000 सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों की सेना में तैनाती संबंधी आदेश पर अमल शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इनमें से 33,000 पहले ही सैन्य इकाइयों में शामिल हो चुके हैं जबकि 16,000 यूक्रेन में जारी सैन्य अभियान का हिस्सा बन चुके हैं। पुतिन द्वारा सितम्बर में जारी इस आदेश के तहत 65 वर्ष से कम आयु के लगभग सभी पुरुष सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त नागरिकों के रूप में पंजीकृत हैं। इस फैसले पर आम जनता में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। राष्ट्रपति के इस आदेश के बाद हजारों लोग रूस छोड़कर पड़ोसी देशों में पलायन करने लगे। पूर्वी यूरोपीय देश यूक्रेन में फरवरी में रूस के हमले शुरू होने के बाद से दोनों ही देशों को गहरी सैन्य और नागरिक क्षति उठानी पड़ी है।

# मेक्सिको के इरापुआतो में नरसंहार, 12 लोगों की मौत



**मेक्सिको सिटी (एजेंसी)।** मध्य मेक्सिको के इरापुआटो में अज्ञात हमलावरों ने बार में गोलीबारी कर 12 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को इसकी पुष्टि की। पुलिस शूटरों की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अज्ञात बंदूकधारियों ने शनिवार शाम इरापुआटो में एक बार में फायरिंग की, जिससे छह महिलाओं और छह पुरुषों की मौत हो गयी। हमले में तीन लोग घायल हो गये। एक पीड़ित का शव बाइक के बगल में पाया गया, जबकि अन्य मारे गये लोगों बार के अंदर थे।

■ अज्ञात हमलावरों ने बार में की अंधाधुंध गोलीबारी

**ड्रग्स कार्टेल के विवाद के चलते होती है हिंसा :** बता दें कि इरापुआटो शहर गुआनाजुआतो राज्य में स्थित है। औद्योगिक गतिविधियों के लिए प्रसिद्ध इस राज्य में ड्रग्स के धंधे को लेकर आपराधिक समूहों के बीच विवाद होते रहते हैं, जिसके चलते हिंसा होती है। यहां दो प्रतिद्वंद्वी समूहों (सांता रोजा डी लीमा और जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल) के बीच विवाद हो रहे हैं। इन आपराधिक समूहों को मादक पदार्थों की तस्करी और ईंधन की चोरी के साथ-साथ अन्य अपराधों को अंजाम देने के लिए जाना जाता है।

**एक महीने से भी कम समय में हुई मास शूटिंग की दो घटना :** एक महीने से भी कम समय में गुआनाजुआतो राज्य में दूसरी मास शूटिंग हुई है। इस महीने की शुरुआत में संगठित अपराध समूहों ने सैन मिगुएल तोतोलापन के टाउन हॉल में मेयर सहित 20 लोगों की हत्या कर दी थी। सितम्बर में तारिमोरो नगरपालिका में एक पूल हॉल में हमलावरों ने 10 लोगों की हत्या कर दी थी। अधिकारियों का कहना है कि जनवरी से अगस्त के बीच इस क्षेत्र में 2,115 हत्याएं हुई हैं।

# अमेरिका को यूक्रेन विवाद पर पाकिस्तान का रुख पसंद नहीं आया : पाक

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान आपसी सम्मान के आधार पर अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि अमेरिका को रूस-यूक्रेन संघर्ष पर पाकिस्तान का निष्पक्ष रुख पसंद नहीं आया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की परमाणु क्षमता इस संबंध के लिए सबसे प्रभावी बाधा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान 1950 के दशक से अमेरिका का सहयोगी रहा है। हालांकि, महाशक्ति ने अपने कठिन समय में कैसे पाकिस्तान का समर्थन किया, यह इतिहास है। हमें इतिहास से सबक सीखना चाहिए, अन्यथा यह हमें एक राष्ट्र के रूप में माफ नहीं करेगा।

द न्यूज ने बताया कि आसिफ ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बयान से पता चलता है कि वह इतिहास भूल गये हैं, वह भूल गये कि पाकिस्तान ने उनके देश के लिए अतीत में क्या किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन को पाकिस्तान की परमाणु संपत्ति की सुरक्षा के बारे में अपनी राय में संतुलन बनाने की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर सावधानीपूर्वक और सोची समझी प्रतिक्रिया दी, जो सही है। एक सवाल के जवाब में रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की परमाणु क्षमता के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान ने दूसरे देशों की साजिश को व्यावहारिक रूप से समाप्त कर दिया है, जिसका दावा इमरान खान ने अपनी सरकार बदलने के बाद किया था। एक अन्य सवाल के जवाब में आसिफ ने कहा कि सेना अधिनियम में संशोधन के लिए कोई कानून प्रक्रिया में नहीं है।

# चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग को पार्टी में कोई चुनौती नहीं

तीसरे टर्म में पहले से ज्यादा दबाव होगा

**बीजिंग (एजेंसी)।** चाइना कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीसीपी की 20वीं कांग्रेस रविवार को बीजिंग में शुरू हुई। यह एक हफ्ते चलेगी। अगर चीन और दुनिया के सामने कुछ छिपा नहीं है तो वो ये सच है कि प्रेसिडेंट शी जिनपिंग को तीसरा टर्म मिलने जा रहा है। यह वो सीक्रेट है जिसे हर कोई जानता और मानता है। जिनपिंग 10 साल से राज कर रहे हैं और अब उन्हें एक और टेन्योर मिलने का मतलब है कि पार्टी के अंदर से जिनपिंग को कोई चुनौती नहीं मिल रही। वो फिर पार्टी के जनरल सेक्रेटरी बनेंगे। हेड ऑफ द मिलिट्री रहेंगे और दुनिया में उन्हें बतौर चीनी राष्ट्रपति पहचाना जाता रहेगा।



सीसीपी की मीटिंग में अब तक जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल को लेकर चीन के किसी अफसर या नेता ने जुबान नहीं खोली है। यह इसलिए और हैरान करनेवाला है, क्योंकि जिनपिंग के सामने कोई सियासी चुनौती नहीं है। एक हफ्ते तक इस मामले में खामोशी बनी रहेगी। एक महीने पहले चीन के एलीट्स की तरफ से जो संकेत मिले, उनसे साफ हो जाता है कि जिनपिंग सत्ता में बने रहेंगे, क्योंकि उनकी सियासी विरासत पर काबिज होनेवाला कोई नजर नहीं आ रहा। एक और बात दुनिया के लिए बेहद अहम है। दरअसल, जिनपिंग को तीसरा टर्म मिलने के मायने ये हुए कि वो उन्हीं नीतियों को बढ़ाएंगे जो दो कार्यकाल में चल रहीं थीं। इसका दूसरा पक्ष ये है कि अगर जिनपिंग सत्ता से हट जाते तो शायद एक सियासी अस्थिरता सामने आती। इन सबके बीच, अगर कुछ सच है तो वो ये है कि तीसरे कार्यकाल में जिनपिंग पर दबाव जरूर बढ़ेगा। आज नहीं तो कल, उन्हें यंग जनरेशन को पावर ट्रांसफर करना होगा और इसके लिए इसी टर्म में रोडमैप सामने लाना होगा।

### पॉलिसी डायरेक्शन पर कुछ क्लियर नहीं

**हार्वर्ड** यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर युहुआ वांग चीन से ही हैं। सीसीप कांग्रेस के बारे में उनकी राय बिल्कुल साफ है। वांग कहते हैं कि आम चीनी नागरिक और इन्वेस्टर्स अब तक यह नहीं समझ पाए हैं कि चीन अब किस दिशा में जायेगा। उसका पॉलिसी डायरेक्शन पहले की तरह ही रहेगा या फिर उसमें कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। लोग इस बारे में जानना चाहते हैं। वांग आगे कहते हैं- इस तस्वीर का एक और पहलू है। दरअसल, अगर जिनपिंग के सक्सेसर यानी उत्तराधिकारी के बारे में कोई फैसला नहीं आता है तो यह चीन के लिए भी बहुत खतरनाक है। इसकी वजह यह है कि इससे चीन का एलीट क्लास या अमीर तबका बंटने लगेगा और उनकी सोच में भी बदलाव आयेगा।



## न्यूज गैलरी

### डॉ. राकेश कुमार को राष्ट्रीय सम्मेलन में स्वर्ण पदक से सम्मानित



रांची। भारतीय मृदा संरक्षण सोसाइटी (एससीएसआई), नई दिल्ली एवं भारतीय मृदा संरक्षण सोसाइटी (एससीएसआई), नवसारी चैप्टर, नवसारी, गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, गुजरात में 13–15 अक्टूबर 2022 तक इनोवेटिव रिसोर्स मैनेजमेंट एप्रोचेस फॉर कोस्टल एंड इनलैंड इकोसिस्टम टू सस्टेन प्रोडक्टिविटी एंड क्लाइमेट रेसिलिएंस विषय पर 31 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के विश्वविद्यालय प्राध्यापक एवं प्रभारी सह निदेशक, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, दुमका डॉ राकेश कुमार को एससीएसआई स्वर्ण पदक झ 2021 अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ कुमार को यह पुरूस्कार मिट्टी, पानी और कार्बन संरक्षण और उनके प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। इस पुरूस्कार नवसारी कृषि विश्वविद्यालय,नवसारी, गुजरात के कुलपति डॉ जेडपी पटेल एवं राजमाता सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर के पूर्व कुलपति डॉ एके सिंह ने सम्मेलन के दौरान संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर नास (आईसीएआर), नई दिल्ली के उपाध्यक्ष, आईसीएआर – केंद्रीय कृषि वानिकी अनुसंधान संस्थान झांसी के निदेशक, गुजरात के मुख्य वन संरक्षक एवं कृषि निदेशक के अलावे देशभर के करीब 150 कृषि वैज्ञानिक भी मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच ने वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों के साथ दीप जलाकर दीपावली की खुशियां मनाई




रांची। दीपावली के पूर्व ओल्ड एज होम डीएवी स्कूल बरियातू स्थित वृद्धा आश्रम में उपस्थित वृद्धिजनों के साथ मारवाड़ी युवा मंच रांची के सदस्यों ने उनके खुशियों को साझा किया। वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों ने दिल खोलकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। इस दौरान संस्था में मौजूद वृद्धजनों ने पूरे कैंपस में दीप जलाकर रौशनी पर्व की खुशियां मनाई। फुलझड़ी और पटाखे छोड कर बहुत आनंद लिया। इसके साथ ही संस्था ने वृद्ध जनों को उपहार के साथ कई तरह का स्वादिष्ट व्यंजन और मिष्ठान की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के बीच में वहां उपस्थित वृद्धजनों को कई तरह का गेम खिलाया गया और जीतने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक बिमल अग्रवाल, सोनित अग्रवाल और सौरभ सरावगी के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित की गई। मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव विकास अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि इस दौरान कुछ बुजुर्गों से रूबरू होने का पर एहसास हुआ कि छोटी–छोटी खुशियों से अपने जीवन में रंग भर रहे हैं। बुजुर्गों ने बताया कि पहले हम सब एक परिवार से नहीं है लेकिन आश्रम में सभी लोग एक परिवार की तरह रहते हैं। सभी अलग–अलग स्थान से आए हुए हैं। उम्र के इस पड़ाव में त्यौहार को अपने अंदाज में हम सेलिब्रेट करते हैं।

### बीआरपी–सीआरपी संघ ने सरकार के रवैये पर नाराजगी जतायी

रांची। बीआरपी–सीआरपी एसएस संघ की केंद्रीय कमेटी की बैठक रविवार को कचहरी स्थित शिक्षा परिसर में हुई। बैठक में बीआरपी–सीआरपी की लंबित समस्या के समाधान के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। केंद्रीय कमेटी के सदस्यों ने शिक्षा परियोजना एवं झारखंड सरकार के पक्षपातपूर्ण रवैया पर आक्रोश व्यक्त किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद ने कहा कि संघ ने समस्या के समाधान के लिए शिक्षा मंत्री, विभागीय सचिव एवं राज्य परियोजना निदेशक को जो अभ्यावेदन दिया उस पर अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ। इससे सदस्यों के बीच नाराजगी है। बैठक में नीलम पांडे, अरविंद चौबे, नितिन कुमार, ओपेन देवरिया, शैलेंद्र कुमार, जावेद अंसारी, इसरार अहमद, मनदीप राम, नवीन कुमार, कुमार सिकंदर, कुमार रोहित, मनोज मिश्रा, कमलकांत मेहता, मिथिलेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# सहारा इंडिया में झारखंड के ढाई लाख लोगों के 3 हजार करोड़ रुपये फंसे




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के ढाई लाख से भी ज्यादा लोगों के तीन हजार करोड़ रुपये सहारा इंडिया की विभिन्न योजनाओं में फंस गए हैं। जमा योजनाओं की पॉलिसी परिपक्व होने के बाद भी लगभग दो वर्ष से भुगतान पूरी तरह बंद है। राज्य के अलग-अलग इलाकों में स्थित सहारा के दफ्तरों में हर रोज बड़ी तादाद में पॉलिसी की राशि के भुगतान की मांग लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। रांची, हजारीबाग, रामगढ़, बेरमो, बोकारो, धनबाद, जमशेदपुर सहित कई जिलों में निवेश करने वाले लोगों ने सहारा के दफ्तरों के बाहर प्रदर्शन भी किया है। इन शाखाओं के प्रबंधकों और कर्मियों के पास कोई जवाब नहीं है। कंपनी के लिए काम करने वाले 60 हजार से भी ज्यादा कर्मी भी हर रोज हो रहे हंगामे से परेशान हैं। निवेशकों का कहना है मैच्योरिटी की राशि का भुगतान न होने से किसी का इलाज के अभाव में निधन हो गया तो किसी के बच्चों की पढ़ाई से लेकर शादी तक रुक गई। भुगतभोगी बोकारो जिले के बेरमो के रामदास साव का कहना है कि अपने जीवन की पूरी कमाई 20 लाख रुपये सहारा इंडिया में जमा किए लेकिन उन्हें एमआईएस तक का भुगतान नहीं किया जा रहा है। हजारीबाग के शिवपुरी निवासी संतोष कुमार के एक लाख रुपये फंसे हैं और वह दो साल से परेशान हैं। बेरमो के बबलू गुप्ता और उनकी पत्नी राजकुमारी भारती का कहना है कि पैसे न मिलने की वजह से उन्हें अपनी बेटी का विवाह स्थगित करना पड़ा। इसी तरह प्रदीप कुमार भगत ने भी 21 लाख रुपये जमा किए हैं लेकिन उन्हें ब्याज तक की रकम नहीं दी जा रही है। कुछ महीने पहले बोकारो जिले के गोमिया में सहारा इंडिया के एक एजेंट ने निवेशकों के दबाव से परेशान होकर खुदकुशी कर ली थी। अगस्त महीने में सरकार ने लोकसभा में यह जानकारी दी थी कि सहारा इंडिया में पैसा लगाने वालों की संख्या करोड़ो में है।

> प्रदीप कुमार भगत ने भी 21 लाख रुपये जमा किए हैं लेकिन उन्हें ब्याज तक की रकम नहीं दी जा रही है। कुछ महीने पहले बोकारो जिले के गोमिया में सहारा इंडिया के एक एजेंट ने परेशान होकर खुदकुशी कर ली थी।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया था कि सहारा समूह की विभिन्न इकाइयों में करीब 13 करोड़ निवेशकों के 1.12 लाख करोड़ रुपये के फंसे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में विधायक नवीन जायसवाल ने नॉन-बैंकिंग कंपनियों में झारखंड के लोगों के लगभग 2500 करोड़ फंसे होने का मामला उठाया था। उन्होंने कहा था कि तीन लाख लोग अपने पैसों को लेकर चिंता में हैं। इस पर जवाब देते हुए सरकार ने कहा था कि नॉनबैंकिंग कंपनियों की वादाखिलाफी और भुगतान संबंधी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जा रहा है।

## वार्ड 29 के जयप्रकाश नगर में उपमहापौर ने किया बोरिंग का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को वार्ड 29 स्थित जय प्रकाश नगर में समाजसेवी निशांत यादव के नेतृत्व में कराएं गये बोरिंग एवं प्याऊ का उद्घाटन रांची के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय के द्वारा किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा सुखदेव नगर मण्डल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत सिंह, अशोक पांडेय, कृष्णा विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा, मदन विश्वकर्मा, अरविंद गुप्ता, रोहित पांडेय, रिक्की यादव, बिहारी सिंह, निशु यादव, कपिल गोप,किशोर गोप, मनीष केसरी, सुनील वर्णवाल, राजा चौधरी, बिट्टू दिव्य परमार, सुभांशु दुबे, शशिकांत तिवारी, रौशन कुमार, दिलीप ठाकुर, अमरजीत गुप्ता सहित मोहल्ले के लोग उपस्थित रहें।

## नये विचार सृष्टि के रचयिता परमपिता परमात्मा से प्राप्त होते हैं : निर्मला बहन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सत्पुरूष का सबसे बड़ा धन उनके श्रेष्ठ कर्म ही है। वे अपने सद्व्यवहार, विनम्रता तथा परोपकारों से पुण्यलाभ प्राप्त करते रहते हैं। इसके फलस्वरूप उन्हें परमात्मा से अक्षय सुख मिलता है। यह बातें यहां ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्थान चैधरी बगान, हरमू रोड में व्यक्त किये। आपने कहा नई सृष्टि, सुखमय सृष्टि की रचना नये संकल्पों व विचारों से होती है। नये विचार सृष्टि के रचयिता परमपिता परमात्मा से प्राप्त होते हैं। आज मानव अनेक प्रकार के पुराने विचारों तथा समस्याओं से घिरा हुआ है तथा स्वयं को कलह क्लेशों से घिरा हुआ पा रहा है। उसका यह क्लेश तभी दूर होगा जब वह संसार के भले के लिये कुछ नया सोचेगा। नये संकल्प यदि सामाजिक हो तो समाज का उत्थान होता है राजनीतिक हो तो षासन व्यवस्था का उत्थान होता है तथा आध्यात्मिक हो तो मानव की आत्मा का उत्थान होता है। ब्रह्मा को नई सृष्टि का रचयिता कहा जाता है। परमात्मा ब्रह्मा, विष्णु तथा षंकर आदि देवताओं को सृष्टि की स्थापना, पालना व पतित सृष्टि के विनाश के लिए रचते हैं। ऐसी बात नहीं कि महाविनाष के बाद सभी बीजों के नष्ट हो जाने से नया बीज प्राप्त करना मुश्किल है। मनुष्य आत्मा का शरीर अन्य शरीरधारी मनुष्यों को पैदा करने वाला एक बीज है। महाविनाश के पश्चात दैवी सम्प्रदाय के थोडे. से लोग रहते हैं जो योग बल के द्वारा सृष्टि को बढ़ाते हैं। अपने ज्ञानयुक्त संकल्पों से पिताश्री ब्रह्मा मानव के संस्कारों को श्रेष्ठ बनाते हैं। ब्रह्मा मुख से ईष्वरीय ज्ञान सुनकर मानव का जीवन बदल जाता है। उसका जीवन संयमित और मर्यादित हो जाती है। आज से पॉच हजार वर्ष पहले हमारा देष स्वर्ग तुल्य था। सारी सृष्टि सतोप्रधान थी। उसे ब्रह्मा द्वारा ही परमात्मा ने सुखदायी बनाया था। प्रत्येक कल्प के बाद नये सिरे से सतयुग रचा जाता है।

## कराटे ब्लैक बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट में खुशबू कुमारी व काजल कुमारी सफल घोषित

**रांची ।** रविवार को इंस्टिट्यूट ऑफ शोतोकान कराटे यूनाइटेड झारखण्ड के ओर से एयरपोर्ट कराटे शाखा के 2 कराटे खिलाडियों का ब्लैक बेल्ट टेस्ट लिया गया जिसमे दोनों खिलाडी सफल घोषित हुए. ब्राउन १२३ से ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन का टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन कर ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन पाने वाले इन खिलाडियों को सम्मानित किया गया। खुशबू कुमारी को जहां ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन से सम्मानित किया गया वहीं काजल कुमारी भी ब्लैक बेल्ट प्रथम डैन से सम्मानित की गयी दोनों खिलाडी पिछले कई सालो से कराटे का प्रैक्टिस प्रशिक्षक सेंसेई इबरार कुरैशी से ले रही है. यह बेल्ट टेस्ट प्रशिक्षक सेंसेई इबरार कुरैशी की देख रेख हुई. यह बेल्ट टेस्ट प्रोग्राम में मुख्य रूप से आरती कुमारी, सोनू साहू, लक्ष्मी कुमारी किरण छेत्री रोहिणी टोप्पो व कंचन सिंह मौजूद थी.

### स्व. चंपालाल भुवालका की पुण्य स्मृति के अवसर पर

## श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 150 लोगों ने किया भोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड में स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में रविवार को स्व. चम्पा लाल भुवालका की पुण्य स्मृति में उनके अनुज भाई भगवती प्रसाद भुवालका, पुष्पा भुवालका, आदित्य भुवालका, सुमन भुवालका के द्वारा प्रायोजित था। इस अवसर पर भुवालका परिवार जनों ने स्व. चंपालाल भुवालका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अन्नपूर्णा सेवा में 150 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि अन्नपूर्णा सेवा में 162 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर- प्रमोद अग्रवाल, पुरुषोत्तम विजयवर्गीय, प्रदीप नारसरिया, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, मनोज रूईया, द्वारका अग्रवाल, अंजनी बुधिया, सहित कई लोग उपस्थित थे। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया है कि दोनों अन्नपूर्णा सेवा स्व० सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व० शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित है।

## 22 व 23 अक्टूबर को 11वीं रांची जिला जुनियर एवं सीनियर बालक व बालिका प्रतियोगिता आयोजित

**रांची ।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय 11वीं रांची जिला जुनियर एवं सीनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2 ,धुर्वा ,राँची में दिनांक 22 एवं 23 अक्टूबर 2022 को किया गया है। इस प्रतियोगिता में राँची जिले के किसी भी कोटि के विधालय/महाविद्यालय /क्लब/ग्रामीण क्षेत्र की टीम भाग ले सकती है। इस प्रतियोगिता के आधार पर राँची जिला जुनियर एवं सीनियर बालक-बालिका टीम का चयन किया जाएगा,जो आगामी माह मधुपुर,देवघर में आयोजित 4 से 6 नवम्बर तक 16वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर बालक - बालिका खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जुनियर वर्ग के लिए जन्म तिथि 01.01.2007 से ऊपर एवं सीनियर वर्ग के लिए अधिकतम 25 वर्ष तक होना चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी संस्था से प्राप्त जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की 2 छाया प्रति एवं चार रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो को जमा करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2022 के शाम पांच बजे तक जिला संघ के वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार (7004818036) , सुभाष गांगुली (8260884220),सहजाद कुरैशी (9199740791) पर सम्पर्क कर जमा कर सकते हैं। यह जानकारी राँची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने साझा की है।

## युवा कांग्रेस के नेता रोहित साहू के आकस्मिक निधन से शोक की लहर

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के नेता रोहित साहू के आकस्मिक निधन पर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमिटी काफी मर्माहत और गमगीन हो उठा है। मालूम हो कि रोहित साहू (30 वर्षीय ) झारखण्ड युवा कांग्रेस नेता, युवा व्यवसायी थे। रांची से अपने ससुराल जाने के क्रम में तैमारा घाटी से पहले सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया। रोहित साहू के आकस्मिक निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोधकांत सहाय, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, सतीश पॉल मंजुनी , अमुल्य नीरज खलखो, मानस सिन्हा, अभिजीत राज, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, उज्ज्वल राजेश सिन्हा सनी, कुलदीप कुमार रवि, नितीश सिन्हा, बसंत लकड़ा बिट्टू, दामोदर प्रसाद सहित अन्य लोगों ने गहरा शेक संवेदना प्रकट किया है।

# 53 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद में उमड़ा जन सैलाब



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** निर्मल मधु छावनीका के सौजन्य से श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एवं धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 50 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में संस्था के सक्रिय सदस्य निर्मल मधु छावनीका एव उनके परिवार के सौजन्य से अपने माता पिता स्वड्ड जगदीश प्रसाद शान्ती देवी छावनीका की स्मृति में निर्मल मधु छावनीका, निलेश ट्विंकल छावनीका, श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के वरिष्ठ सदस्य ज्ञान शर्मा,मनीष जालान, ओमप्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में आये हुए भक्त प्रेमियों, राहगीरों एवं बच्चों के बीच 53 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 53 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे में संस्था ने पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव, आलु टमाटर की सब्जी, खीर का वितरण किया। आज के अन्नपूर्णा भोजन सेवा का आयोजन निर्मल मधु छावनीका,निलेश ट्विंकल छावनीका एवं उनके परिवार के सौजन्य से रविवार को किया गया। आज के 53 वें प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप से कृष्ण प्रणामी के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मनीष जालान, शिव भगवान अग्रवाल, राज जालान, विष्णु सोनी, सुरेश भगत, शंकरलाल मोदी, प्रदीप पोद्दार,मनीष सोनी,ज्ञान प्रकाश शर्मा,पवन पोद्दार, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु,परमेश्वर साहु , महिला समिति की संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**सेल्फी लेने के चक्कर में...**

मेदिनीनगर की ओर एक मालगाड़ी आ गयी। मालगाड़ी की चपेट में आ कर नासिर अंसारी गला नदी रेलवे पुल से नीचे गिर गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि उसका दोस्त फिरदौस अंसारी व रिजवान अंसारी मालगाड़ी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोग गला नदी पुल पहुंचे और घायलों को अस्पताल में भरती कराया। जानकारी के अनुसार काफी देर तक नाजिर का शव घटना स्थल पर पड़ा था। इसकी जानकारी मिलने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोरचा के जिला अध्यक्ष मो महताब आलम गला नदी पहुंचे। उन्होने एंबुलेंस को वहां बुलवाया और शव को ले कर सदर अस्पताल पहुंचे। रात हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम नहीं किया जा रहा था। महताब आलम ने बताया कि उन्होने दूरभाष पर उपायुक्त भोर सिंह यादव से पोस्टमार्टम रात में ही कराने का आग्रह किया। इस पर उपायुक्त ने उन्हें पोस्टमार्टम करा देने का भरोसा दिया। इधर घटना के बाद से नाजिर के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह...**

संबंधी विषयों पर भी समारोह में चर्चा होगी। कार्यक्रम में राज्य सरकार के खिलाफ गांव-गांव से आंदोलन व राज्य सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने की घोषणा होगी। प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता अमित सिंह भी उपस्थित थे।

**गांव–गांव तक मिलेगा सुरक्षा के साथ...**

करेंसी छापने के लिए कागज और इंक आयात करना पड़ता है। कम नोट छापने से पैसे बच रहे हैं। डिजिटल करेंसी लाने पर भी काम हो रहा है। डिजिटल पेमेंट बढ़ रहा है। आज आपको बंगाल से शहद चाहिए या असम से बैम्बु प्रोडक्ट या लोकल रेस्टुरेंट से खाना मंगवाना हो, डिजिटल इंडिया ने वह सब मुमकिन कर दिया है, जिसकी कुछ साल पहले तक कल्पना नहीं कर सकते थे।

**2014 से पहले की फोन बैंकिंग ने कर दिया था अर्थव्यवस्था को असुरक्षित :** पीएम ने कहा कि 2014 से पहले की फोन बैंकिंग अब डिजिटल बैंकिंग में बदल गयी है। 2014 से पहले की फोन बैंकिंग आपलोगों को याद होगा। बैंकों को ऊपर से फोन आते थे और तय होता था कि बैंक कैसे काम करेंगे, किसे पैसे देंगे। इस फोन बैंकिंग की राजनीति ने देश की अर्थव्यवस्था को असुरक्षित कर दिया था। निरंतर घोटालों की खबरें आती थी। आज डिजिटल बैंकिंग से पारदर्शिता से काम हो रहा है। लाखों करोड़ रुपये बैंकिंग व्यवस्था में लौटे हैं। एनपीए से जुड़े मुद्दों को सुलझाने में तेजी लायी गयी है।

**एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में...**

किसी व्यक्ति से उसकी भाषा में बात करते हो तो वह उसके दिमाग में जाता है।

**मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में करानेवाला पहला राज्य बना मध्य प्रदेश :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोपहर करीब 12 बजे विशेष विमान से भोपाल पहुंचे। यहां से गृहमंत्री हेलीकॉप्टर से लाल परेड ग्राउंड कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए। यहां उन्होंने एमबीबीएस प्रथम वर्ष की तीन पुस्तकों का विमोचन करते हुए हिंदी माध्यम से मेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई का शुभारंभ किया। लाल परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम हिंदी में 'ज्ञान का प्रकाश' में करीब 30 हजार विद्यार्थियों के अलावा चिकित्सा और हिंदी क्षेत्र के जानकार शामिल हुए।

**परिवार के साथ बैठकर खाना...**

आपके परिचित या घर के लोग या प्रियजन भले ही दूर देश या किसी दूसरे शहर या अपने ही शहर में हैं, आप चाहें तो 24 घंटे में एक बार सभी परिजन या दोस्त खाना खाते समय या नाश्ता करते समय एक-दूसरे को वीडियो कॉल करते हुए देखते हुए भी खाना खा सकते हैं।

**देश के विकास में बैंकों की भूमिका...**

कहा कि इस डिजिटल ईकाईं के जरिये जमशेदपुर के लोग पेपरलेस बैंकिंग की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। मंत्री ने डिजिटल बैंकिंग के माध्यम से भारत को डिजिटल के क्षेत्र में एक नयी ऊंचाई पर ले जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक नये भारत की दृष्टि से अर्थव्यवस्था में व्यापक सुधार होगा एवं आम जनता को बेहतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होगी, जो ग्राहक या सामान्य जन को जोड़ने की है। श्री मुंडा ने कहा कि भारत ने विश्व पटल पर डिजिटल क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान बना लिया है।

## 70 साल में जितनी महंगाई नहीं बढ़ी, उतनी सालों में बढ़ी : श्रवण

रांची। बिहार सरकार के मंत्री और झारखंड जदयू के प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि देश में 70 साल में जितनी महंगाई नहीं बढ़ी, उतनी 7 साल में बढ़ गई। केंद्र में बैठे लोग जुमलेबाजी कर रहे। देश में जो तांडव चल रहा है उसके विरुद्ध जदयू के नेता और कार्यकर्ता लगातार आंदोलनरत है। देश में नफरत का वातावरण पैदा किया जा रहा है। बिहार में जो कार्य हुआ, पूरे देश में कहीं नहीं हो सका। प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में जदयू को नंबर 1 की पार्टी बनायेंगे। लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में जदयू के अधिक से अधिक प्रत्याशी जीतें, इसके लिए सांगठन को दुरुस्त कर रहे है। जदयू पंचायत स्तर तक कार्यकताओं को जोड़ने का कार्य कर रहा है। झारखंड की ज्वलंत समस्याओं पर पार्टी के कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे।

**सभी जिलों का दौरा कर संगठन को करेंगे मजबूत : गौतम सागर राणा**

झारखंड जनता दल का जदयू में विलय के बाद गौतम सागर राणा ने कहा कि झारखंड में जदयू की अपार संभावनाएं है। नीतीश कुमार के साथ पहले भी कार्य किया है और अब पुनः उनके साथ कार्य करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा की नीतीश कुमार बहुत ही सुलझे हुए नेता है, हर वर्ग में उनकी लोकप्रियता है, जिसका लाभ आने वाले दिनों में पार्टी को मिलेगा। झारखंड के सभी जिलों में दौरा कर संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा और कार्यकताओं को चुनावी राजनीति के लिए अभी से तैयार किया जाएगा। सम्मेलन को पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर नाथ दास, डा आफताब जमील, अशोक चौधरी, सुशील सिंह, रमाकांत मंडल, सागर कुमार, मनोज सिन्हा, आशा शर्मा, निर्मल सिंह, संजय ठाकुर, अभय कुशवाहा, रामस्वरूप यादव, राम सेवक राम, अंजली सिंह, दीप नारायण सिंह, पिंटू सिंह, अनिल सिंह, उपेंद्र सिंह, हाजी हसीब खान, शैलेंद्र महतो, बैजनाथ पासवान, महेश्वर प्रसाद, सुबोध कुमार, डिंपल मुंडा, खुशबू कुमारी, अनीता देवी , मोनिका कुजूर ने संबोधित किया।

## एशियन यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में आशा किरण बारला के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बधाई

**रांची ।** कुवैत में आयोजित 4थी एशियन यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में गुमला की अंतरराष्ट्रीय एथलीट आशा किरण बारला ने 15 अक्टूबर को देर रात 800 मी० में श्रीलंका,इंडोनेशिया, इराक के एथलीटों को पछाड़ते हुए 2:06.79 सेकेंड के साथ नया एशियन रिकार्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। जबकि यूथ एशिया एथलेटिक्स 800 मी० बालिका वर्ग का पुराना रिकार्ड 2:09.03 सेकेंड का था। पिछले दिनों 2 से 7 अगस्त तक काली,कोलांबिया में आयोजित विश्व अंडर 20 एथलेटिक्स में आशा ने सेमीफाइनल तक का सफर रहा था। इसके पूर्व जूनियर सैफ एवम जूनियर राष्ट्रिय क्रॉस कंट्री दौड़, यूथ नेशनल, जुनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप, खेलो इण्डिया यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप समेत कई प्रतियोगिताओं में राज्य के लिए दर्जनों पदक जीती है।

## न्यूज गैलरी

### श्रीलंका को लगा झटका, बड़ा खिलाड़ी वर्ल्ड कप से बाहर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप का आठवां संस्करण 16 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया में शुरू हो गया है। हालांकि, श्रीलंका को बड़ा झटका लगा है और तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण मेगा इवेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें यह चोट टूर्नामेंट से पहले प्रशिक्षण के दौरान लगी थी। मधुशंका को शनिवार (15 अक्टूबर) को अभ्यास से दूर होते हुए देखा गया था और उन्हें एमआरआई स्कैन कराने के लिए भेजा गया था जिसमें चोट की पुष्टि हुई थी। उम्मीद की जा रही है कि श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) जल्द ही उनके लिए एक प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। मधुशंका की चोट श्रीलंका के लिए एक बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उन्होंने खिताब अपने नाम किया था। श्रीलंका के पास मौजूदा यात्रा रिजर्व हैं और संभावना है कि उनमें से किसी एक का चयन किया जाएगा। बिनुरा फर्नांडो तेज गेंदबाज हैं जबकि लाहिरू कुमारा और प्रमोद मधुशन पहले से ही टीम में हैं।

### 30 के बाद आप कोई भी क्रिकेट मैच मिस नहीं करना चाहते : क्रिस वोक्स

**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी क्रिस वोक्स खुश हैं कि आखिरकार वह आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए जोस बटलर की टीम में शामिल हो गए हैं और महीनों तक चोटों के कारण खेल से बाहर रहने के बाद योगदान देने में सक्षम हैं। वह किसी भी क्रिकेट मैच को मिस करना चाहते हैं। वोक्स ने 14 अक्टूबर को कैनबरा में मनुका ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20आई में कप्तान आरोन फिंच, ग्लेन मैक्सवेल और मिशेल मार्श को आउट करते हुए तीन विकेट लिए लेकिन बारिश के कारण मैच रद्द होने के कारण उनके प्रयास व्यर्थ गए। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी टी20 विश्व कप में प्लेइंग इलेवन में चुने जाने के लिए खुद को प्रमुख स्थान पर रखा होगा और वोक्स का कहना है कि वह देश के लिए खेलने का कोई और मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं। वोक्स के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया कि जब आप 30 साल के हो जाते हैं, तो आप किसी भी क्रिकेट मैच को मिस नहीं करना चाहते हैं।

### युवा और अनुभव के बीच संतुलन होना चाहिए : पूरन

**होबार्ट (एजेंसी)।** दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज की टी-20 विश्व कप की टीम में कई नामी खिलाड़ी नहीं है, लेकिन कप्तान निकोलस पूरन का मानना है स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी सफलता की गारंटी नहीं है। वेस्टइंडीज को इस बार खिताब का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा है, क्योंकि पिछले साल विश्व कप में भाग लेने वाले उसके 12 खिलाड़ी वर्तमान टीम में शामिल नहीं हैं। टीम को कीरोन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो और लेंडल सिमंस की कमी खलेगी, जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। आंद्रे रसेल और सुनील नारायण भी टीम में नहीं हैं। पूरन ने कहा कि मेरा मानना है कि अनुभव और युवा खिलाड़ियों के बीच संतुलन होना चाहिए। आपने देखा होगा कि हमने जब दो विश्वकप जीते थे तो हमारे पास कई नामी खिलाड़ी थे, लेकिन पिछले साल भी हमारी टीम में कई ख्याति प्राप्त खिलाड़ी थे और हम क्वालीफाई भी नहीं कर पाए थे। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ सोमवार को होनेवाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि यह किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं करता है बल्कि यह हमारी टीम के प्रदर्शन से जुड़ा है। पिछले साल आस्ट्रेलिया ने खिताब जीता और उसके पास तब बहुत नामी खिलाड़ी नहीं थे। लेकिन उसने साबित किया कि उसके पास ऐसी टीम है जो विश्व कप जीत सकती है।

## श्रीलंका पर जीत के बाद तेंदलुकर ने की नामीबिया की प्रशंसा, बोले- नाम याद रखना

**मुंबई (एजेंसी)।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 के टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका पर जीत के बाद नामीबिया क्रिकेट टीम की प्रशंसा की है। नामीबिया ने एशिया कप 2022 चैंपियन श्रीलंका को अपने ग्रुप ए में 55 रनों से हराकर आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 के पहले मैच में जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचते हुए टी-20 इंटरनेशनल्स में एसोसिएट टीम बनाम पूर्ण सदस्य टीम के बीच रनों के हिसाब से सबसे बड़ी जीत दर्ज करनेवाली तीसरी टीम बनी।



तेंदुलकर ने ट्वीट किया, नामीबिया ने आज क्रिकेट जगत को बता दिया है...नाम याद रखना। मैच की बात करें तो नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी उनकी शुरुआत खराब रही। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और 15 ओवर में नामीबिया 95/6 पर था, लेकिन उन्होंने अंतिम पांच ओवरों में 68 रन बनाकर रफ्तार पकड़ी। जान फ्रिलिंक (28 गेंदों में 44 रन) और जेजे स्मिट (16 गेंदों पर 31*) ने 20 ओवर में अपनी टीम को 163/7 तक पहुंचाने में मदद की। श्रीलंकाई गेंदबाज प्रमोद मदुशन (2/37) के अलावा महेश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, चमिका करुणारत्ने और वनिन्दु हसरंगा ने एक-एक विकेट लिया।

## टी-20 विश्व कप में खेलनेवाला सबसे युवा क्रिकेटर बना अयान

**मेलबर्न (एजेंसी)।** नीदरलैंड के खिलाफ जिलॉन्ग के साइमंड्स स्टेडियम में टी-20 विश्व कप 2022 के ग्रुप ए के दूसरे मैच में संयुक्त अरब अमीरात के क्रिकेटर अयान अफजल खान ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अयान टी-20 विश्व कप में खेलने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। साल 2005 में जन्में अयान ने 16 साल 335 दिन की उम्र में टी-20 विश्व कप में खेलते हुए इतिहास रचा है। बल्लेबाजी ऑलराउंडर अयान हालांकि अपनी बैटिंग से प्रभावित नहीं कर पाया। आयान ने 7 गेंदों पर 5 रन की पारी खेली। वह फ्रेड क्लासेन की गेंद पर टॉम कूपर के हाथों कैच आउट हुए। वहीं, गेंदबाजी की बात करें तो उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 3 ओवर में 15 रन देकर 5 की ईकोनॉमी रेट से एक विकेट अपने नाम किया।



मैच की बात करें तो नीदरलैंड ने जुनैद सिद्दीकी (24/3) की शानदार गेंदबाजी के बावजूद यूएई को तीन विकेट से मात दी। यूएई ने नीदरलैंड के सामने 112 रन का लक्ष्य रखा था जिसे नीदरलैंड ने एक गेंद रहते हुए हासिल कर लिया। नीदरलैंड 13 ओवर में 76/4 के स्कोर के साथ आसानी से लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी, लेकिन जुनैद ने 14वें ओवर में टॉम कूपर और वान डर मरवे को आउट करके मैच को रोमांचक बना दिया। जहूर खान ने 19वें ओवर में टिम प्रिंगल (15) का विकेट निकाला जिसके बाद डच टीम को आखिरी ओवर में छह रनों की आवश्यकता थी। लोगन वैन बीक और स्कॉट एडवर्ड्स ने यह रन पांच गेंदों में बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी।

### टी-20 वर्ल्ड कप खेलनेवाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

- अयान अफजल खान, यूएई, 16 साल 335 दिन - 2022
- मोहम्मद अमीर, पाकिस्तान - 17 साल 55 दिन - 2009
- राशिद खान, अफगानिस्तान - 17 साल 170 दिन - 2016
- अहमद शहजाद, पाकिस्तान - 17 साल 196 दिन - 2009
- जॉर्ज डॉकरेल, आयरलैंड - 17 साल 282 दिन - 2010

### टी-20 विश्व कप के पहले ही मैच में बड़ा उलटफेर

# श्रीलंका की करारी हार, नामीबिया ने 55 रन से जीत दर्ज कर बनाया रिकॉर्ड

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के पहले ही मैच में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। जिलॉन्ग के साइमंड्स स्टेडियम में रविवार को

- भारत-पाकिस्तान को हरानेवाले श्रीलंका को नामीबिया ने किया ढेर

एसोसिएट टीम नामीबिया ने एशिया कप 2022 की चैम्पियन श्रीलंका को 55 रनों से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी नामीबिया की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 163 रन बनाये। जवाब में श्रीलंका की टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पायी। टीम 19 ओवर में 108 रन पर सिमट गयी।



**जान फ्रिलिंक ने 28 गेंदों पर 44 रन बनाये :** नामीबिया की ओर से जान फ्रिलिंक ने सबसे ज्यादा 28 गेंदों पर 44 रन बनाये। वहीं, जेजे स्मित ने 16 गेंदों पर 31 रन बनाये। इसके अलावा स्टीफन बियर्ड 26, गेरहार्ड इरास्मस और लोफ्टी-ईटन ने 20-20 रन बनाये। प्रमोद मधुशन ने दो विकेट लिये। इसके अलावा महेश तीक्षणा, दुष्मंथा चमीरा, चमारा करुणारत्ने और वनिंदु हसरंगा ने एक-एक विकेट लिये।

**दसुन शनाका ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाये :** एशिया कप 2022 में भारत और पाकिस्तान को धूल चटानेवाली श्रीलंकाई टीम नामीबिया के खिलाफ संघर्ष करते दिखायी दी। टीम की बल्लेबाजी की बात करें तो दसुन शनाका ने सबसे ज्यादा 29 और भनुका राजपक्षे ने 20 रन बनाये। इसके अलावा धनंजय डिसिल्वा 12 और महेश तीक्षणा नाबाद 11 रन को छोड़कर कोई बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

**डेविड विसे और बर्नार्ड शोल्ट्ज ने की घातक गेंदबाजी :** ओपनर पथुन निशंका नौ और कुशल मेंडिस छह रन बनाकर आउट हुए। दनुष्का गुणथिलक और प्रमोद मधुशन डक पर आउट हुए। वनिंदु हसरंगा 4, चमिका करुणारत्ने 5 और दुष्मंथा चमीरा ने 8 रन बनाए। नामीबिया के लिए डेविड विसे, बर्नार्ड शोल्ट्ज, बेन शिकोंगो और जान फ्रिलिंक ने 2-2 विकेट लिए। वहीं, जेजे स्मित ने एक विकेट लिया। विसे ने केवल 16 और शोल्ट्ज ने केवल 18 रन दिए।

### टी-20 में फुल मेंबर टीम के खिलाफ एसोसिएट टीम की तीसरी बड़ी जीत

**टी-20** में फुल मेंबर टीम के खिलाफ एसोसिएट टीम की तीसरी सबसे बड़ी जीत थी। सबसे बड़ी और दूसरी बड़ी जीत अफगानिस्तान के नाम है। टीम ने 2016 में दोनों ही मैचों में जिम्बाब्वे को हराया था। इसके बाद नामीबिया का नाम है, जिसने श्रीलंका को हराया। चौथे नंबर पर यूएई है। टीम ने 2021 में आयरलैंड के हराया था।

## गोल्डी का ओलंपिक 2028 में पदक जीतने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बोकारो जिला तीरंदाजी संघ के द्वारा राष्ट्रीय खेल के स्वर्ण पदक विजेता गोल्डी मिश्रा को सम्मानित किया गया। गोल्डी अगला लक्ष्य ओलंपिक 2028 को केंद्र बिंदु में रख कर अभ्यास करने व लक्ष्य हासिल करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी। संघ के अध्यक्ष अनील कुमार व संयुक्त सचिव राकेश कुमार ने श्री मिश्रा के परिवार के साथ मिलकर आवास में चंदनकियारी से गुजरात तक के सफर व अभ्यास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और घर में अभ्यास करनेवाले स्थल का भ्रमण किया।



श्री गोल्डी ने राष्ट्रीय खेल में पदक जीतने के लिए मूलभूत सुविधाएं व संसाधन के अभाव में भी कठोर तपस्या व अभ्यास कर स्वर्ण पदक जीता है। श्री गोल्डी अपने प्रदर्शन को उच्चस्तरीय करने के लिए डे-बोर्डिंग सेंटर, चंदनकियारी में अभ्यास के बाद अपने आवास के पीछे खाली पड़े भूमि पर सामान्य लकड़ी से टारगेट का स्वरूप बना कर दिनभर अभ्यास करता था। तब जाकर आज राष्ट्रीय खेल, गुजरात में स्वर्ण पदक के लक्ष्य को हासिल किया। पूरे परिवार से बात करने के क्रम में श्री गोल्डी के दादी बोलती है कि अब गोल्डी ओलंपिक में पदक जीते और गोल्डी के उपलब्धि से पूरा घर उत्साहित है। पूरे परिवार की हार्दिक इच्छा है कि गोल्डी देश के लिए ओलंपिक में पदक जीते। इस अवसर पर गोल्डी के ओलंपिक में पदक जीतने के सपनों को साकार करने हेतु रिकर्व बो उपलब्ध कराने के लिए झारखंड सरकार के खेल मंत्री व खेल निदेशक को बोकारो जिला तीरंदाजी संघ की ओर से बहुत-बहुत दी गयी।

## 11 साल के बच्चे से प्रभावित हुए रोहित शर्मा, नेट्स पर गेंदबाजी के लिए बुलाया



**पर्थ (एजेंसी)।** युवा क्रिकेट प्रेमी 11 वर्षीय दर्शील चौहान के लिए वह यादगार पल था जब उन्हें टी-20 विश्व कप से पहले भारत के अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान रोहित शर्मा को गेंदबाजी करने का मौका मिला। सुबह के सत्र के दौरान वाका के मैदान पर कई बच्चे मौजूद थे जिनमें दर्शील भी शामिल था। उन्होंने अपने गेंदबाजी एक्शन से सभी को प्रभावित किया और जब भारतीय टीम दोपहर के अभ्यास सत्र के लिए पहुंची तो कप्तान रोहित शर्मा ने उन्हें नेट्स पर गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी किये गये वीडियो में भारतीय टीम के विश्लेषक हरिप्रसाद मोहन ने कहा, हम दोपहर बाद अभ्यास सत्र के लिए वाका में थे और तब बच्चे अपने सुबह के सत्र का समापन कर रहे थे। हमने अपने ड्रेसिंग रूम से लगभग 100 बच्चों को क्रिकेट खेलते हुए देखा। इनमें से एक बच्चे ने सभी का विशेषकर रोहित का ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि हर कोई उसके रनअप और नैसर्गिक प्रतिभा से प्रभावित था। वह लगातार बल्लेबाज को परेशान कर रहा था। रोहित ने उसे नेट्स पर गेंदबाजी करने के लिए बुलाया। दर्शील को टीम के ड्रेसिंग रूम में भी बुलाया गया और उन्होंने प्रशिक्षकों और अन्य सदस्यों के साथ भी कुछ समय बिताया। दर्शील बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पसंदीदा गेंद इनस्विंग यार्कर है और उन्हें आउटस्विंग भी कराना पसंद है। नेट सत्र के बाद रोहित ने दर्शील से कहा कि आप यहां पर्थ में रहते हो तो फिर भारत के लिए कैसे खेल पाओगे?' इस पर दर्शील ने कहा, जब मुझे लगेगा कि मैं बहुत अच्छा खेल रहा हूं तो मैं भारत आ जाऊंगा।

## अभी बहुत काम करना है बाकी : गेरहार्ड इरास्मस

**मेलबर्न (एजेंसी)।** श्रीलंका के खिलाफ जिलॉन्ग के सिमोंड्स स्टेडियम में खेले गए टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के पहले मैच में नामीबिया ने 55 रन से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। मैच के बाद नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने हमने शानदार जीत की शुरुआत की है, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट में अभी बहुत काम करना बाकी है। मैच के बाद प्रेस वार्ता में इरास्मस ने कहा, अतुल्य यात्रा, पिछला साल हमारे लिए एक विशेष अनुभव था। हमने शानदार जीत की शुरुआत की है, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट में अभी बहुत काम करना बाकी है। यह हमारे लिए ऐतिहासिक दिन रहा है। उद्घाटन का दिन काफी खास रहा है लेकिन हम यहां से शुरुआत करना चाहते हैं और सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं। हम बड़ी तस्वीर को भी समझते हैं।

## बैडमिंटन चैंपियनशिप के अंडर-11 में रांची के संविथ रमेश व धनबाद की काव्या किरण विजेता



- बैडमिंटन चैंपियनशिप के अंडर-13 में प्रणीत रंजन सिन्हा व अक्शा फिरदौस विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बैडमिंटन चैंपियनशिप के बालक वर्ग सिंगल अंडर-11 में रांची के संविथ रमेश ने गोड्डा के प्रिंस कुमार को हराकर विजेता बना, बालिका सिंगल अंडर-11 में धनबाद की काव्या किरण ने पूर्वी सिंहभूम की यशस्वी श्रीवास्तव को हराया। बालक डबल अंडर-11 में गोड्डा के प्रिंस कुमार तथा धनबाद के रेधाम चटर्जी ने आदित्य भारद्वाज तथा मोहम्मद मुजाहिद रजा की जोड़ी को हराया। बालक सिंगल अंडर-13 में रांची के प्रनीत रंजन सिन्हा ने रांची के ही संविथ रमेश को हराया, बालिका सिंगल अंडर-13 में बोकारो की अक्सा फिरदौस ने धनबाद की काव्या किरण को हराया, बालक डबल अंडर-13 में रांची के प्रनीत रंजन सिंहा तथा संविथ रमेश की जोड़ी ने अंकित श्रीवास्तव तथा श्रेयांश केसरी की जोड़ी को हराकर विजेता बना, बालिका डबल अंडर-13 में अनुष्का कच्छप तथा अक्सा फिरदोस की जोड़ी ने रांची के शांभवी बर्मन तथा स्वर्णिम की जोड़ी को हराया, मिक्स डबल अंडर-13 में रांची के प्रनीत रंजन सिन्हा तथा बोरा हंसीथा की जोड़ी ने प्रिंस कुमार तथा काव्या किरण की जोड़ी को हराकर विजेता बना। सभी रनर तथा विनर को प्रशस्ति पत्र तथा ट्राफी प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सभी विजेता राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## प्रो कबड्डी लीग : बंगाल की लगातार तीसरी जीत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बंगाल वॉरियर्स ने श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में खेले गये वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन में 21वें मैच में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को 54-26 के अंतर से हरा दिया। यह इस सीजन में किसी टीम की अब तक की सबसे

- तीन बार के चैम्पियन पटना को 28 अंक से हराया



बड़ी जीत है। हैरानी की बात यह है कि लगातार तीन सीजन तक मैट पर दबदबा बनाए रखने वाली पटना की टीम को चार मैचों में एक भी जीत नहीं मिल सकी है। तीन मैचों में उसे हार मिली है जबकि एक मैच टाई रहा है। बंगाल की जीत में उसके कप्तान और स्टार रेडर मनिंदर सिंह (12) और श्रीकांत जाधव (9) का अहम योगदान रहा। डिफेंस ने भी 14 अंक अपने नाम किए। पटना की ओर से केवल सचिन तंवर (12) प्रभावित कर सके जबकि डिफेंस ने 26 फेल्ड टैकल्स किए। पटना के डिफेंस को सिर्फ 7 अंक मिले। इस सीजन का अपना तीसरा सुपर-10 लगाने वाले मनिंदर और बीते सीजन के सबसे सफल डिफेंडर पटना के स्टार डिफेंडर मोहम्मदरेजा शादलू की जंग में बार-बार जीत मनिंदर की हुई और इसी कारण बंगाल ने एक समय 10-5 की लीड ली थी। फिर बंगाल ने बीते सीजन के फाइनलिस्ट पटना को ऑल आउट कर 14-6 की लीड ले ली। सचिन हालांकि लगातार बंगाल को परेशान कर रहे थे। ऑलआउट के बाद सचिन ने एक बार फिर बंगाल के डिफेंस को तोड़ा और दो अंक लिए और फिर नीरज ने दीपक को लपक लिया। अगली रेड पर सुनील ने मनिंदर को लपक लिया। जाधव ने हालांकि सुपर रेड के साथ स्कोर 21-11 कर दिया। पटना के लिए सुपर टैकल आन था। फिर मनिंदर ने पटना को दूसरी बार ऑल आउट कर अपनी टीम को पहले हाफ तक 26-12 की लीड दिला दी। ब्रेक के बाद सचिन ने सुपर रेड के साथ सुपर-10 पूरा कर पटना की वापसी के संकेत दे दिए। मनिंदर ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर फिर शादलू का शिकार किया। अगली रेड पर मनिंदर ने तीसरा सुपर-10 पूरा किया। शादलू ने हालांकि अगली रेड पर मनिंदर का एंकल होल्ड कर लिया लेकिन जाधव ने सुपर टैकल की स्थिति में सुपर रेड लगाकर पटना को तीसरी बार ऑल आउट कर बंगाल को 39-19 से आगे कर दिया।

### पटना को मैच में तेजी लाने की थी जरूरत

**मैच** में चार मिनट बचे थे और अंकों का फासला 22 हो चुका था। अब पटना को मैच में तेजी लाने की जरूरत थी क्योंकि उसके रेडर अब तक सिर्फ 15 अंक जुटा सके थे जबकि बंगाल को रेड में 32 प्वाइटंस मिल चुके थे। पटना की टीम तमाम प्रयासों के बावजूद अपने खेल को उस स्तर तक नहीं पहुंचा सकी, जहां से वह जीत के मुहाने तक भी पहुंच सकती थी। और तो और खेल के 37वें मिनट में सब्सीट्यूट असलम थांबी ने सुपर रेड के साथ पटना को चौथी बार ऑल आउट कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

